

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,शुक्रवार 13 मार्च 2026 ■ चैत्र कृष्ण पक्ष-9 ■ वर्ष -41 ■ अंक-339 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 14 मार्च 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


# राजधानी में काटे जाएंगे छातिम के हजारों पेड़

**रायपुर,13 मार्च।** राजधानी रायपुर की आबोहवा को शुद्ध करने के बजाय उसे 'अस्थमा का घर' बनाने वाले छातिम ( 'डेविल ट्री' ) के पेड़ों को अब शहर से विदा किया जाएगा। भाजपा विधायक और पूर्व महापौर सुनील सोनी ने विधानसभा के बजट सत्र के दौरान इस गंभीर विषय को सदन में प्रमुखता से उठाया, जिसके बाद विभागीय मंत्री ओ.पी. चौधरी ने इन पेड़ों को जल्द से जल्द हटाने और उनके स्थान पर अन्य उपयोगी पौधे लगाने का आश्वासन दिया है।

सदन में चर्चा के दौरान सुनील सोनी ने कहा कि रायपुर में सुंदरता के नाम पर हजारों की संख्या में छातिम के पेड़ लगा दिए गए हैं, जो अब शहरवासियों के लिए मुसीबत बन चुके हैं।


**सांस की बीमारी :** छातिम के फूलों से निकलने वाली तीखी गंध और परागकण हवा में घुलकर लोगों को अस्थमा और ब्रोंकाइटिस का शिकार बना रहे हैं।

**गर्भवती महिलाओं के लिए जोखिम:** विधायक ने दावा किया कि इन पेड़ों से निकलने वाले एलर्जेन गर्भवती महिलाओं और छोटे बच्चों के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत संवेदनशील और खतरनाक हैं।

**अन्य राज्यों का उदाहरण:** चर्चा में बताया गया कि मध्य प्रदेश समेत देश के कई अन्य राज्यों ने इसके दुष्प्रभावों को देखते हुए सार्वजनिक स्थानों से इन पेड़ों को हटाने का निर्णय पहले ही ले लिया है।

**इन पेड़ों के फूलों से लोग पड़ रहे हैं बीमार, विधानसभा में उठा मुद्दा**

**बदले में लगेंगे फलदार और छायादार वृक्ष - मंत्री का आश्वासन**-विभागीय मंत्री ओ.पी. चौधरी ने इस मुद्दे की गंभीरता को स्वीकार करते हुए कहा कि जन-स्वास्थ्य सर्वोपरि है। उन्होंने सदन को आश्वस्त किया कि रायपुर शहर के मास्टर प्लान और सौंदर्यीकरण के तहत लगे इन हानिकारक पेड़ों को चिन्हित कर चरणबद्ध तरीके से हटाया जाएगा। इनके स्थान पर नीम, पीपल, बरगद और फलदार वृक्षों को प्राथमिकता दी जाएगी जो पर्यावरण के अनुकूल हों।



**क्यों विवादों में है 'डेविल ट्री'**- वैज्ञानिक रूप से 'सप्तपर्णी' कहे जाने वाले इस पेड़ को 'डेविल ट्री' भी कहा जाता है। सर्दियों की शुरुआत (अक्टूबर-नवंबर) में इसमें खिलने वाले फूलों की गंध इतनी तेज होती है कि स्वस्थ व्यक्ति को भी सिरदर्द और बेचैनी होने लगती है। विशेषज्ञों के अनुसार, इसके परागकण हवा की गुणवत्ता को सीधे तौर पर प्रभावित न करते हुए भी फेफड़ों के लिए 'स्लो पॉइजन' का काम करते हैं। रिहायशी इलाकों और स्वास्थ्य के नजरिए से इसके कुछ गंभीर नुकसान भी हैं, जिन्हें ध्यान में रखना जरूरी है:

**सांस और एलर्जी की समस्या**-छातिम के पेड़ में अक्टूबर से दिसंबर के बीच फूल आते हैं। इन फूलों की गंध बहुत तेज और तीखी होती है।

**अस्थमा और ब्रोंकाइटिस :**इसकी तेज गंध और पराग कण हवा में फैल जाते हैं, जिससे अस्थमा, साइनस और सांस की बीमारियों से जूझ रहे लोगों की परेशानी बढ़ जाती है।

**एलर्जी:**इसके पराग कणों से आंखों में जलन, छींक आना और त्वचा पर रैशेज होने की समस्या हो सकती है।

**जहरीला दूध** -पेड़ की पत्तियों या टहनी को तोड़ने पर एक सफेद गाढ़ा दूध जैसा पदार्थ निकलता है।यह लैटेक्स जहरीला हो सकता है। अगर यह आंखों में चला जाए, तो गंभीर जलन और सूजन पैदा करता है। त्वचा के संपर्क में आने पर यह खुजली या 'कॉन्टैक्ट डर्मेटाइटिस' का कारण बन सकता है।

**पारिस्थितिकी तंत्र पर प्रभाव** :अन्य पौधों के लिए हानिकारकः छातिम का पेड़ बहुत तेजी से फैलता है और आसपास के छोटे पौधों की धूप और पोषण सोख लेता है। इसके पत्तों में मौजूद कुछ रसायनों के कारण इसके नीचे अन्य पौधों का उगना मुश्किल हो जाता है।

**पक्षी और कीट:** इसकी तीखी गंध के कारण कई पक्षी और कीट इस पर बसेरा करना पसंद नहीं करते।

**वास्तु और स्थान का चयन**-वास्तु शास्त्र और बागवानी विशेषज्ञों के अनुसार, इस पेड़ को घर के एकदम पास नहीं लगाना चाहिए। इसकी जड़ें काफी गहरी और आक्रामक हो सकती हैं, जो घर की दीवारों या नींव को नुकसान पहुंचा सकती हैं।

## दुग्ध उत्पादन पर घिरी सरकार

**रायपुर,13 मार्च।** विधानसभा बजट सत्र के प्रश्नकाल में गौवंश, कृत्रिम गर्भाधान, दुग्ध उत्पादन और मादा पशुओं की प्रजनन नीति जैसे अहम मुद्दों की गूंज रही है। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने मादा गौवंशीय पशुओं की संख्या, गर्भाधान नीति और टीकाकरण व्यवस्था पर सवाल उठाए। चंद्राकर ने कहा, 'दुग्ध उत्पादन में हम आत्मनिर्भर नहीं हैं, इस क्षेत्र में स्थिति बहुत दयनीय है, जबकि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आरोप लगाया कि सरकार आपकी है, काम आप नहीं कर पा रहे और आरोप हम पर लगा रहे हैं। इसी दौरान चिराग परियोजना और नए केंद्रों की स्थापना पर भी चर्चा हुई। रहेगी विपक्षी नेता चरणदास महंत ने गांवों की बछिया और कृत्रिम गर्भाधान के मुद्दे को सामने रखा, जबकि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने चिराग परियोजना की राशि और कार्यप्रगति पर सवाल किए। कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने योजनाओं की स्थिति, राष्ट्रीय गोकुल मिशन और निजी क्षेत्र की भागीदारी पर जानकारी दी।

**अजय चंद्राकर बोले- अभी आत्मनिर्भर नहीं प्रदेश**

## गेहूं के खेत में मिला दंतैल हाथी का शव

**सूरजपुर,13 मार्च।** जिले के वन परिक्षेत्र प्रतापपुर के करंजवार गांव में एक नर दंतैल हाथी का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। हाथी का शव गांव के पास एक गेहूं के खेत में पड़ा मिला। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल हाथी की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत की असली वजह सामने आएगी। बताया जा रहा है कि क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से हाथियों की गतिविधि देखी जा रही थी। वन विभाग की टीम आसपास के इलाके में भी जांच कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि हाथी की मौत किन परिस्थितियों में हुई।

## 15 मार्च को आएंगे शंकराचार्य

**रायपुर,13 मार्च।** स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का 15 मार्च से तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरा प्रस्तावित है। उनके मीडिया प्रभारी अशोक साहू ने बताया कि शंकराचार्य रविवार को अहमदाबाद से रायपुर पहुंचेंगे, जहां रायपुर विमानतल पर श्रद्धालु उनका भव्य स्वागत करेंगे और दर्शन लाभ प्राप्त करेंगे। विमानतल से उनका काफिला राजीव नगर स्थित आलोक सिंह के निवास पहुंचेगा, जहां सिंह परिवार द्वारा पादुका पूजन किया जाएगा। इसके बाद शंकराचार्य सपाद लक्षेश्वर धाम सलधा के लिए रवाना होंगे। सलधा धाम में दंडी स्वामी श्रीमज्ज्योतिर्मानंद सरस्वती द्वारा उनका स्वागत-पूजन किया जाएगा। 16 और 17 मार्च को शंकराचार्य नवनिर्मित सवा लाख शिवलिंग मंदिर का निरीक्षण कर निर्माण कार्य में लगे लोगों को मार्गदर्शन देंगे।

18 मार्च की सुबह वे सलधा धाम से प्रस्थान कर बेमेतरा के कृष्णा विहार स्थित कमलेश दत्त दुबे के निवास पहुंचेंगे, जहां दुबे परिवार द्वारा उनका स्वागत व पादुका पूजन किया जाएगा। इसके बाद वे बिलासपुर के ग्राम चिचिरदा स्थित कुंज कुटीर फार्महाउस में अपने शिष्य हरीश शाह के यहां जाएंगे. जहां सनातन धर्मावलंबियों और गौभक्तों द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा।

## विधानसभा में गौवंश, अलसी बीज और मंदिर जीर्णोद्धार पर हंगामा

**रायपुर,13 मार्च।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के दसवें दिन प्रश्नकाल के दौरान गौवंश, दुग्ध उत्पादन, अलसी बीज वितरण और मंदिरों के जीर्णोद्धार जैसे मुद्दों पर सदन में तीखी बहस हुई। पशुपालन एवं कृषि मंत्री रामविचार नेताम को सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के सवालों का सामना करना पड़ा। प्रश्नकाल में भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने प्रदेश में गौवंशीय पशुओं की संख्या, दुग्ध उत्पादन और कृत्रिम गर्भाधान केंद्रों को लेकर सवाल उठाए। मंत्री रामविचार नेताम ने जवाब देते हुए बताया कि 20वीं पशु गणना 2019 के अनुसार राज्य में 99.84 लाख गौवंशीय पशु हैं, लेकिन दुग्ध उत्पादन के मामले में छत्तीसगढ़ अभी आत्मनिर्भर नहीं है। उन्होंने कहा कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के अनुसार प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 300 ग्राम दूध उपलब्धता का मानक है, जबकि राज्य में 2024-25 में यह औसत 194 ग्राम प्रतिदिन है। मंत्री ने बताया कि राज्य में 1585 संस्थाओं के माध्यम से कृत्रिम गर्भाधान का कार्य किया जा रहा है और 800 प्रशिक्षित निजी कार्यकर्ता भी इस कार्य में लगे हैं। वर्ष 2023-24 से 2025-26 के बीच 16.93 लाख कृत्रिम गर्भाधान किए गए, जिस पर 1071.55 लाख रुपये खर्च हुए। सदन में चिराग परियोजना को लेकर भी सवाल उठे। मंत्री ने बताया कि यह परियोजना 12 फरवरी 2021 से लागू की गई थी, जिसकी अवधि 31 जुलाई 2026 तक निर्धारित थी, लेकिन अपेक्षित प्रगति नहीं होने के कारण इसे 26 मार्च 2025 से बंद कर दिया गया। उन्होंने बताया कि कोविड के कारण कार्य प्रभावित होने से केंद्र सरकार से मिली 183 करोड़ रुपये की राशि का उपयोग नहीं हो सका और उसे वापस करना पड़ा। इस मुद्दे पर नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने प्रदेश में गौवंश तस्करी और पशुओं के वध पर चिंता जताते हुए छोटे बछड़ों से दूध उत्पादन बढ़ाने की योजना और टीकाकरण की सफलता दर की जानकारी मांगी। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने चिराग परियोजना में विश्व बैंक से मिली राशि को लेकर सवाल उठाया। मंत्री ने कहा कि कोविड के कारण योजना का उपयोग महज एक प्रतिशत ही हो पाया, इसलिए राशि सरेंडर करनी पड़ी।

प्रश्नकाल में कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने रायगढ़ जिले में अलसी उत्पादन के लिए वितरित बीजों में भारी मात्रा में रिजेक्शन का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि 158.49 क्विंटल बीज रिजेक्ट कर दिया गया, जिससे किसानों के लगभग 85 प्रतिशत रकबे पर असर पड़ा।

मंत्री ने जवाब में कहा कि किसानों को पर्याप्त प्रशिक्षण नहीं मिलने के कारण अपेक्षित उत्पादन नहीं हो सका। उन्होंने माना कि यदि अधिकारियों की लापरवाही सामने आती है तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने कहा कि अलसी के डंठल से वस्त्र बनाए जा सकते हैं, जिससे किसानों की आय बढ़ सकती है, इसलिए अच्छी गुणवत्ता के बीज उपलब्ध कराए जाने चाहिए। इस पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की। मंत्री ने कहा कि पूरे मामले की जांच सक्षम अधिकारी से कराई जाएगी। वहीं कांग्रेस विधायक इंद्र साव ने बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में मंदिरों और धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार का मुद्दा उठाया।

## ईरान ने मार गिराया अमेरिका का केसी-135 विमान

**तेहरान,13 मार्च।** ईरान के सरकारी मीडिया के मुताबिक पश्चिमी इराक में सक्रिय रेजिस्टेंस फ्रंट के लड़ाकों ने अमेरिका के एक केसी-135 स्टेटोस टैंकर रिफ्यूलिंग विमान को मिसाइल से निशाना बनाया है। ईरान ने दावा किया कि यह विमान उस समय आसमान में उड़ रहा था और एक लड़ाकू विमान में हवा में ही ईंधन भर रहा था। इसी दौरान इस विमान पर एयर डिफेंस सिस्टम से टारगेट कर दिया गया। मिडिल ईस्ट में जारी भीषण तनाव के बीच एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां अमेरिका को एक बड़ा झटका लगा है। दरअसल अमेरिका का एक रिफ्यूलिंग विमान इराक के आसमान में क्रैश हो गया है। जिसे लेकर ईरान की तरफ से बड़ा दावा सामने आ रहा है। ईरान ने दावा किया है कि इराक में सक्रिय विद्रोही गुटों ने अमेरिका के एक शक्तिशाली सैन्य विमान को मार गिराया है। हालांकि ईरान के इन दावों को अमेरिका ने पूरी तरह से खारिज कर दिया है। लेकिन विमान के क्रैश होने की खबर को अमेरिका ने सच बताया है। दरअसल ईरान के सरकारी मीडिया के मुताबिक पश्चिमी इराक में सक्रिय रेजिस्टेंस फ्रंट के लड़ाकों ने अमेरिका के एक केसी-135 स्टेटोस टैंकर रिफ्यूलिंग विमान को मिसाइल से निशाना बनाया है। ईरान ने दावा किया कि यह विमान उस समय आसमान में उड़ रहा था और एक लड़ाकू विमान में हवा में ही ईंधन भर रहा था। इसी दौरान इस विमान पर एयर डिफेंस सिस्टम से टारगेट कर दिया गया। ईरान के रिवोलशनरी गार्ड कॉप्स यानी आईआरजीसी के जनसपर्क विभाग ने भी एक बयान जारी किया जिसमें उन्होंने बताया कि रजिस्टेंट फ्रंट की एयर डिफेंस यूनिट ने इस अमेरिकी विमान को सफलतापूर्वक मार गिराया है। ईरान के इस दावे के सामने आने के बाद से पूरी दुनिया में चर्चा तेज हो गई। क्योंकि केसी-135जैसे विमान अमेरिकी सेना के सबसे अहम रणनीतिक विमानों में से गिने जाते हैं।

## 'पीरियड्स लीव' पर नीति बनाने की मांग वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली,13 मार्च।** सुप्रीम कोर्ट ने कामकाजी महिलाओं और छात्राओं के लिए अनिवार्य 'पीरियड्स लीव' की जनहित याचिका खारिज कर दी है। अदालत ने कहा कि इसे कानून बनाने से महिलाओं की नौकरियों और करियर पर खतरा पैदा हो सकता है। जानिए कोर्ट की अहम टिप्पणियां।

**इससे महिलाओं का करियर खत्म हो जाएगा, कोई नौकरी भी नहीं देगा: सुको**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उस जनहित याचिका (PIL) पर विचार करने से साफ इनकार कर दिया, जिसमें कामकाजी महिलाओं और छात्राओं के लिए देशव्यापी 'मासिक धर्म अवकाश' लागू करने की नीति बनाने की मांग की गई थी। शीर्ष अदालत ने एक अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर इस तरह का प्रावधान कानूनन लागू कर दिया गया, तो कंपनियां महिलाओं को नौकरी देने से कतराएंगी और इससे अनजाने में महिलाओं के प्रति लैंगिक रूढ़िवादिता को ही बढ़ावा मिलेगा। हालांकि, अदालत ने याचिका का निपटारा करते हुए यह स्पष्ट किया कि सरकार और संबंधित अधिकारी इस मामले में सभी हितधारकों से परामर्श करके नीति बनाने की संभावना पर विचार कर सकते हैं। इस मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ कर रही थी। पीठ ने टिप्पणी की करते हुए कहा- ये याचिकाएं महिलाओं को कमतर आंकने और यह जताने के लिए होती हैं कि मासिक धर्म उनके साथ होने वाली कोई बुरी चीज है... यह एक सकारात्मक अधिकार है... लेकिन उस नियोक्ता के बारे में भी सोचिए जिसे इसके लिए वैतनिक अवकाश देना होगा। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने कानून के जरिए मासिक धर्म अवकाश को अनिवार्य बनाने के सामाजिक और पेशेवर परिणामों पर गहरी चिंता जताई। पीठ ने कहा कि इस तरह के कदमों से कार्यस्थल पर महिलाओं की छवि और उनके पेशेवर विकास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।अदालत ने कहा- स्वैच्छिक रूप से (अपनी मर्जी से) छुट्टी देना बहुत अच्छा है। लेकिन जैसे ही आप कहते हैं कि यह कानूनन अनिवार्य है, तो कोई उन्हें नौकरी नहीं देगा।

## डबल मर्डर के आरोपी की दोनों टांगों पर योगी की पुलिस ने मारी गोली

**लखनऊ,13 मार्च।** बदायूं पुलिस ने एचपीसीएल प्लांट के डिप्टी जनरल मैनेजर और एजीएम की हत्या के आरोपी अजय प्रताप सिंह उर्फ रामू को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, हत्या में इस्तेमाल किए गए तमंचे की बरामदगी के लिए ले जाते समय आरोपी ने अचानक पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। इसके जवाब में पुलिस ने भी कार्रवाई करते हुए गोली चलाई। इस मुठभेड़ में आरोपी के दोनों पैरों में गोली लगी है, जबकि पुलिस कार्रवाई के दौरान सिपाही ओमबीर सिंह भी घायल हो गए। उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले में 12 मार्च की दोपहर हिंदुस्तान पेट्रोलियम के सीबीजी (कंप्रेस्ड बायोगैस) प्लांट में घुसकर डीजीपी और असिस्टेंट सेल्स मैनेजर की दिनदहाडे गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गए। प्रारंभिक जांच में नौकरी से निकाले जाने से नाराज एक पूर्व कर्मचारी पर हमला करने का आरोप लगा है। पुलिस ने आरोपी पूर्व कर्मचारी अजय प्रताप सिंह को गिरफ्तार कर लिया है।

घटना दातागंज तहसील क्षेत्र के मूसाझाग थाना इलाके के गांव सैंजनी स्थित एचपीसीएल प्लांट की है। पुलिस के मुताबिक, प्लांट के डीजीएम सुधीर गुप्ता और असिस्टेंट सेल्स मैनेजर हर्षित मिश्रा 12 मार्च दोपहर करीब एक बजे कार्यालय में मौजूद थे। इसी दौरान सैंजनी गांव का रहने वाला प्लांट का पूर्व कर्मचारी अपने साथियों के साथ बोलेरो से प्लांट में घुस आया। आरोपी प्लांट में पहुंचते ही अधिकारियों से गाली-गलौज करने लगा। अधिकारियों ने इसका विरोध किया तो उसने अपने साथियों के साथ मिलकर ताबड़-तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। घायल सुधीर गुप्ता और हर्षित मिश्रा को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।बताया जा रहा है कि आरोपी को करीब तीन महीने पहले कंपनी ने ब्लैकलिस्ट कर नौकरी से निकाल दिया था। तभी से उसका अफसरों से विवाद चल रहा था। पुलिस के अनुसार, आरोपी पहले भी अधिकारियों को जान से मारने की धमकी दे चुका था और इस संबंध में मामला अदालत में भी चल रहा था। खतरे की आशंका को देखते हुए अधिकारियों की ओर से पुलिस से सुरक्षा की मांग भी की गई थी। घटना की सूचना मिलते ही डीएम अवनीश राय, एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह और बरेली रेंज के डीआईजी मौके पर पहुंच गए। पुलिस और फरेंसिक टीम ने घटनास्थल से सबूत जुटाए है।

**अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की टी-20 ट्राफी पर भी भारत का कब्जा**

## क्रिकेट में भारतीयों के धमाकेदार प्रदर्शन का सिलसिला जारी

✍ **जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

कपिल देव के नेतृत्व वाली भारतीय क्रिकेट टीम 1983 में तीसरे एक दिवसीय मुकाबले की विश्व विजेता बनी इसके साथ ही हमारे देश में फुटबाल, हाकी, टेनिस, एथलेटिक्स शतरंज, बेडमिंटन आदि खेलों की लोकप्रियता को पीछे छोड़ते हुए किक्रेट ने भारतीय दिलों में जगह बनानी शुरू की। भारतीय खेल जगत के लिए इस 1983 को टर्निंग प्लाइंट कह सकते हैं। पांच दिवसीय टेस्ट मैच के प्रति क्रिकेट प्रेमियों की चाहत डगमगाने लगी तभी 60-60 ओवर की दो पारी के टक्कर की शुरूवात हुई. इंटरनेशनल क्रिकेट परिषद (आई .सी.सी.) के दूरगामी निर्णय ने न सिर्फ क्रिकेट की इस सर्वोच्च संस्था को नई दिशा मिली बल्कि टेस्ट मैच के जरिए क्रिकेट के संघर्ष को ऊबाऊ कहने वालों के मुंह बंद हो गए । क्रिकेट की प्रसिद्धि को दूसरे देशों तक पहुंचाने के लिए एक दिवसीय स्पर्धा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अधिकृत रूप से 8 से 10 देशों में खेले जाने वाले क्रिकेट के टेस्ट मैच प्रतियोगिता के अलावा एक दिवसीय प्रतियोगिता के माध्यम से अब संसार के विभिन्न महाद्वीपों के 20 से अधिक देशों तक पहुंचा दिया है .आई.सी.सी से कर्त्ताधिर्ताओं की दूरगामी निर्णय के पीछे इस खेल को सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं बल्कि आय का स्रोत बनाना था। इसी वजह से 50.50 ओवर से भी मैच का छोटा रूप 20-20 ओवर का चैंपियनशिप आरंभ कर दिया गया। उल्लेखनीय है कि भारतीय खिलाड़ियों में टी-20 खेलने लायक अद्भुत क्षमता इंडियन प्रीमियर लीग (आई.पी.एल.) के माध्यम से देखने को मिला। भारत को 2007 में कप्तान महेन्द्र धोनी के नेतृत्व में टी-20 विश्व कप फिर 2011 में एक दिवसीय विश्व कप टूर्नामेंट जीतने का सौभाग्य मिला। 2024 में कप्तान रोहित शर्मा की अगुवाई में भारत ने टी-20 विश्व कप जीता और अब नये कप्तान सूर्य कुमार यादव ने 2026 में टी-20 विश्वकप पुरुष वर्ग का खिताब जीतकर एक बार फिर भारत का नाम रौशन कर दिया। और




बड़े ही अनिश्चय, उतार चढ़ाव के दौर से गुजरते हुए भारत व श्रीलंका में हाल में संपन्न प्रतियोगता को जीत लिया। इस स्पर्धा के दौरान प्रत्येक भारतीय खिलाड़ी ने अपने चयन को साबित किया। विराट कोहली, रोहित शर्मा तथा रवीन्द्र जडेजा के टी-20 से सन्यास ले लेने के पश्चात भारतीय टीम ने जिस एकता, जोश के साथ भारतीय क्रिकेट को हमारे देश के खेल इतिहास में स्थापित किया है। उसकी जितने भी तारीफ की जाए कम है। गत दिनों अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में हमारे खिलाड़ियों ने पहले अंग्रेजों को धुल चटाई ठीक उसी तरह न्यूजीलैंड का हाल बेहाल कर दिया। भारतीय की जीत ने क्रिकेट की लोकप्रियता को न सिर्फ देश के अंदर बल्कि भारतीय उप महाव्दीप में फैला दिया। हमारे सभी खिलाड़ियों ने देश की प्रतिष्ठा को दांव पर लगाते हुए अपनी-अपनी सकारात्मक भूमिका निभाई। जसप्रीत बुमराह, सूंज सैमसन, ईशान किशन, अभिषेक शर्मा ने अपने कप्तान सूर्य कुमार यादव के भरोसे को ठेस नहीं लगने दी। यह जरूर निंदनीय है कि पाकिस्तान क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने खेल भावना को आघात लगाने की असफल कोशिश की फिर भी आखिरकार जीत क्रिकेट की हुई।

## कारोबारी के 10 लाख लेकर मुंशी फरार

**रायपुर,13 मार्च।** राजधानी रायपुर में एक कारोबारी के 10 लाख रुपए लेकर मुंशी फरार हो गया। आरोपी पार्टियों से पैसे लेकर भाग निकला। पीड़ित कारोबारी की शिकायत पर ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला गंज थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक पीड़ित कारोबारी का नाम विजय गोयल है, जबकि आरोपी मुंशी का नाम अनिल साल्वे है। फिलहाल, पुलिस आरोपी के खिलाफ केस दर्ज तलाश शुरू कर दी है।

देवेंद्र नगर निवासी कारोबारी विजय गोयल ने पुलिस को बताया कि उसकी 'आयरन एंड स्टील ट्रेडिंग' कंपनी है। स्टेशन रोड स्थित अरिहंत कार्यालय में उसका ऑफिस है। कंपनी के लेन-देन से जुड़े पैसों को पार्टियों से लाना और बैंक में जमा करना मुंशी अनिल साल्वे की जिम्मेदारी थी।

अनिल साल्वे ने अलग-अलग पार्टियों से करीब 10 लाख रुपए लिए, लेकिन रकम बैंक में जमा नहीं की। पैसे लेने के बाद वह फरार हो गया। कारोबारी ने जब अनिल साल्वे से संपर्क करने की कोशिश की तो उसका मोबाइल फोन बंद मिला। गंज पुलिस मामले में केस दर्ज करके जांच कर रही है। गंज थाना प्रभारी सुनील दास ने बताया कि कारोबारी की शिकायत के आधार पर आरोपी अनिल साल्वे के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और आरोपी की तलाश जारी है।

## पाकिस्तान ने अफगानी शहरों पर किया हमला

**करांची,13 मार्च।** पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर एयरस्ट्राइक की है। अफगानिस्तान में काबुल से कंधार तक बमबारी हुई और धमाकों की आवाज सुनी गई। पाकिस्तान के इस हमले में चार लोगों की मौत हुई है।एक पाकिस्तानी सुरक्षा अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर इस बात की पुष्टि की कि पाकिस्तान ने रात में हमला किया था। उन्होंने बताया कि उनकी सेनाओं ने पाकिस्तानी तालिबान समूह को निशाना बनाया।काबुल पुलिस के प्रवक्ता खलील जादरान ने बताया कि राजधानी में घरों पर हुई बमबारी में चार लोग मारे गए और 15 घायल हो गए। तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्ला मुजाहिद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए बताया, 'पाकिस्तानी हमलों ने दक्षिणी प्रांत कंधार को भी निशाना बनाया, जहां प्रशासन के सर्वोच्च नेता रहते हैं।

# आदिनाथ भगवान की प्रतिमा की शोभायात्रा के बाद किया मंगल अभिषेक व विधान पूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 13 मार्च।** जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान 1008 ऋषभदेव आदिनाथ की अष्टधातु प्रतिमा को विराजमान कर त्रिवेणी जैन तीर्थ से गुरुद्वारा रोड मार्ग होते हुए भव्य शोभायात्रा निकाली गई। दो पालकियों में विराजित प्रतिमा को केसरिया धोती-दुपट्टा धारण किए युवाओं ने कंधों पर उठाकर बैंड-बाजे और जयकारों के बीच नगर भ्रमण कराया। शोभायात्रा में भिलाई, दुर्ग तथा मध्य प्रदेश से आए सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। युवाओं ने बारी-बारी से पालकी को कंधों पर उठाकर नगर भ्रमण कराया। इसके बाद पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में आदिनाथ भगवान की अष्टधातु प्रतिमा का श्रद्धालुओं द्वारा मंगल अभिषेक किया गया। इस अवसर पर संतोष कुमार जैन, श्रीमती सरोज जैन, अरविंद जैन, नवीन जैन, निशांत जैन, ज्ञानचंद जैन, गौरव बाकलीवाल, डॉ. अंशुल जैन, प्रमोद जैन, प्रतीक नाहर, प्रांशु नाहर सहित कई श्रद्धालुओं ने जल से भरे कलशों से शांति धारा का सौभाग्य प्राप्त किया। वहीं प्रदीप जैन बाकलीवाल, जिनेंद्र जैन, मुकेश जैन, वरुण जैन, सिंपी जैन, संजीव जैन, राजू जैन, संजय जैन, सुनील जैन, अशोक निगोटिया, अरुण बाकलीवाल, राहुल जैन सहित अन्य श्रद्धालुओं ने भी शांति धारा में सहभागिता की। कार्यक्रम के अंतर्गत श्री पारसनाथ दिगंबर जैन सभा के तत्वावधान में आदिनाथ भगवान का विधान पूजन भी संपन्न हुआ, जिसमें महिलाओं एवं पुरुषों ने भक्ति भाव से मंगल कलश स्थापना, देव-शास्त्र-गुरु पूजन तथा अष्ट द्रव्य अर्पित कर मंगल आरती की। विधान पूजन की धार्मिक क्रियाएँ वरुण जैन, श्रीमती साधना जैन बाकलीवाल एवं श्रीमती नीना जैन द्वारा संपन्न कराई गईं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दुर्ग-भिलाई के श्रद्धालु शामिल हुए और रात्रि में भक्ताम्बर पाठ का आयोजन भी किया गया।

## जल संरक्षण जरूरत भी, कर्तव्य भी नगर निगम की नागरिकों से अपील

**भिलाई, 13 मार्च (तछसं.)।** बढ़ती गर्मी और तापमान में लगातार वृद्धि के कारण जल स्रोतों पर बढ़ते दबाव को देखते हुए नगर निगम ने जल संरक्षण को लेकर पहल तेज कर दी है। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार सभी जोन क्षेत्रों में सार्वजनिक खुले नलों में टोटी लगाने का कार्य किया जा रहा है, ताकि पानी की अनावश्यक बर्बादी रोकी जा सके। नगर निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे पानी का अनावश्यक उपयोग न करें और जल संरक्षण के उपाय अपनाएं। घरों में पानी का सीमित उपयोग, वर्षा जल संचयन प्रणाली का उपयोग तथा नलों को खुला न छोड़ने जैसी छोटी-छोटी सावधानियाँ बड़े स्तर पर पानी की बचत कर सकती हैं। आयुक्त के निर्देशानुसार गर्मी के मौसम में जलापूर्ति बनाए रखने के लिए पानी की टंकियों की नियमित सफाई, पाइपलाइन लीकेज की मरम्मत और जल वितरण व्यवस्था की लगातार निगरानी की जा रही है। साथ ही नागरिकों को जागरूक करने के लिए शहर में डोर-टू-डोर पम्पलेट वितरण भी किया जा रहा है।

## एक नजर

### उधार के पैसे मांगने पर हमला,दो गिरफ्तार



**भिलाई, 13 मार्च (तछसं.)।** भिलाई रानीतराई थाना क्षेत्र के उधारी के पैसे मांगने पर व्यापारी पर धारदार हथियार से हमला करने वाले दो आरोपियों को रानीतराई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त धारदार हथियार एवं मोटर साइकिल जब्त किया है रानीतराई प्रभारी कमल सिंह सेंगर ने बताया ग्राम रानीतराई में स्थित एक इलेक्ट्रॉनिक दुकान के संचालक अनिल कुमार देवांगन के साथ उधारी के पैसे मांगने को लेकर विवाद हुआ रिपोर्ट पर थाना रानीतराई में धारा 109, 333, 3(5) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया विवेचना के दौरान ज्ञात हुआ कि वर्ष 2019 में आरोपी ने इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीदा गया था। इसके शेष बकाया पैसे मांगने पर विवाद हुआ। 11 मार्च को आरोपी देवदत्त ठाकुर अपने साथी बबलू ठाकुर के साथ मोटर साइकिल से दुकान पहुंचकर प्रार्थी के साथ गाली-गलौज करते हुए धारदार हथियार से हमला कर दिया। इससे प्रार्थी के गाल एवं दांत में चोट आई। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की तलाश कर देवदत्त ठाकुर एवं बबलू ठाकुर को गिरफ्तार किया गया आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त धारदार हथियार एवं मोटर साइकिल जब्त किया गया है।

### ठेला लगाने को लेकर हमला करने वाला गिरफ्तार



**भिलाई, 13 मार्च (तछसं.)।** भिलाई स्मृति नगर चौकी क्षेत्र के ठेला लगाने विवाद में एक युवक पर प्राणघातक हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त धारदार हथियार बरामद किया है स्मृति नगर चौकी प्रभारी राजेश साहू ने बताया कि देशी शराब दुकान जुनवानी के पास मेन रोड किनारे ठेला लगाकर चना-मुर्रा एवं पानी डिस्पोजल बेचने के दौरान दो ठेला संचालकों के बीच विवाद की सूचना मिली प्रार्थी श्याम बिहारी यादव निवासी आंगनबाड़ी के पास राजीव नगर सुपेला ने सूचना दी कि उसका पुत्र रोहित यादव उक्त स्थान पर ठेला लगाकर व्यापार करता है उसी स्थान पर भोला साव भी ठेला लगाता था दोनों के बीच पूर्व से ठेला लगाने को लेकर विवाद होता रहता था ठेला लगाने एवं गंदगी फैलाने की बात को लेकर आरोपी भोला साव ने रोहित यादव के साथ विवाद करते हुए हत्या करने की नीयत से धारदार हथियार से उसके सीने एवं पेट पर हमला कर घायल कर दिया घायल को तत्काल आसपास के लोगों की सहायता से शंकराचार्य अस्पताल जुनवानी में भर्ती कराया गया ।

### महिला से छेड़छाड़ करने वाला गिरफ्तार



**भिलाई, 13 मार्च (तछसं.)।** भिलाई सुपेला थाने का गुंडा-बदमाश और एनकाउंटर में मारे गये अमित जोश के जीजा बी. लक्की जार्ज ने एक महिला को लॉज में बुलाकर उसके साथ छेड़छाड किया छावनी थाने पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर गिरफ्तार किया पुलिस ने आरोपी का जुलूस भी निकाला आरोपी के विरुद्ध जिले के विभिन्न थानों में अन्य प्रकरण दर्ज हैं छावनी टीआई मनीष शर्मा ने बताया कि प्रार्थिया ने थाना छावनी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह ट्रांसपोर्ट नगर हथखोज भिलाई स्थित एक ट्रांसपोर्ट एवं टायर दुकान में अकाउंटेंट के रूप में कार्यरत है आरोपी बी.लक्की जॉर्ज ने प्रार्थिया को पावर हाउस स्थित एक लॉज के कमरे में बुलाया गया, जहां आरोपी ने प्रार्थिया का हाथ पकड़कर उसके साथ अशोभनीय हरकत की प्रार्थिया के विरोध करने पर आरोपी ने धमकी भी दी। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना छावनी में धारा 74, 351 (3) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी बी. लक्की जॉर्ज निवासी बीएसपी सेक्टर 04, सड़क 19 क्वार्टर को चिन्हित कर गिरफ्तार कर लिया है।

# विश्व इंजीनियरिंग दिवस पर तकनीकी व्याख्यान एवं पैनल चर्चा आयोजित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**भिलाई, 13 मार्च।** द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) द्वारा 10 मार्च को शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय, सेजबहार परिसर में नवाचार और डिजिटलीकरण के माध्यम से सतत भविष्य के लिए स्मार्ट इंजीनियरिंग विषय पर तकनीकी व्याख्यान एवं पैनल चर्चा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि वक्ता सेल-भिलाई की महाप्रबंधक श्रीमती मंजू हरिदास थीं, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के राज्य केंद्र अध्यक्ष पुनीत चौबे ने की। शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। मानद सचिव डॉ. अजय त्रिपाठी ने स्वागत उद्बोधन में इंजीनियरों की भूमिका को सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में महत्वपूर्ण बताते हुए संस्थान की गतिविधियों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि श्रीमती मंजू हरिदास ने अपने प्रस्तुतीकरण में उद्योगों के सामने ऊर्जा लागत, जलवायु परिवर्तन, कार्बन उत्सर्जन और उच्च गुणवत्ता की बढ़ती मांग जैसी चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए ऊर्जा दक्षता, संसाधनों के बेहतर उपयोग और अपशिष्ट में कमी लाने के लिए स्मार्ट इंजीनियरिंग समाधानों की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने इंडस्ट्री 4.0 और 5.0 के संदर्भ में आईओटी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल ट्विन जैसी तकनीकों के बढ़ते उपयोग और उनके लाभों की जानकारी दी। अध्यक्षीय उद्बोधन में पुनीत चौबे ने कहा कि स्मार्ट इंजीनियरिंग पारंपरिक इंजीनियरिंग को नई दिशा देते हुए दक्षता, गुणवत्ता और स्थायित्व को बढ़ावा देती है। इसके माध्यम से स्मार्ट ट्रैफिक प्रबंधन, शहरी जल आपूर्ति और स्मार्ट कृषि जैसे क्षेत्रों में प्रभावी समाधान विकसित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में आयोजित प्रश्नोत्तरी सत्र में विशेषज्ञों और प्रतिभागियों ने स्मार्ट इंजीनियरिंग एवं सतत विकास से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विचार साझा किए। इस अवसर पर एनआईटी रायपुर के प्रोफेसर डॉ. सूरज मुक्ति, एनटीपीसी के अतिरिक्त महाप्रबंधक श्री अनुराग शुक्ला सहित विभिन्न तकनीकी विशेषज्ञ, शिक्षाविद, संकाय सदस्य एवं छात्र उपस्थित थे। संचालन आयुष सिंह ने किया तथा धन्यवाद प्रस्ताव जीईसी रायपुर के सहायक प्रोफेसर राहुल साहू ने प्रस्तुत किया।

# आयुक्त ने प्रस्तावित सड़कों व निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 13 मार्च।** नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने शहर में प्रस्तावित सड़क निर्माण, उद्यान, नाली एवं सार्वजनिक शौचालय से जुड़े कार्यों का स्थल निरीक्षण किया तथा नागरिक सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कार्यों को शीघ्र प्रारंभ कर समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। जोन-1 नेहरू नगर क्षेत्र के प्रियदर्शिनी परिसर से सुपेला चौक तक जर्जर हो चुकी सर्विस रोड का निरीक्षण करते हुए आयुक्त ने सड़क निर्माण की प्रक्रिया जल्द पूर्ण करने को कहा। वहीं सुपेला गदा चौक से इंदिरा चौक तक प्रस्तावित सड़क का भी अवलोकन कर नागरिकों के सुगम आवागमन के लिए निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए। नेहरू नगर स्थित उद्यान परिसर में निर्माणाधीन भवन और सूर्या मॉल चौक के पास बन रही नाली का निरीक्षण करते हुए उन्होंने कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय में पूरा करने पर जोर दिया तथा आसपास के चौक-चौराहों और सड़कों के संधारण के निर्देश भी दिए। जोन-4 खुर्सीपार में शिवालय चौक के पास जर्जर सड़क का निरीक्षण कर उसके संधारण के निर्देश दिए गए। साथ ही पूर्व में हटाए गए अवैध निर्माण वाले स्थल पर नागरिक सुविधा के लिए सड़क निर्माण कराने तथा अतिरिक्त स्पीड ब्रेकर हटाने को कहा गया। खुर्सीपार में नाली से जोड़कर किए जा रहे अवैध निर्माण पर नोटिस जारी कर कार्रवाई करने और जर्जर सार्वजनिक शौचालय के स्थान पर नया शौचालय निर्माण कराने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, अमरनाथ दुबे, कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल, संजय वर्मा सहित निगम के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## राहत की किश्त बनी महतारी वंदन योजना की राशि

**दुर्ग, 13 मार्च ।** छत्तीसगढ़ सरकार की 'महतारी वंदन योजना' आज प्रदेश की महिलाओं के लिए आर्थिक सुरक्षा का दूसरा नाम बन गई है, जिसके तहत विवाहित महिलाओं को सालाना 12,000 की सहायता दी जा रही है। इसी योजना का लाभ उठा रहीं बघेरा की एक साधारण गृहिणी श्रीमती पिंकी यादव की जिंदगी अब पहले से कहीं अधिक आत्मविश्वास से भर गई है। घर-गृहस्थी की जिम्मेदारियों के बीच पिंकी को अक्सर छोटी-बड़ी आर्थिक जरूरतों के लिए संघर्ष करना पड़ता था, लेकिन अब हर महीने उनके खाते में आने वाली राशि ने उनकी चिंताओं को कम कर दिया है। पिंकी बड़े गर्व से बताती हैं कि अब चाहे रसोई के राशन का इंतजाम करना हो या परिवार में अचानक आए स्वास्थ्य संबंधी खर्चों को संभालना, उन्हें किसी के सामने हाथ फैलाने की जरूरत नहीं पड़ती। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करते हुए पिंकी यादव कहती हैं कि यह राशि हर मुश्किल वक्त में उनके लिए 'राहत की किश्त' साबित हो रही है।

# महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों में महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर



**भिलाई, 13 मार्च।** भिलाई इस्पात संयंत्र में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न विभागों द्वारा प्रेरणादायी कार्यक्रमों और जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। मैटेरियल मैनेजमेंट विभाग में आयोजित कार्यक्रम में 70 से अधिक महिला कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती कृष्णा कुमारी सुब्बाराव एवं श्रीमती कविता मिश्रा ने अपने अनुभव साझा करते हुए महिलाओं की रचनात्मकता, दृढ़ता और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की क्षमता पर प्रकाश डाला। साथ ही जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र के चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता सत्र भी आयोजित किए गए। समापन अवसर पर कार्यपालक निदेशक ए. के. चक्रवर्ती ने कहा कि किसी भी संगठन और समाज की वास्तविक प्रगति महिलाओं के सशक्तिकरण से ही संभव है। मुख्य महाप्रबंधक योगेश शास्त्री की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में दीप प्रज्ज्वलन एवं केक कटिंग के साथ उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर डॉ. शुभाश्री प्रशांत ने महिलाओं के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा पर व्याख्यान दिया।

# बीएसपी में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस समारोह आयोजित कर मनाया

**भिलाई, 13 मार्च।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सुरक्षा इंजीनियरिंग विभाग द्वारा 11 मार्च को महात्मा गांधी कला मंदिर में सुरक्षा बढ़ाने के लिए लोगों को



जोड़े, शिक्षित करें और सशक्त बनाएं विषय पर 55वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक अजय कुमार चक्रवर्ती थे, विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यपालक निदेशक प्रवीण निगम, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक पी. के. सरकार तथा मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तुषारकांत उपस्थित रहे। मुख्य महाप्रबंधक देबदत्त सतपथी ने स्वागत उद्बोधन देते हुए संयंत्र में संचालित सुरक्षा गतिविधियों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि अजय कुमार चक्रवर्ती ने अपने संबोधन में कहा कि सुरक्षा प्रत्येक कर्मचारी की नैतिक जिम्मेदारी है। संचालन जे. डी. मानिकपुरी तथा धन्यवाद ज्ञापन एस. के. अग्रवाल ने प्रस्तुत किया।

# अफीम की खेती मामले में चौथा आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 13 मार्च।** भिलाई अवैध रूप से अफीम की खेती करने वाले मामले में दुर्ग पुलिस को एक और सफलता मिली है प्रकरण का चौथा आरोपी को जेवरा सिरसा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल दाखिला किया गया है ग्राम समोदा झेंझरी के मध्य खेत में अवैध अफीम की खेती की जा रही थी। लगभग 5 एकड़ 62 डिसमिल क्षेत्र में अफीम के पौधे जिसकी कीमत लगभग 8 करोड रुपए थी, को पुलिस ने जब्त किया था। इस मामले में अब तक कुल चार आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है वहीं दो अन्य गिरफ्तार आरोपियों की तलाश में टीम लगी हुई है। आरोपी छोटू राम विश्नोई द्वारा अफीम की खेती के लिए बीज उपलब्ध कराए जाने की भूमिका सामने आई है जेवरा सिरसा चौकी पुलिस ने बताया कि विवेचना के दौरान पूर्व में विकास विश्नोई निवासी मतोड़ा जिला जोधपुर विनायक ताम्रकर निवासी तमेर पारा एवं मनीष उर्फ गोलू ठाकुर निवासी समोदा को गिरफ्तार किया गया था जांच में सामने आया कि आरोपी छोटूनिवासी ग्राम सांगसी नगर धड़िया, थाना चामू, जिला जोधपुर राजस्थान को पुलिस टीम ने राजस्थान से गिरफ्तार किया है आरोपी के पास से एक स्मार्टफोन एवं नगद रकम 2220 रुपए जब्त किए हैं। अन्य आरोपियों से पुलिस ने पूर्व में दो ट्रैक्टर, दो जेसीबी, दो मोटरसाइकिल एक हार्वेस्टर एवं खेती में प्रयुक्त अन्य उपकरण जिसकी कीमत लगभग डेढ़ करोड़ रुपए है, को जब्त किया था

## समाचार संक्षेप

### फातिमा जोहरा कमेटी ने रमजान में जरूरतमंदों की मदद की



**भिलाई, 13 मार्च (तछसं.)।** हजरत बीबी फातिमा जोहरा कमेटी की ओर से रमजान के महीने में जरूरतमंदों की मदद की गई। कमेटी की सदस्य चरोदा, भिलाई-3, खुर्सीपार, तकिया पारा दुर्ग, पावर हाउस, सुपेला और सेक्टर एरिया में जरूरतमंद लोगों तक पहुंची और उन्हें राशन के अलावा कपड़े और खाने का सामान दिया गया। इस दौरान कमेटी की ओर से शाहीन खान, नसीम सुल्ताना, कौसर कुरैशी, शबनम खान, अक्सा अली, रजिया, ज़किया, सायरा, सैयदा जरीना,शाइस्ता हफीज़, आयशा आलम, आयशा बेगम, रख्शंदा हारुन, शबनम अली, रेहाना बेगम, साकिबा, समरा नसीम, रूही, शाहीन निज़ामी, फ़रज़ाना, सीमा खान, सीमा जावेद, अकीला चिश्ती, अज़्रा बेगम और कमरुन निशा सहित अन्य लोगों की भागीदारी रही।

### याद की गई मौला अली की शहादत इफ्तार के बाद की गई दुआएं

**भिलाई, 13 मार्च (तछसं.)।** मौला ऐ कायनात शेरे खुदा हजरत अली मुश्किल कुशा की शहादत की याद में 21 रमजान पर 11 मार्च की शाम ख़ानकाह भोलाईया ग्राम बिरेभाठ नंदिनी भिलाई में रोजेदारों ने मिलजुल कर इफ्तार किया। इसके बाद तमाम लोगो ने मुर्शिदे आज़म पढ़ा। शिजरा शरीफ़ हाजी एम एच सिद्दीकी ने पढ़ा। दुआएं खैर की गई और मौला ऐ मुश्किल कुशा की शहादत पर खिराजे अक़ीदत पेश की गई। इस मोके पर ख़ादिम हसन अंसारी ने नजर पेश की। जिसमें तमाम अक़ीदतमंद लोगों की मौजूदगी रही। इसी तरह शेरे खुदा मस्जिद हाऊसिंग बोर्ड कैलाश नगर में अली मौला की याद मनाई गई। हजरत अली मौला की शहादत पर मौलाना जलालुद्दीन मिस्बाही की तकरीर हुई। बाद नमाजे तरावीह,आपने हजरत अली को दुनिया के तमाम वलियों का ईमाम बताया। उन्होंने कहा कि आपके दर से ही विलायत बटती है। इस दौरान दुआऐ खैर व नजर पेश किए गए। ईमाम व खतीब मौलाना हाफ़िज़ ताजीम रज़ा भागलपुरी ने मौला ऐ मुश्किल कुशा शेरे ख़ुदा की शान में सलात व सलाम का नज़राना पेश किया। हाफ़िज आसिफ रजा और तमाम नमाजियो ने भी खिराजे अक़ीदत पेश की। मस्जिद सदर हाजी ताहिर सिद्दीकी व तमाम कमेटी के हजरात की मौजूदगी मे तबर्रुक तकसीम किया गया।

### खाद्य विभाग ने की व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की जांच



**दुर्ग, 13 मार्च।** वर्तमान अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों एवं संभावित आपूर्ति दबाव को दृष्टिगत रखते हुए घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक एवं अन्य अनाधिकृत उपयोग को रोकने के लिए कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार खाद्य विभाग द्वारा 12 मार्च 2026 को जिले के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की जाँच की गयी। जाँच में दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में दोसा किंग, अग्रसेन चौक से 3 नग, मुकेश फ़ास्ट फ़ूड सेंटर पोलसाय पारा से 2 नग घरेलू गैस सिलेंडर जप्त किया गया। इसके अतिरिक्त भिलाई नगर निगम क्षेत्र में दुर्गा मिष्ठान भंडार से 01 तथा शिव प्रसाद भोजनालय सुपेला से 3 नग घरेलू गैस का व्यवसायिक उपयोग पाए जाने पर जप्त किया गया। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट क़िया गया है कि घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग पर नियंत्रण हेतु जिले में जांच एवं कार्यवाही की प्रक्रिया निरंतर जारी रहेगी तथा भविष्य में भी ऐसे मामलों में नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

### पुलिस ने संदिग्ध लोगों की जांच की

**भिलाई, 13 मार्च (तछसं.)।** दुर्ग पुलिस ने अवैध मदिरा के विक्रय, परिवहन एवं संग्रहण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए विशेष अभियान चलाकर जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों ने सार्वजनिक स्थलों, संभावित संवेदनशील स्थानों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की सघन जांच की जांच के दौरान अवैध मदिरा गतिविधियों में संलिप्त पाए गए व्यक्तियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के अंतर्गत आबकारी कार्रवाई में खुर्सीपार 04, नेवई 02, जामुल 02, पाटन 02, पुलगांव 01, रानीतराई 01 व अण्डा 01 कुल 13 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं।

## चारों आरोपी न्यायालय में पेश

**भिलाई, 13 मार्च(तछसं.)।** भिलाई जेवरा सिरसा चौकी क्षेत्र के ग्राम समोदा-झेंझरी के मध्य खेत में अवैध रूप से अफीम की खेती करने वाले मामले में गिरफ्तार चार आरोपियों को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया सभी आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। गुरुवार की शाम को विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट दुर्ग पी एस मरकाम की कोर्ट में पेश किया गया। न्यायाधीश ने आरोपी विनायक ताम्रकार, विकास विश्नोई, मनीष ठाकुर एवं विकास विश्नोई के ससुर आरोपी छोटू राम विश्नोई को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। उल्लेखनीय है कि इस मामले में गिरफ्तार आरोपी तीन आरोपियों विनायक ताम्रकार निवासी तमेर पारा दुर्ग, विकास विश्नोई निवासी ग्राम मटोडा जिला जोधपुर राजस्थान हाल मुकाम ग्राम समोदा एवं मनीष ठाकुर को पुलिस ने 10 मार्च की शाम को न्यायालय में पेश किया गया था। पुलिस ने 5 दिन के लिए आरोपियों को पुलिस रिमांड मे लेने का निवेदन न्यायालय के समक्ष किया था विशेष लोक अभियोजक सूरज शर्मा ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर आरोपियों को दो दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया था। 2 दिन पुलिस रिमांड समाप्त होने के बाद आज आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया था।

# पंडरी कपड़ा बाजार की 19 दुकानों की सील खोलने दिशा समिति की बैठक में बनी सहमति

**रायपुर 13 मार्च।** दिशा समिति की बैठक में रायपुर लोकसभा सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल और रायपुर उत्तर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा के साथ विगत दिनों नगर निगम रायपुर के अधिकारियों की उपस्थिति में पंडरी कपड़ा बाजार की 19 सीलबन्द की गयी दुकानों के संचालकों की हुई बैठक में बनी सहमति पर आज रायपुर उत्तर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा ने रायपुर नगर निगम मुख्यालय भवन के महापौर कक्ष में पहुंचकर रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे और आयुक्त श्री विश्वदीप सहित नगर निगम रायपुर के अपर आयुक्त श्री पंकज के. शर्मा, नगर निवेशक श्री आभाष मिश्रा, कार्यपालन अभियंता श्री



आशुतोष सिंह, पंडरी कपड़ा बाजार की सीलबन्द दुकानों के संचालकों की बैठक ली. बैठक में विगत दिनों सीलबंद की गयी 19 दुकानों की सील खोलने पर सहमति बनी. इस दौरान चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष श्री सतीश थोरानो, चेम्बर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष श्री अमर पारवानी की भी उपस्थिति रही.

यहां यह उल्लेखनीय है कि इस प्रकरण में पूर्व में पंडरी कपड़ा बाजार के व्यापारियों की मांग पर रायपुर उत्तर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा द्वारा पंडरी कपड़ा बाजार की सीलबंद दुकानों की सील खोलने की अनुशंसा रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त श्री विश्वदीप को पत्र लिखकर की गयी थी.

जानकारी दी गयी कि विगत दिनों दिशा समिति की बैठक में पंडरी कपड़ा बाजार के 19 दुकानदारों द्वारा अवैध तरीके से अपनी दुकान के दोनों ओर आगे और पीछे की ओर से शटर लगाए जाने पर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए. इस पर नगर निगम मुख्यालय नगर निवेश उड़न दस्ता और जोन 2 नगर निवेश विभाग की टीम ने वहाँ पहुंचकर सम्बंधित 19 दुकानों को नियमानुसार सीलबन्द करने की कार्यवाही की. इस पर सीलबंद 19 दुकानों के सम्बंधित संचालकों ने रायपुर लोकसभा सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल और रायपुर उत्तर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा से मुलाकात की और उनसे सीलबंद दुकाने खोले जाने निर्देश देने अनुरोध किया. दिशा समिति की अगली बैठक में निर्णय लिया गया कि सम्बंधित दुकानदारों को स्वतः अपनी पार्किंग की व्यवस्था अपने ग्राहकों के लिए नियमानुसार करनी होंगी और रायपुर नगर निगम, रायपुर विकास प्राधिकरण, नगर तथा ग्राम निवेश विभाग की व्यवस्था अंतर्गत प्रबंधन सुचारु बनाये रखने नियमों का पालन करना होगा. आज रायपुर उत्तर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा ने नगर निगम में सम्बंधित व्यापारियों की बैठक रायपुर महापौर श्रीमती मीनल चौबे और आयुक्त श्री विश्वदीप सहित ली, जिसमें रायपुर नगर निगम द्वारा रायपुर लोकसभा सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल और रायपुर उत्तर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा के साथ पूर्व में हुई नगर निगम अधिकारियों की बैठक में बनी सहमति पर नियमानुसार सीलबंद 19 दुकानों के सील को खोलने पर सहमति व्यक्त की गयी।

## एक नजर

### आबकारी विभाग ने 81 हजार रुपए का महुआ शराब और लाहन जब्त किया



**बलौदाबाजार,बलौदाबाजार 13 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने गुरूवार को कार्रवाई करते हुए 81 हजार रुपये के अवैध महुआ शराब एवं महुआ लाहन जब्त किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कसडोल वृत्त के अंतर्गत आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा आरोपी श्याम पटेल हाल मुकाम ग्राम सैहाभाटा थाना कसडोल के कब्जे से 45 बल्क लीटर महुआ शराब, बाजार मूल्य 9 हजार रूपये होना पाया गया एवं 30 किलोग्राम क्षमता वाली प्लास्टिक बोरी में 40 नग कुल 1200 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। महुआ लाहन का बाजार मूल्य 72 हजार रूपये होना पाया गया। महुआ लाहन की सेम्पल लकेर सभी लाहन को मौके पर नष्ट किया गया। आरोपी श्याम पटेल के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क) (च), 34(2), 59(क) का प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जा रही है। उक्त कार्रवाई में सहायक आबकारी अधिकारी जलेश कुमार सिंह, आबकारी उपनिरीक्षक मनराखन नेताम, पी.माधव राव, विनोद कुमार बांधे, नगर सैनिक कमल वर्मा, दुर्गेशवरी कुर्रे एवं राजकुमारी पैकरा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### गार्डन चौक स्थित अटल परिसर का शिलालेख तोड़ने वाले मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति की हुई पहचान

**बलौदाबाजार 13 मार्च।** गार्डन चौक बलौदाबाजार स्थित अटल परिसर का शिलालेख निकालकर जमीन पर पटकते हुए उसे तोड़ दिया गया है। कि सूचना पर थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सिटी सर्विलांस सिस्टम के तहत गार्डन चौक में लगे सीसीटीवी कैमरा का सुक्ष्म अवलोकन किया गया, जिसमें दिनांक 09-10.03.2026 की दरम्यानी रात्रि अटल परिसर का शिलालेख निकालकर उसे तोड़ते हुए मानसिक रूप से विक्षिप्त कचरू की पहचान हुई। योगेश दास मानिकपुरी उर्फकचरू अत्यंत शराबी प्रवृत्ति का है तथा वर्तमान में उसकी मानसिक स्थिति भी बिगड़ सी गई है। कुछ दिनों पहले भी उसे सड़क मार्ग के बीचो-बीच शराब पीते हुए पकड़ा गया था, जिस पर उसके विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की गई थी। शिलालेख निकालकर उसे खंडित करने वाले मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति की पहचान करते ही थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा उसकी खोजबीन की जा रही है।

### आंगनबाड़ी सहायिका पद पर भर्ती के लिए 25 मार्च तक आवेदन आमंत्रित

**बलौदाबाजार 13 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** एकीकृत बाल विकास परियोजना बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम कुकुरदी आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक-1 में आंगनबाड़ी सहायिका के 1 रिक्त पद पर भर्ती की जाएगी। आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए आठवीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। यह पद केवल महिलाओं के लिए है। आंनलाईन आवेदन करने के अंतिम तिथि 25 मार्च 2026 तक निर्धारित की गई है। आंनलाईन आवेदन करने के लिए httpsÑ//aww.e-bharti.in/ में जाकर कर सकते है।

### कलेक्टर ने डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी स्कूल में स्थापित आधुनिक स्पेस लैब का किया निरीक्षण

**राजनांदगांव 13 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने आज डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी स्कूल में स्थापित आधुनिक प्लैनेटेरियम और स्पेस लैब का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री यादव ने शिक्षकों से लैब में उपलब्ध अत्याधुनिक उपकरणों और मॉडलों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। लैब में भारत के सभी प्रमुख उपग्रहों के मॉडल मौजूद हैं, जिनमें देश का पहला उपग्रह आर्यभट्ट (1975) से लेकर हालिया अंतरिक्ष मिशन चंद्रयान तक शामिल हैं। इसके माध्यम से अंतरिक्ष अनुसंधान और वैज्ञानिक उपकरणों की तकनीकी समझ विकसित करने में मदद मिलती है। लैब में 3 डी प्रिंटिंग मशीन स्थापित है, जिससे अंतरिक्ष उपकरण और उपग्रहों के मॉडल बनाए जा सकते हैं। इसके साथ ही रोवर्स और लैंडर्स प्रदर्शित किए गए हैं, जिनके डिजाइन और तकनीकी संचालन के बारे में शिक्षकों को जानकारी दी गई। लैब में ड्रोन भी रखा गया है, जिससे हवाई सर्वेक्षण और तकनीकी परीक्षण की जानकारी ली जा सकती है। विशेष रूप से वर्चुअल रियलिटी (वीआर) के माध्यम से खगोलीय घटनाओं, ग्रहों और उपग्रहों की गति, ऑर्बिट और अंतरिक्ष मिशनों का वर्चुअल अनुभव कराया जा सकता है। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने बताया कि इस लैब से छात्रों को कई लाभ होंगे। इससे छात्र अंतरिक्ष विज्ञान, खगोलशास्त्र और भौतिक विज्ञान की वास्तविक समझ विकसित कर सकते हैं। 3 डी प्रिंटिंग, रोवर और ड्रोन जैसी तकनीकों को देखकर छात्रों में नवाचार, अनुसंधान और तकनीकी रूचि बढ़ेगी। वर्चुअल रियलिटी के माध्यम से छात्र अंतरिक्ष मिशनों और खगोलीय घटनाओं का अनुभव वास्तविकता के करीब महसूस कर सकेंगे। कलेक्टर ने शिक्षकों को निर्देश दिए कि वे इस लैब और प्लैनेटेरियम का उपयोग कर शिक्षा में नवाचार और वैज्ञानिक अध्ययन को बढ़ावा दें। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की आधुनिक सुविधाएँ छात्रों में विज्ञान और तकनीकी क्षेत्रों में रूचि पैदा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

### मुख्यमंत्री ने बिजली बिल भुगतान समाधान योजना 2026 का शुभारंभ

# बिजली उपभोक्ताओं की पीड़ा को दूर करेगी समाधान योजना : मुख्यमंत्री





**रायपुर, 13 मार्च।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर के पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सालय स्थित सभागार से मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना 2026 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने योजना का लाभ लेने वाले उपभोक्ताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया और अधिक से अधिक लोगों से योजना का लाभ लेने की अपील की। साथ ही मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत 2 हजार 931 हितग्राहियों को 8 करोड़ 79 लाख रुपए की सब्सिडी भी अंतरित की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बिजली आज हमारी मूलभूत जरूरतों में शामिल हो चुकी है और इसके बिना जीवन की कल्पना संभव नहीं है। कई परिवार आर्थिक कारणों से समय पर बिजली बिल का भुगतान नहीं कर पाते, जिससे सरचार्ज के कारण बकाया राशि बढ़ जाती है और पूरा भुगतान करना कठिन हो जाता है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं की इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने समाधान योजना शुरू की है, जिससे उन्हें बड़ी राहत मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि समाधान योजना के माध्यम से लंबे समय से बिजली बिल का भुगतान नहीं कर पाने वाले प्रदेश के निम्न एवं मध्यम आय वर्ग तथा कृषि उपभोक्ताओं को राहत देने की पहल की गई है। योजना के तहत प्रदेश के 28 लाख 42 हजार उपभोक्ताओं को कुल 757 करोड़ रुपए की राहत दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 के बाद देश के लगभग 18 हजार गांवों तक बिजली पहुंचाई गई, जिससे आजादी के बाद से अंधेरे में रहे गांव भी रोशन हुए। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में हमारे अपने संसाधनों से लगभग 30 हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन किया जा रहा है और प्रदेशवासियों को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि कोरोना काल में आर्थिक कठिनाइयों के कारण कई उपभोक्ता बिजली बिल का भुगतान नहीं कर पाए थे, जिससे बकाया राशि बढ़ गई थी। राज्य सरकार ने उपभोक्ताओं की इस परेशानी को समझते हुए समाधान योजना लागू की है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के प्रति प्रदेश में लोगों की रुचि लगातार बढ़ रही है और अब तक लगभग 36 हजार लोग इससे जुड़ चुके हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि महिला स्व सहायता समूहों द्वारा सोलर पैनल वेंडर के रूप में कार्य किया जाना एक सकारात्मक पहल है।मुख्यमंत्री ने ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को समाधान योजना के लिए बधाई देते हुए निर्देश दिए कि शिविर लगाकर और व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को समाधान योजना से जोड़ा जाए। उल्लेखनीय है कि योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं की तीन श्रेणियां निर्धारित की गई हैं, जिनमें 31 मार्च 2023 की स्थिति में निष्क्रिय उपभोक्ता, सक्रिय एकल बत्ती कनेक्शनधारी उपभोक्ता तथा सक्रिय अशासकीय घरेलू एवं अशासकीय कृषि उपभोक्ता शामिल हैं। इन श्रेणियों के उपभोक्ताओं को विद्युत देयक जमा करने के लिए प्रोत्साहन के रूप में अधिभार की राशि में 100 प्रतिशत छूट तथा मूल बकाया राशि में 75 प्रतिशत तक छूट का प्रावधान किया गया है। योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ताओं को पंजीयन कराना होगा और पंजीयन के समय बकाया राशि का न्यूनतम 10 प्रतिशत भुगतान करना अनिवार्य होगा। शेष राशि का भुगतान किस्तों में किया जा सकेगा और आगामी माह में कोई अधिभार नहीं लगेगा। यह योजना 30 जून 2026 तक प्रभावशील रहेगी। इस अवसर पर रायपुर उत्तर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा, रायपुर नगर निगम महापौर श्रीमती मीनल चौबे, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री नवीन अग्रवाल, ऊर्जा विभाग के सचिव डॉ. रोहित यादव सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी और विद्युत उपभोक्ता उपस्थित थे।

## छक्रांसे एवं जोछपा ने छत्तीसगढ़ के पुरखों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और सांस्कृतिक प्रतीकों की अनदेखी पर कड़ी कार्रवाई की मांग की



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा 13 मार्च।** नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा में छत्तीसगढ़ के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, समाज सुधारक एवं छत्तीसगढ़ी अस्मिता के पुरोधा डॉ. खूबचंद बघेल की मूर्ति एवं चौक को असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। इस घटना से क्षेत्रवासियों एवं छत्तीसगढ़िया समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना एवं जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के पदाधिकारियों का कहना है कि प्रदेश में लगातार छत्तीसगढ़ के पुरखों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और सांस्कृतिक प्रतीकों की अनदेखी की जा रही है। इससे पहले रायपुर में भी छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति को असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़ा गया था। पदाधिकारियों ने कहा कि शासन-प्रशासन द्वारा लगातार छत्तीसगढ़ के पुरखों और उनकी विरासत की अनदेखी की जा रही है, जिसे छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना एवं जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं करेगी। इस घटना को लेकर 20 तारीख को पुरखों के सम्मान में आंदोलन की चेतावनी दी गई है। इस संबंध में तिल्दा थाना, तहसील कार्यालय, नगर पालिका परिषद तिल्दा तथा एसडीएम कार्यालय में आवेदन देकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है।

## स्वास्थ्य केंद्र का कलेक्टर ने दौरा कर व्यवस्था का लिया जायजा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा 13 मार्च।** जिले के कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा ने गुरुवार को सिमगा स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं, दवाइयों की उपलब्धता, साफ सफाई तथा मरीजों को दी जा रही चिकित्सा सेवाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से बातचीत कर उनकी स्वास्थ्य स्थिति और मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मरीजों को समय पर उपचार और आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई जाएं तथा अस्पताल परिसर में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। कलेक्टर ने प्रसूति कक्ष, दवा वितरण केंद्र और ओपीडी कक्ष का भी निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले मरीजों को बेहतर और त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ पारस पटेल स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, डॉक्टर तथा अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# कलेक्टर एवं नगर पालिका अध्यक्ष ने कार्यालय का किया निरीक्षण

■ लोगों को योजनाओं का लाभ समय पर देने एवं समस्याओं का शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार 13 मार्च।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष अश्विनी शर्मा ने गुरुवार को नगर पालिका कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने शासकीय योजनाओं का लाभ लोगों को समय पर दिलाने एवं समस्याओं क शीघ्र निराकरण के निर्देश अधिकारियो को दिये। कलेक्टर व नगर पालिका अध्यक्ष ने राशन कार्ड एवं पेंशन शाखा के निरीक्षण के दौरान प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति का जायजा हेतु पंजी का अवलोकन किये। उन्होंने निराकरण में विलम्ब का कारण पूछते हुए समय पर निराकरण करने के निर्देश दिये। इसीतरह प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को नियमानुसार आवास स्वीकृत करने कहा। इसके साथ ही स्वच्छता में भी बेहतर काम करने के निर्देश दिये। इसके पश्चात् रोकड़ अनुभाग, राजस्व अनुभाग,आधार पंजीयन आदि कृक्ष का निरीक्षण कर जरुरी निर्देश दिये। इस दौरान इस दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, एसडीएम श्यामा पटेल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहीत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### संयुक्त कलेक्टर शीतल बंसल ने एनसीडी कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा की

**राजनांदगांव 13 मार्च।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शीतल बंसल ने स्वास्थ्य कार्यकताओं एवं स्वास्थ्य विभाग अधिकारियों की बैठक लेकर एनसीडी कार्यक्रम के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अंतर्गत 22 कोलोकेटेड संस्था में एनसीडी कार्यक्रम के तहत बीपी, शुगर एवं कैंसर स्क्रीनिंग की शत-प्रतिशत ऑनलाईन एन्ट्री एक सप्ताह के भीतर करने के निर्देश दिए। उन्होंने अटल मॉनिटरिंग पोर्टल पर भी शत-प्रतिशत एन्ट्री सुनिश्चित करने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी कोलोकेटड संस्थाओं को आशातीत उपलब्धि नहीं होने पर जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारी पर कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। प्रतिदिन रिर्पोट की मॉनिटरिंग नोडल अधिकारी एनसीडी द्वारा किया जाएगा।

### औद्योगिक क्षेत्र बनने पर तिल्दा नेवरा में हालात खराब

# तिल्दा नेवरा में सड़क हादसों का कारण वाहनों की संख्या बढ़ना भी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 13 मार्च।** पिछले दो दिनों में दो लोगो की सड़क हादसे में अकाल मृत्यु सासाहोली में हादसे में युवक की मौत के बाद नगर पालिका अध्यक्ष का दिखा रौद्र रूप त्वरित नाली के आगे बनाये गए दुकानों पर चलवाया बुलडोजर शहर के व्यापारियों को तीन दिन का समय दिया गया है उसके बाद सख्त कार्यवाही और जुर्माने की बात कही गई है



तिल्दा नेवरा क्षेत्र में आये दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं और यातायात के भारी दबाव को देखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती चन्द्रकला डाक्टर खुमान वर्मा ने शहर के व्यापारियों से शहर के यातायात सुधारने में सहयोग अपील की है, आपको बता दे की हमारे द्वारा पहले भी शहर की यातायात को लेकर प्रमुखता से समाचार चलाया था की बाई पास रोड नहीं होने के कारण तिल्दा नेवरा में आये दिन हो रही है दुर्घटना ,कई लोग इस रोड पर अपनी जान गवा चुके है बिना पार्किंग व्यवस्था के रेलवे स्टेशन के सामने व्यापारियों द्वारा सड़क पर कब्ज़ा है

तिल्दा नेवरा औद्योगिक क्षेत्र है शहर में सिमगा खरोरा रोड पर सुबह से लेकर शाम तक रोड के दोनों ओर वाहन खड़े रहते हैं, जिससे यहां दुर्घटनाएं भी हो रही है, लेकिन जिम्मेदारों द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है।यातायात जाम होने का सबसे बड़ा कारण है दुकान दारो द्वारा अपने सामान को रोड तक फैलाना दूसरा कारण है रोड के दोनों तरफ ट्रक और दुकानों के सामने कार मोटर सायकल बेतरबी से खड़े रहते हैं। दोनों तरफ खड़े वाहनों के कारण रोड संकरा हो जाता है और दूसरे वाहन चालकों को निकलने में परेशानी होती है।

**भारी वाहनों का रहता है आना-जाना:** इस रोड से चौबीसों घंटे भारी वाहनों का आना-जाना रहता है।भारी वाहन जब यहां से क्रॉस होते हैं तो यहां हादसे का डर बना रहता है। स्कूल खुलने के बाद यहां से कई स्कूलों के वाहन निकलते हैं और उन्हें ज्यादा खतरा बना रहता है।

लोडिंग-अनलोडिंग करते हैं ट्रकों की

यहां दुकान दार ट्रक खड़े करके लोडिंग-अनलोडिंग का काम कर रहे हैं, जिससे छोटे-छोटे वाहन यहां सामान लेने के लिए पहुंचते हैं।

बाई पास रोड नहीं होने के कारण तिल्दा नेवरा में आये दिन हो रही है दुर्घटना ,कई लोग इस रोड पर अपनी जान गवा चुके है लोगो ने यथा शीघ्र बाई पास रोड बनाने की मांग कर रहे है सबसे बड़ी बात ये है की विधायक कार्यालय के सामने बेतरबी से ट्रको और बसों को पार्किंग कर दिया जाता है जिनके ऊपर आज तक कोई कार्यवाही नहीं किया गया है अब देखना यह है की श्रीमती चन्द्रकला डाक्टर खुमान वर्मा /अध्यक्ष नगर पालिका की अपील का शहर के व्यापारियों पर क्या असर होता है शहर की यातायात कैसे सुधारा जाता है नगर पालिका ने बाकायदा नोटिस जारी कर जनता से अपील की है

## महुआ शराब बिक्री करने वाले 3 शराब कोचियों को किया गया गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 13 मार्च।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी ÷समाधान सेल÷ हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। ÷समाधान सेल÷ के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 12.03.2026 को ÷समाधान सेल÷ में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना लवन पुलिस टीम द्वारा ग्राम कारी में घेराबंदी कर अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाले 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचियों से 03 अलग-अलग मामलों में ?28,000 कीमत मूल्य का 140 लीटर हांथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब एवं अवैध रूप से शराब परिवहन में प्रयुक्त 02 मोटरसाइकिल जप्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध थाना लवन में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की गई है।

# बड़ा अपराध बगैर संरक्षण के नहीं हो सकता

कोई भी सरकार हो निचले स्तर पर होने वाले अपराध तो होते रहते हैं,उनको सरकार कम करने का प्रयास कर सकती है लेकिन कोई भी सरकार यह दावा नहीं कर सकती कि उसने हर तरह के अपराध को रोक दिया है। हर तरह के अपराध को रोक पाना संभव नहीं है,यह सचाई है लेकिन यह भी सच है कि अपराध रोकना सरकार का काम है, इसके लिए अलग से पुलिस है,आबकारी वाले हैं,साइबर वाले हं। जनता तो सरकार से यही उम्मीद करती है कि सरकार उनकी सुरक्षा करेगी, सरकार राज्य में कभी न होने वाले अपराध नहीं होने देगी। जब बड़े बड़े अपराध होने लगते हैं, कभी नहीं होने वाले अपराध होने लगते हैं तो जनता को भी लगता है कि राज्य में यह क्या हो रहा है. विपक्ष को भी सवाल उठाने का मौका मिलता है कि सरकार को इस तरह के अपराध का पता क्यों नहीं चलता है। यह सवाल उठना भी स्वाभाविक है कि इतना बड़ा अपराध राज्य में हो रहा है तो क्या यह किसी स्तर पर दिए जा रहे संरक्षण के कारण हो रहा है, क्या पुलिस का खुफिया तंत्र इस तरह के अपराध का पता लगाने में असफल है। दोनों बातें हो सकती हैं यह सत्ता व पुलिस प्रशासन के किसी अधिकारी या कर्मचारी के संरक्षण के कारण शुरु हुआ है या यह अपराध इस तरह गुप्त तरीके से किया गया हो कि पुलिस को इसका पता न चला हो। कई बार तो ऐसा भी होता है कि शहर में ही कोई अपराध होता रहता है और पुलिस को उसका पता नहीं चलता है जबकि शहर में पुलिस के मुखबिर होते हैं। ऐसे में दूरस्थ इलाके में जहां लोगों का आना जाना कम हो, जंगल क्षेत्र हो, सीमावर्ती इलाका हो,वहां बड़े क्षेत्र को घेरकर दूसरी फसल के बीच यदि अफीम की खेती की जा रही है तो यह संभव है कि उस क्षेत्र की पुलिस को पता न हो और यह भी हो सकता है कि उस क्षेत्र की पुलिस पता हो और वह उसे संरक्षण दे रही हो। आज ज्यादातर लोग तो यह मानते हैं कि बड़ा अपराध जिसमें करोड़ो रुपए की कमाई होती है,वह बगैर सत्ता व प्रशासन के संरक्षण के हो नहीं सकता। कोई भी बड़ा अपराध करने वाला बड़ा अपराध शुरू करने से पहले सत्ता व पुलिस का संरक्षण चाहता है और ज्यादा पैसा मिलने पर राज्य के बड़े से बड़े अधिकारी कैसे भ्रष्ट हो जाते हैं, इसका उदाहरण पिछली सरकार के समय कई घोटालों में पकड़े जा रहे अधिकारी हैं। बड़े अपराध को जिला प्रशासन का सामूहिक संरक्षण मिलता है यानी ऊपर के बड़े अधिकारी से लेकर निचले स्तर तक के अधिकारी का। शराब घोटाला,सट्टा घोटाला इसका उदाहरण है। ड्रग्स के धंधे में भी बहुत पैसा है। इसलिए पुलिस इसे जितना रोकने का प्रयास करती है,यह रुकता नहीं है। अफीम छत्तीसगढ़ से होकर कई राज्यों में जाता है और कई राज्यों से राज्य में आता भी है। ऐसे में यदि किसी ने राज्य में अफीम की खेती शुरू की है और यहां से बाहर अफीम सप्लाई का काम शुरू किया है तो फायदे को देखकर ही किया होगा। यानी यहां अफीम की खेती कर सप्लाई करना बड़े फायदे का धंधा लगा होगा तो ही किसी ने यह काम शुरू किया है और किसी के संरक्षण में शुरू हुआ तो सरकार को इसे गंभीरता से लेने की जरूरत है, क्योंकि एक बार जो काम शुरू हो जाता है, उसे रोकना बाद में मुश्किल हो जाता है क्योंकि जो काम एक बार शुरू हो जाता है तो लोगों को यह पता चल जाता है कि इसमें कितना फायदा है और इसे कैसे शुरू किया जा सकता है। दुर्ग जिले के बाद बलरामपुर जिले में अफीम की खेती करने के दो मामले सामने आने से राज्य में अफीम की खेती गंभीर मामला हो गया है कि अब तो सरकार के लिए यह बड़ा काम हो गया है कि वह पता लगाए और कहीं अफीम की खेती तो नहीं हो रही है। राज्य में खेती के बीच अफीम की खेती होती है इसलिए इसका पता लगाना कठिन हो सकता है लेकिन पता लगाया जा सकता है, अगर सरकार चाहे तो तकनीक का उपयोग कर इसका पता लगा सकती है। एक एक खेत में जाकर अफीम की खेती का पता लगाना भले ही मुश्किल काम हो लेकिन अब ड्रोन का उपयोग कर सरकार खेती के समय ही इसका पता आसानी से लगा सकती है किसी क्षेत्र में अफीम की खेती तो नहीं हो रही है। अफीम की खेती का दो तीन जगह पता चलने पर विपक्ष को कहने का मौका मिल गया है कि सरकार राज्य को अफीम का कटोरा बना रही है। सरकार को अब अफीम की खेती को गंभीरता से लेकर यह बताना होगा कि उसके राज्य में अफीम की खेती कहीं भी अब नही होगी।

गंभीर मुद्दा

# आओ भारतीय भाषाओं को विलुप्त होने से बचाएं

किशन सनमुखदास भावनानीं

भारत देश संस्कृति, भाषाओं, उपनिषद साहित्य से पिरोई ऐसी ख़ूबसूरत माला है जो वैश्विक रूप से अनमोल है इस भारतीय विरासत को देखने हज़ारों की संख्या में सैलानी भारत



आते हैं और यह भारतीय ख़ूबसूरती विश्व प्रसिद्ध हैं। साथियों इस भारत रूपी माला में पिरोए मोतियों में से भाषा एक अनमोल मोती है।

साथियों बात अगर हम भाषा की करें तो,भाषा, मुख से उच्चारित होने वाले शब्दों और वाक्यों आदि का वह समूह है,जिनके द्वारा मन की बात बताई जाती है।किसी भाषा की सभी ध्वनियों के प्रतिनिधि स्वर एक व्यवस्था में मिलकर एक सम्पूर्ण भाषा की अवधारणा बनाते हैं।सामान्यतः भाषा को वैचारिक आदान-प्रदान का माध्यम कहा जा सकता है। साथियों बात अगर हम भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची की करें तो,इसमें 22 भाषाएँ तो आधिकारिक रूप से मान्यता प्राप्त हैं ही पर यदि सब गिनी जाएँ तो हमारे देश में 30 से अधिक भाषाओं के साथ 100 से अधिक क्षेत्रीय भाषाएँ भी हैं।अनुसूचित भाषाएं 1) असमिया, (2) बंगला, (3) बोड़ो, (4) डोगरी, (5) गुजराती, (6) हिंदी, (7) कन्नड़, (8) कश्मीरी, (9) कोंकणी, (10) मैथिली, (11) मलयालम, (12) मणिपुरी, (13) मराठी, (14) नेपाली, (15) उड़िया, (16) पंजाबी, (17) संस्कृत, (18) संथाली, (19) सिंधी, (20) तमिल, (21) तेलुगू और (22) उर्दू। साथियों बात अगर हम हिंदी भाषा की करें तो,यह विश्व में तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है।जो हमारे पारम्परिक ज्ञान, प्राचीन सभ्यता औरआधुनिक प्रगति के बीच एक सेतु भी है। हिंदी भारत संघ कीराजभाषा होने के साथ ही ग्यारह राज्यों और तीन संघ शासित क्षेत्रों की भी प्रमुख राजभाषा है।संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल अन्य इक्कीस भाषाओं के साथ हिंदी का एकविशेष स्थान है।

साथियों बात अगर हम सभी अनुसूचित और गैर-अनुसूचित भाषाओं की करें तो यह भारतीयता की ख़ूबसूरती है कि,इतनी भाषाओं के बीच भारत अपनी ख़ूबसूरती बिखेर रहा है।यह भारतवर्ष के लिए आर्थिक, सामाजिक, वैज्ञानिक रूप से महत्वपूर्ण स्थान रखता है। क्योंकि मुख से उच्चारित भाषा के आदान-प्रदान से ही ज्ञान की ज्योत प्रजवलित होती हैं।हमें इन सभी भाषाओं, जो अनुसूचित नहीं भी हैं,उसका संरक्षण करना जरूरी है

साथियों बात अगर हम अंग्रेजी भाषा की करें तो आज के आधुनिक डिजिटलाइजेशन युग में अंग्रेजी बोलचाल का फ़ैशन सा हो गया है,जो मातृभाषा में बात करता है उसे हम पुराने ज़माने की सोच का दर्ज़ा देते हैं।हम अपने सामाजिक भाषाओं की विलुप्तता को प्रोत्साहन देने का काम करते हैं जिसे रोकना होगा।क्योंकि हमारे भारत के राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, मुख्य न्यायाधीश सहित अनेक प्रशानिक व्यक्तित्व की प्राथमिक शिक्षा अपनी मातृभाषा में ही हुई है। इसलिए भारतीय भाषाएं भारत रूपी माला में पिरोए वह मोती हैं जिसके प्रकाश से ही आज भारत विश्व में जगमगा रहा है।इसलिए भारतीय भाषाओं का वैज्ञानिक और तकनीकी स्तर पर संरक्षण जरूरी है। साथियों बात अगर हम भारतीय भाषाओं के संरक्षण में माननीय उपराष्ट्रपति के एक भारतीय भाषादिवस के अवसर पर वर्चुअल संबोधन की करें तो पीआईबी की प्रेसविज्ञप्ति के अनुसार,उपराष्ट्रपति ने इसका उल्लेख किया कि भाषा न केवल हमारी पहचान का प्रतीक है, बल्कि यह हमारे आत्मविश्वास को भी बढ़ाती है।इसके लिए, उन्होंने प्राथमिक शिक्षा अपनी मातृभाषा में होने की जरूरत को रेखांकित किया,जिसकी परिकल्पना राष्ट्रीय शिक्षा नीति में की गई है और आखिरकार उच्चतर व तकनीकी शिक्षा तक इसे विस्तारित किया जाना है।उन्होंने व्यापक पहुंच को सुविधाजनक बनाने के लिए भारतीय भाषाओं में वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली में भी सुधार का सुझाव दिया। और कहा,यह आत्मविश्वास आत्मनिर्भरता की ओर ले जाएगा और धीरे-धीरे आत्मानिर्भर भारत की राह बनाएगा।भारतीय भाषाओंके इस्तेमाल को संरक्षित करने और बढ़ावा देने के लिए कुछ उपायों की सूची बनाते हुए,उपराष्ट्रपति ने प्रशासन में स्थानीय भाषाओं के उपयोग, बच्चों के बीच पढ़ने की आदत को बढ़ावा देने और शहरों व गांवों में पुस्तकालयों की संस्कृति को प्रोत्साहित करने का सुझाव दिया।उन्होंने विभिन्न भारतीय भाषाओंके साहित्यिक कार्यों का अनुवाद करने के लिए और अधिक पहल करने का भी आह्वाहन किया। उन्होंने इस बात की इच्छा व्यक्त की कि बच्चों को खेल और गतिविधियों के जरिए सरल तरीके से भाषा की बारीकियां सिखाया जाएं।भाषा की जीवंत संस्कृति को बनाए रखने के लिए एक जन आंदोलन की जरूरत है।उन्होंने इस बात पर भी अपनी प्रसन्नता व्यक्त की कि सांस्कृतिक और भाषाई पुनर्जागरण को लोगों का अधिक से अधिक समर्थन मिल रहा है।उन्होंने इस बात पर भी अपनी प्रसन्नता व्यक्त की कि सांस्कृतिक और भाषाई पुनर्जागरण को लोगों का अधिक से अधिक समर्थन मिल रहा है।भाषा और संस्कृति के बीच गहरे संबंध को देखते हुए,उन्होंने युवाओं को अपनी जड़ों से फिर से जुड़ने के लिए भाषा का इस्तेमाल करने की सलाह दी। और कहा,भाषा संचार के एक माध्यम से कहीं अधिक है,यह अदृश्य धागा है जो हमारे अतीत,वर्तमान और भविष्य को जोड़ता है।मातृभाषा को महत्व देने का मतलब अन्य भाषाओं की उपेक्षा नहीं है। उन्होंने इस धारणा को ख़ारिज किया कि कोई व्यक्ति अंग्रेजी में अध्ययन करने पर ही जीवन में सफलता प्राप्त कर सकता है।इसके लिए उन्होंने अपना और राष्ट्रपति,प्रधानमंत्री और भारत के मुख्य न्यायाधीश का उदाहरण दिया कि,इन चारों ने अपनी-अपनी मातृभाषा में विद्यालय की शिक्षा प्राप्त की और इसके बावजूद बहुत उच्च संवैधानिक पदों पर आसीन हुए।उन्होंने सुझाव दिया कि बच्चों को अधिक से अधिक भाषा सीखने के लिए प्रोत्साहित करें, इसकी शुरुआत अपनी मातृभाषा में एक मजबूत नींव के साथ करें।लोगों से अपनी मातृभाषा को बोलने में गर्व महसूस करने का आग्रह करते हुए श्री नायडु ने कहा कि दैनिक जीवन में भारतीय भाषाओं के इस्तेमाल में हीनता की भावना नहीं होनी चाहिए।आज भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने और उन्हें बदलते समय के अनुकूल बनाने के लिए अभिनव तरीकों के साथ आगे आने का आह्वान किया,यह देखते हुए कि भाषा एक स्थिरअवधारणा नहीं है,उन्होंने भाषाओं को समृद्ध करने के लिए एक गतिशील और सक्रिय दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत पर जोर दिया। अतःअगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि,भारतीय भाषाओं का वैज्ञानिक और तकनीकी स्तर पर संरक्षण करना जरूरी है।क्योंकि भाषा यह संचार के एक माध्यम से कहीं अधिक अदृश्य धागा है जो हमारे अतीत, वर्तमान और भविष्य को जोड़ता है और भारतीय भाषाएं भारत की माला में पिरोए मोती हैं जिसके प्रकाश से भारत आज विश्व में जगमग आ रहा है

## आज का राशिफल

मेष राशिः मेष राशि वालों आज आपका दिन आपके जीवन में नया बदलाव लाने वाला है। आज सामाजिक क्षेत्रों में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। किसी काम में आपको मनवांछित परिणाम मिलेगा, जिससे आपको खुशी महसूस होगी। समय का सदुपयोग करने से कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। इस राशि की महिलाएं खासतौर से अपने व्यक्तित्व को निखारने में ध्यान देंगी। साथ ही अपने कार्यक्षेत्र क्षेत्र में वर्चस्व बनाए रखने की कोशिश करेंगी।

वृष राशिः वृष राशि वालों आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। इस राशि के छात्रों को आज अपने शिक्षकों का पूरा सहयोग मिलेगा। साथ ही करियर में आगे बढने के नए अवसर प्राप्त होंगे। निजी व्यस्तता के चलते कुछ काम अधूरे रह सकते हैं। इस राशि के सरकारी नौकरी करने वालों को एक्स्ट्रा काम और जिम्मेदारी मिल सकती है। आप पूरे आत्मविश्वास के साथ जिम्मेदारी निभायेंगे।

मिथुन राशिः मिथुन राशि वालों आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपको किसी महत्वपूर्ण कार्य में अनुभवी व्यक्ति से मदद मिलेगी। घर में नजदीकी रिश्तेदारों के आने से उत्सव का माहौल रहेगा, कई तरह के विचारों का आदान प्रदान होगा। सही समय पर सही फैसला लेने से आपको नौकरी और बिजनेस में अच्छा मौका मिल सकता है। साथ ही उधार के लेन देन करने से आज के दिन आपको बचना चाहिए।

कर्क राशिः कर्क राशि वालों आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। पारिवारिक माहौल बेहतर बना रहेगा। आपके काम में परिवार वालों का सहयोग बना रहेगा। कई मामलों में धीरज और धैर्य भी रखना जरूरी है। बातचीत में सही शब्दों का इस्तेमाल करें। गुस्से और जल्दबाजी से बनता हुआ काम बिगड़ सकता है। ऑफिस में बहुत संजीदगी से काम करें। आपको अपनी सोच और व्यवहार को संतुलित रखना चाहिए।

सिंह राशिः सिंह राशि वालों आज आपका दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। आज आप अपना लक्ष्य निर्धारित करने के लिए नई योजना बनायेंगे, ये योजना भविष्य में कारगर साबित होगी। आज नए कामों पर आपका ध्यान रहेगा, उसके सकारात्मक नतीजे भी मिलेंगे। किसी विशेष काम को लेकर सफलता मिल सकती है जिससे आप खुश रहेंगे। अपने स्वभाव में सकारात्मक बदलाव लाएंगे। जिससे परिवार और रिश्तेदारों के बीच आपकी अच्छी इमेज बनेगी।

कन्या राशिः कन्या राशि वालों के लिये आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज अध्यात्म की तरफ आपका रुझान रहेगा। छात्रों के करियर में आज नया बदलाव आयेगा, जो उनके भविष्य के लिए फायदेमंद होगा। आज आपकी सेहत बढ़िया रहेगी। नए कामों की योजनाएं बनेंगी। किसी योजना पर काम करने के लिए लोगों से भरपूर मदद मिल सकती है। इस राशि के जो लोग सोशल साइट्स पर काम करते हैं, उनकी जान पहचान किसी ऐसे व्यक्ति से होगी, जिससे उन्हें काफी लाभ मिलेगा।

तुला राशिः तुला राशि वालों आज किसी खास काम में आपको फायदा मिलेगा। आज ऑफिस में कार्यभार अधिक होने से आपको थोड़ी थकान महसूस होगी, अपने खान पान पर विशेष ध्यान दें। आज आपके कारोबार में तेजी आएगी। सहकर्मियों की मदद से आपके काम बन जाएंगे। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। अपने विचारों को पॉजिटिव रखना बहुत जरूरी है। आप घरेलू सामान खरीदने में पैसे खर्च करेंगे। परिवार के कुछ खास मामलों में आज आपको अनदेखी करने से बचना चाहिए।

वृश्चिक राशिः वृश्चिक राशि वालों आज आपका दिन अच्छा रहेगा। माता पिता के साथ आपके रिश्ते बेहतर होंगे। सामाजिक या राजनैतिक जान पहचान बढ़ने से रिश्ते मजबूत होंगे। अपने अंदर ऊर्जा और प्रसन्नता महसूस करेंगे। परिवार के किसी सदस्य के करियर से जुड़ी अच्छी खबर मिल सकती है। नकारात्मक परिस्थितियां बनने पर धैर्य रखें। बिजनेस के मामलों में आज का दिन बेहतर रहेगा।

धनु राशिः धनु राशि वालों आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आप असंभव कार्यों को भी पूरा करने में सफल होंगे। आपको अचानक धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे, घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। अपने से बड़े और समझदार इंसान की मदद से आपकी परेशानियां सुलझ सकती हैं। नजदीकी दोस्त या रिश्तेदार के साथ खराब रिश्ते दोबारा अच्छे हो जायेंगे। आज बहुत व्यवस्थित रहने का समय है। बाहरी गतिविधियों में समय बिताने से पैसा और ऊर्जा बरबाद होगी।

मकर राशिः मकर राशि वालों आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। आपके पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। आपकी कोशिशें सफल होंगी, थोड़ी सी मेहनत करके आप अपने उद्देश्यों को आसानी से प्राप्त करेंगे। नवविवाहितों के जीवन में खुशियाँ बढ़ेगी। आपकी सकारात्मक सोच से परिस्थितियां अच्छी होंगी। घर में धार्मिक आयोजन हो सकता है। आपकी कोशिशों से रिश्ते सुधरेंगे। बिजनेस में खास बदलाव होंगे। उसके सकारात्मक नतीजे मिलेंगे।

कुंभ राशिः कुंभ राशि वालों आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। ऑफिस में सभी लोगों के साथ बेहतर तालमेल बना रहेगा। आज शाम को किसी समारोह में शामिल होंगे। संतान की उपलब्धि को लेकर घर में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। पारिवारिक मसला सुलझने से घर में सुकून और शांति बनी रहेगी। परिवार के साथ मनोरंजन का प्रोग्राम बन सकता है। आज राज की बात किसी से शेयर न करें। किसी पुराने मित्र से मिलकर आपका मन प्रसन्न होगा।

मीन राशिःमीन राशि वालों आज आप खुशियों से भरे दिन की शुरुआत करने वाले हैं। पारिवारिक मामलों को लेकर आपको थोड़ी भागदौड़ करनी पड़ेगी। ऑफिस में काम धीमी गति से पूरे होंगे। थोड़ा समय परिवार और बच्चों की समस्याओं को समझने और सुलझाने के लिए निकालें। आज समय के हिसाब से काम करने के तरीकों में बदलाव करना जरूरी है। किसी बात को लेकर उसके जानकार व्यक्ति से विचार विमर्श करेंगे। आज किसी से भी बेवजह उलझने से आपको बचना चाहिए। आप अपना काम पूरा करने के लिये किसी दोस्त से मदद भी मांग सकते हैं।

चर्चित मुद्दा

# हरीश राणा मामला: जीवन का अधिकार और गरिमामय मृत्यु पर बहस

सुनील कुमार महला



बुधवार, 11 मार्च 2026 को माननीय सुप्रीम कोर्ट ने एक अत्यंत महत्वपूर्ण और संवेदनशील फैसला सुनाया है। पाठक जानते होंगे कि अदालत ने गाजियाबाद के 31 वर्षीय हरीश राणा को पैसिव यूथेनेसिया (निष्क्रिय इच्छामृत्यु) की अनुमति प्रदान की है। वास्तव में अदालत का यह निर्णय इसलिए ऐतिहासिक व महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि इसमें भारतीय संविधान, मानवीय संवेदना और चिकित्सा विज्ञान की वास्तविक स्थिति-तीनों को ध्यान में रखकर यह फैसला सुनाया गया है। दरअसल,हरीश राणा पिछले 13 वर्षों से कोमा की अवस्था में थे। वर्ष 2013 में चंडीगढ़ में बीटेक की पढ़ाई के दौरान वे एक इमारत की चौथी मंजिल से गिर गए थे, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई। इस दुर्घटना के बाद से वे कभी होश में नहीं आ सके और लगातार कोमा की स्थिति में ही रहे। सुप्रीम कोर्ट ने उनकी लंबे समय से चली आ रही इस अवस्था को देखते हुए पैसिव यूथेनेसिया की अनुमति दी।यहाँ पाठकों को बताना आवश्यक है कि पैसिव यूथेनेसिया का अर्थ है-ऐसे मरीज को दिए जा रहे कृत्रिम जीवनरक्षक उपचार (जैसे वेंटिलेटर, फीडिंग ट्यूब या अन्य चिकित्सा उपकरण) को बंद कर देना, जो लंबे समय से असाध्य बीमारी या कोमा की स्थिति में हो और जिसके स्वस्थ होने की कोई वास्तविक संभावना न हो। उल्लेखनीय है कि इसमें मरीज को मृत्यु देने के लिए कोई दवा नहीं दी जाती, बल्कि केवल जीवन को कृत्रिम रूप से बनाए रखने वाले साधनों को हटा दिया जाता है, जिससे मरीज स्वाभाविक रूप से मृत्यु को प्राप्त हो जाता है। सामान्यतः अदालत या परिवार की सहमति तथा चिकित्सकों की सलाह के बाद ही इसकी अनुमति दी जाती है, ताकि मरीज को लंबे समय तक होने वाली असहनीय पीड़ा से मुक्ति मिल सके। हाल फिलहाल, चिकित्सकों के अनुसार, हरीश राणा के स्वस्थ होने की संभावना लगभग समाप्त हो चुकी है और वे जीवनरक्षक उपकरणों के सहारे ही जीवित हैं। लगातार बिस्तर पर पड़े रहने के कारण उनके शरीर पर घाव भी हो चुके हैं। ऐसी स्थिति में उनके माता-पिता ने अदालत से अनुरोध किया कि उनके बेटे को इच्छामृत्यु की अनुमति दी जाए, क्योंकि अब उसके जीवन में पुनर्वास की कोई वास्तविक संभावना नहीं बची है। बहरहाल, इस मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और जस्टिस के.वी. विश्वनाथन की पीठ ने दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) को निर्देश दिया है कि हरीश राणा को पैलिएटिव केयर में भर्ती किया जाए और चिकित्सा विशेषज्ञों की देखरेख में जीवनरक्षक उपकरणों को हटाने की प्रक्रिया पूरी की जाए।गौरतलब है कि पैलिएटिव केयर वह चिकित्सा व्यवस्था है, जिसका उद्देश्य गंभीर या असाध्य बीमारियों से पीड़ित रोगियों के दर्द, कष्ट और मानसिक-भावनात्मक पीड़ा को कम करना तथा उनके जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाना होता है। इसमें बीमारी को पूरी तरह ठीक करने के बजाय रोगी को आराम, सम्मान और सहारा प्रदान करने पर अधिक ध्यान दिया जाता है। दूसरे शब्दों में कहें तो पैलिएटिव केयर ऐसी चिकित्सा पद्धति है, जिसका उद्देश्य असाध्य रोगों से पीड़ित रोगियों को उपचार की अंतिम अवस्था में भी गरिमा और सहारा प्रदान करना है। हाल फिलहाल यहां यदि हम सरल शब्दों में कहें तो यह फैसला एक ऐसे व्यक्ति के बारे में है, जो बहुत लंबे समय से कोमा में था और जिसके ठीक होने की कोई उम्मीद नहीं थी। अदालत ने माना कि किसी व्यक्ति को वर्षों तक केवल मशीनों के सहारे पीड़ा में जीवित रखना उचित नहीं है। इसलिए सुप्रीम कोर्ट ने पैसिव यूथेनेसिया की अनुमति दी। न्यायाधीशों ने भी स्वीकार किया कि यह निर्णय लेना आसान नहीं था, क्योंकि इसमें एक इंसान के जीवन से जुड़ा अत्यंत संवेदनशील प्रश्न था। किंतु न्यायालय का मत था कि जैसे प्रत्येक व्यक्ति को गरिमा के साथ जीवन जीने का अधिकार है, वैसे ही उसे गरिमा के साथ मृत्यु का अधिकार भी होना चाहिए। दरअसल, यह फैसला भारतीय संविधान के अनुच्छेद-21 पर आधारित है, जो प्रत्येक नागरिक को जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार प्रदान करता है। उल्लेखनीय है कि न्यायालय पहले भी इस अधिकार को सम्मानजनक जीवन से जोड़ चुका है।भारत में इच्छामृत्यु को लेकर न्यायालय के निर्णय धीरे-धीरे विकसित हुए हैं। वर्ष 2011 में अरुणा शानबाग मामले में पहली बार निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति दी गई थी। यहां पाठकों को बताता चलूं कि अरुणा शानबाग मुंबई के किंग एडवर्ड मेमोरियल अस्पताल में नर्स थीं तथा वर्ष 1973 में अस्पताल के ही एक कर्मचारी ने उन पर क्रूर हमला किया, जिससे उनके मस्तिष्क को गंभीर क्षति पहुँची और वे स्थायी कोमा जैसी अवस्था में चली गईं। वे लगभग 42 वर्षों तक इसी स्थिति में रहीं और अस्पताल की नर्सें उनकी देखभाल करती रहीं। बाद में, वर्ष 2011 में इस मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कुछ शर्तों के साथ पैसिव यूथेनेसिया को अनुमति दी, हालांकि अरुणा शानबाग के मामले में इसे लागू नहीं किया गया, क्योंकि अस्पताल का स्टाफ उनकी देखभाल जारी रखना चाहता था। यह निर्णय भारत में इच्छामृत्यु को लेकर कानूनी बहस का एक महत्वपूर्ण आधार बना। इसके बाद वर्ष 2018 में कॉमन कॉज बनाम भारत संघ मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पैसिव यूथेनेसिया को कानूनी मान्यता प्रदान की और 'लिविंग विल' की व्यवस्था को भी स्वीकार किया। लिविंग विल का अर्थ है कि कोई व्यक्ति पहले से लिखित रूप में यह घोषित कर सकता है कि यदि वह भविष्य में ऐसी स्थिति में पहुँच जाए, जहाँ उसके स्वस्थ होने की कोई संभावना न हो, तो उसे कृत्रिम जीवनरक्षक साधनों के सहारे जीवित न रखा जाए।

हाल ही में हरीश राणा के मामले में आया सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला कानून, मानवता और चिकित्सा की वास्तविक परिस्थितियों-तीनों को ध्यान में रखकर लिया गया एक महत्वपूर्ण निर्णय है। यह कहना गलत नहीं होगा कि यह मामला हमारे संविधान की संवेदनशीलता का एक उदाहरण बन गया है। इस मामले में न्यायालय के सामने केवल कानून का प्रश्न नहीं था, बल्कि एक परिवार की वर्षों से चली आ रही पीड़ा और चिकित्सा विज्ञान की सीमाएँ भी थीं। इसलिए अदालत ने सभी मानवीय पहलुओं पर विचार करते हुए निर्णय दिया। सुनवाई के दौरान पैसिव और एक्टिव यूथेनेसिया के बीच अंतर भी स्पष्ट किया गया। पैसिव यूथेनेसिया में मरीज को जीवित रखने वाले कृत्रिम जीवनरक्षक साधनों को हटा दिया जाता है, जिससे उसकी मृत्यु स्वाभाविक रूप से हो सके। वहीं एक्टिव यूथेनेसिया में किसी दवा या विशेष उपाय के माध्यम से सीधे मृत्यु दी जाती है। भारत में एक्टिव यूथेनेसिया अभी भी अवैध है, जबकि पैसिव यूथेनेसिया को न्यायालय की निर्धारित शर्तों के साथ अनुमति दी गई है। इतना ही नहीं, सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन ने एक संस्कृत श्लोक भी उद्धृत किया-'चिन्तायाश्च चितायाश्च बिन्दुमात्रं विशिष्यते। चिता दहति निर्जीवं चिन्ता दहति जीवनम्॥'अर्थात इसका मतलब यह है कि चिता मृत शरीर को जलाती है, जबकि चिंता जीवित व्यक्ति को भीतर से जला देती है। यह श्लोक उस मानसिक पीड़ा को दर्शाता है, जिसे हरीश राणा का परिवार कई वर्षों से झेल रहा था।यह फैसला एक महत्वपूर्ण प्रश्न भी उठाता है कि क्या जीवन का अधिकार केवल सांस लेते रहने तक सीमित है, या उसमें मानवीय गरिमा और पीड़ा से मुक्ति भी शामिल है। साथ ही यह भी स्पष्ट हुआ कि भारत में पैलिएटिव केयर की व्यवस्था अभी भी पर्याप्त रूप से विकसित नहीं हो पाई है। इस प्रकार हरीश राणा का मामला केवल एक कानूनी निर्णय नहीं, बल्कि एक मानवीय कहानी भी है, जो यह याद दिलाता है कि न्याय और संविधान की सबसे बड़ी ताकत उसकी संवेदनशीलता और मानवीय गरिमा के प्रति सम्मान में निहित है।

अंत में यह भी उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने 13 वर्षों से कोमा में पड़े हरीश राणा के मामले में उनके माता-पिता की इच्छा मृत्यु की मांग स्वीकार की है। यह निर्णय लंबे विचार-विमर्श के बाद दिया गया है और इसे गरिमापूर्ण मृत्यु के अधिकार के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि, कुछ लोगों ने यह चिंता भी व्यक्त की है कि भविष्य में कहीं इसका दुरुपयोग न होने लगे और लोग जल्दबाजी में इलाज छोड़कर इच्छामृत्यु की मांग न करने लगें, जबकि कई मामलों में चिकित्सा विज्ञान और उपचार से चमत्कारिक सुधार भी संभव होते हैं। इस संदर्भ में हाल ही में उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में एक हैरान कर देने वाली घटना भी सामने आई है। डॉक्टरों द्वारा 'ब्रेन डेड' घोषित की गई एक महिला को जब परिवार एंबुलेंस से घर ले जा रहा था, तभी रास्ते में एंबुलेंस के गड्ढे से गुजरने पर लगे तेज झटके के बाद उसमें अचानक जीवन के लक्षण दिखाई देने लगे। बाद में उसे पुनः अस्पताल ले जाया गया, जहाँ उपचार मिलने के बाद उसकी स्थिति में लगातार सुधार हुआ और अब वह स्वस्थ बताई जा रही है। यहां यह कहना भी है कि आज स्वास्थ्य सेवाएँ पहले की तुलना में कहीं अधिक विकसित हो चुकी हैं, लेकिन गंभीर बीमारियों के इलाज में गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को अक्सर आर्थिक और प्रशासनिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में यह आशंका भी व्यक्त की जा रही है कि कहीं अस्पताल इस फैसले को गंभीर मरीजों से बचने का बहाना न बना लें। अदालत ने भी स्पष्ट किया है कि स्वास्थ्य सेवा केवल मुनाफे का व्यवसाय नहीं है, बल्कि यह नागरिकों के जीवन और गरिमा से जुड़ा एक महत्वपूर्ण दायित्व है। माननीय सुप्रीम कोर्ट ने सीमित शर्तों के साथ इच्छामृत्यु को स्वीकार करते हुए यह संदेश दिया है कि जब किसी मरीज के स्वस्थ होने की कोई संभावना न हो और वह केवल कृत्रिम प्रणालियों के सहारे जीवन-मरण की पीड़ा झेल रहा हो, तब उसे गरिमापूर्ण मृत्यु का अधिकार मिलना चाहिए। यदि इस फैसले का जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ उपयोग किया जाए, तो यह विशेष रूप से उन गरीब परिवारों के लिए राहत और सहारा बन सकता है, जो संसाधनों के अभाव में अपने प्रियजनों को असहनीय कष्ट झेलते देखते हैं।

### सू- दोकू क्र.341

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.340 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |

### शब्द सामर्थ्य - 341

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

**ऊपर से नीचे**

1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. श्रृंगार करना, साजन 14. श्रवणइंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | ■ | 2 | | 3 | ■ | ■ |
| | ■ | 4 | | | ■ | 5 | 6 | |
| 7 | | | ■ | | ■ | ■ | | ■ |
| ■ | ■ | | ■ | 8 | 9 | | | 10 |
| 11 | | ■ | 12 | ■ | | ■ | ■ | |
| | ■ | 13 | | 14 | | ■ | ■ | |
| | ■ | 15 | | | ■ | 16 | | |
| 17 | 18 | | | ■ | 19 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | 20 | | | ■ | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 340 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मै | दा | न | ■ | स | र | ग | म | ■ |
| त्री | ■ | सी | ■ | ■ | क्षा | ■ | धु | रं |
| ■ | सा | ह | स | ■ | ■ | ■ | र | ■ |
| स्वा | ग | त | ■ | स | म | झौ | ता | ■ |
| व | र | ■ | ■ | र | ■ | ■ | ■ | म |
| लं | ■ | वि | ला | स | ■ | ■ | दा | म |
| बी | न | ■ | ज | ■ | सा | मा | न | ता |
| ■ | ज | ■ | वा | हि | या | त | ■ | ■ |
| त | र | की | ब | ■ | ना | ■ | खा | ली |

## एक नजर

### युवक की कुएं में गिरने से हुई मौत, एसडीआरएफने देर रात निकाला शव

**जगदलपुर, 13 मार्च। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बस्तर जिले के भानपुरी थाना क्षेत्र अंर्तगत फरसागुड़ा में बीती रात एक युवक की कुएं में गिरने से मौत हो गई। अचानक आवाज सुनकर ग्रामीण कुएं के पास पहुंचे थे। उन्हें लगा कि कोई व्यक्ति कुएं में गिर गया है। इसके बाद ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को इस बात की सूचना दी। सूचना मिलने पर एसडीआरएफ की टीम ने देर रात उसका शव बाहर निकाला। परिजनों ने बताया कि मृतक त्रिनाथ शराब का आदी था। परिजनों ने उसे कई बार समझाने का प्रयास भी किया था, लेकिन त्रिनाथ ने उनकी बात नहीं मानी। इसी कारण बीती रात नशे में धुत होकर वह कुएं में गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। भानपुरी थाना प्रभारी हर्ष धुरंधर ने इस घटना की जानकारी देते हुए बताया कि फरसागुड़ा के बड़े पारा निवासी त्रिनाथ शराब के नशे में घर से निकला था। देर रात अंधेरे के कारण वह सरकारी कुएं के पास पहुंचा और उसमें गिर गया।ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची थी। रात के अंधेरे और कुएं की गहराई के कारण शव निकालना मुश्किल था। इसलिए एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया। टीम ने रात में ही अपने उपकरणों का उपयोग कर टॉर्च की रोशनी में त्रिनाथ के शव को बाहर निकाला। यह अभियान देर रात तक चला और शव पुलिस को सौंप दिया गया।

### एक दिवसीय प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 17 मार्च को

**कांकेर, 13 मार्च। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोड़ेजुंगा कांकेर में एक दिवसीय प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 17 मार्च को सुबह 11 से अपरान्ह 03 बजे तक किया जाएगा, जिसमें निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा 185 रिक्तियों के आधार पर भर्ती की जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी श्री बी.आर. ठाकुर ने बताया कि उक्त प्लेसमेंट कैम्प में फिल्ड ऑफिसर के 30 पद, सिक्युरिटी गार्ड के 50 पद, फायर मेन के 20 पद, फुड पेकिंग के 25, वाहन चालक के 10 और होक केयर के 50 पदों पर भर्ती की जाएगी। इच्छुक आवेदक उक्त प्लेसमेंट कैम्प में उपस्थित होकर अपना सम्पूर्ण बायोडाटा के साथ आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। आवेदक ई-रोजगार के पोर्टल पर भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्राप्त आवेदनों के आधार पर नियोक्ता द्वारा प्राथमिक चयन कर साक्षात्कार लिया जाएगा, जिसकी सूचना पृथक से फोन के माध्यम से आवेदक को दी जाएगी।

### 31 मार्च तक राशन कार्ड ई-केवाईसी कराने की अपील

**जगदलपुर, 13 मार्च। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।**जिले के राशनकार्ड धारियों के लिए शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ निरंतर बनाए रखने हेतु ई-केवायसी प्रक्रिया पूर्ण करने की अंतिम घड़ी नजदीक आ गई है। राज्य शासन के द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप जिले के सभी पंजीकृत सदस्यों को आगामी 31 मार्च 2026 तक अनिवार्य रूप से अपना ई-केवायसी अपडेट कराना होगा। खाद्यय नियत्रंक से मिली जानकारी के अनुसार जिले में वर्तमान में राशनकार्डों के अंतर्गत कुल 8,29,814 सदस्य पंजीकृत हैं, जिनमें से 7,12,650 सदस्यों का सत्यापन कार्य सफ्लतापूर्वक संपन्न हो चुका है।

# तेंदूपत्ता परिवहन में पारदर्शिता लाने अब जेम पोर्टल से होगी निविदा प्रक्रिया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर,13 मार्च।** राज्य शासन की नवीन तेंदूपत्ता नीति 2025 के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में वन विभाग ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। वर्ष 2026 के तेंदूपत्ता संग्रहण सीजन के दौरान बोरों के सुगम और पारदर्शी परिवहन के लिए इस बार जेम पोर्टल के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जा रही हैं। इसी सिलसिले में जगदलपुर वन वृत्त कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें वन वृत्त में समाहित जिलों बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा और जगदलपुर के परिवहन ठेकेदारों को आमंत्रित कर नई व्यवस्था की विस्तृत जानकारी दी गई।

इस अवसर पर मुख्य वन संरक्षक एवं पदेन मुख्य महाप्रबंधक आलोक कुमार तिवारी ने उपस्थित ट्रांसपोर्टरों को संबोधित करते हुए कहा कि विभाग का मुख्य उद्देश्य तेंदूपत्ता परिवहन कार्य में पूर्ण पारदर्शिता, समयबद्धता और सुचारू संचालन सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि जेम पोर्टल के माध्यम से निविदा प्रक्रिया अपनाने से न केवल व्यवस्था में सुधार होगा, बल्कि कार्यप्रणाली भी अधिक विश्वसनीय बनेगी। बैठक के दौरान मुख्य वन संरक्षक श्री तिवारी ने ठेकेदारों द्वारा उठाई गई विभिन्न तकनीकी समस्याओं और शंकाओं का मौके पर ही समाधान किया, ताकि आगामी सीजन के दौरान परिवहन कार्य में किसी भी प्रकार का गतिरोध उत्पन्न न हो। बैठक में उपस्थित उप प्रबंधक गुलशन कुमार साहू और अन्य विभागीय कर्मचारियों ने भी नई नीति के अंतर्गत आने वाली निविदा शर्तों और नियमों पर चर्चा की। वन विभाग द्वारा सभी परिवहन ठेकेदारों से आग्रह किया गया है।

### सरपंच के 17, पंच के 320 तथा वार्ड पार्षद के 1 पद के लिए होगा उप निर्वाचन

# नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन के लिए समय-अनुसूची जारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर,13 मार्च।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन 2026 कराए जाने हेतु फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए कार्यक्रम (समय-अनुसूची) आदेश जारी किया गया है। जारी समय-अनुसूची के अनुसार निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए प्रथम चरण में आगामी 23 मार्च से 09 अप्रैल तक तथा द्वितीय चरण में 13 अप्रैल से 5 मई तक की तिथि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित की गई है। निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 5 मई 2026 को किया जाएगा। त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन के तहत जिले में सरपंच के 17, पंच के 320 एवं नगरीय उप निर्वाचन के अंतर्गत नगर पंचायत चारामा में वार्ड पार्षद के 01 पद के लिए निर्वाचन सम्पन्न किया जाएगा।

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जितेन्द्र कुमार कुर्रे ने बताया कि जारी कार्यक्रम के अनुसार त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय उप निर्वाचन के प्रथम चरण में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की नियुक्ति एवं प्रारंभिक प्रारूप निर्वाचक नामावली तैयार करने हेतु कर्मचारियों का चयन एवं नियुक्ति 23 मार्च सोमवार तक की जाएगी। इसी प्रकार 24 मार्च मंगलवार को निर्वाचक नामावली तैयार करने हेतु रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं प्राधिकृत कर्मचारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा तथा अद्यतन निर्वाचक नामावली जिला निर्वाचन कार्यालय से बुधवार 25 मार्च तक प्राप्त की जाएगी। 27 मार्च शुक्रवार तक विधानसभा की निर्वाचक नामावली वार्डवार पृथक कर रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा सोमवार 30 मार्च को प्रचलित परिसीमन के आधार पर रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा निर्वाचक नामावली को वार्डवार एवं भागवार मार्किंग की जाएगी। वार्डवार एवं भागवार चिन्हित निर्वाचकों को सॉफ्टवेयर के माध्यम से दर्शित वार्ड के संबंधित भाग के अनुभाग में 02 अप्रैल गुरूवार तक शिफ्ट किया जाएगा। निर्वाचक नामावली की चेकलिस्ट पीडीएफ मंगलवार 07 अप्रैल तक तैयार किया जाएगा। बुधवार 08 अप्रैल तक चेकलिस्ट पीडीएफ की जांच एवं त्रुटि सुधार करना तथा चेकलिस्ट संशोधन पश्चात प्रारूप निर्वाचक नामावली की मुद्रण हेतु जिला निर्वाचन कार्यालय को प्रदाय किया जाएगा, जबकि जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा निर्वाचक नामावली का मुद्रण कर रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को 09 अप्रैल गुरूवार को उपलब्ध कराई जाएगी।

इसी प्रकार कार्यक्रम के द्वितीय चरण में सोमवार 13 अप्रैल से निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन एवं दावे तथा आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी और मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को निर्वाचक नामावली उपलब्ध कराई जाएगी। दावे-आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20 अप्रैल अपरान्ह 03 बजे तक तथा उनके निपटारे 23 अप्रैल गुरूवार तक किए जाएंगे। इसी प्रकार प्ररूप क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 24 अप्रैल शुक्रवार तक निर्धारित की गई है तथा प्राप्त दावा का निराकरण 27 अप्रैल सोमवार तक किया जाएगा, जिनका निराकरण आदेश परित होने के 05 दिवस के भीतर किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 29 अप्रैल बुधवार तक परिवर्धन, संशोधन एवं विलोपन के प्रकरणों की प्रविष्टि सॉफ्टवेयर में किया जाएगा तथा चेकलिस्ट का निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जांच एवं पीडीएफ मुद्रण हेतु 2 मई तक जिला कार्यालय को सौंपा जाएगा। उन्हांने बताया कि 4 मई सोमवार तक अनुपूरक सूची का मुद्रण कराने और अनुपूरक सूची को मूल सूची के साथ संलग्न किया जाएगा। तत्पश्चात निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 5 मई 2026 को किया जाएगा। इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अनुविभागीय अधिकारी तहसीलदार, मुख्य नगरपालिका अधिकारी तथा संबंधित जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को पत्र जारी कर आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली तैयार करने एवं पुनरीक्षण करने के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### जनगणना-2027 के लिए रिफ्रेशर प्रशिक्षण 13 मार्च को

जनगणना-2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 01 मई से 30 मई की बीच संपादित किया जाएगा। कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी ने बताया कि इसके लिए राज्य शासन के अधिकारियों के द्वारा एक दिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण 13 मार्च को सुबह 10 से शाम 05 बजे तक जिला कार्यालय के सभाकक्ष में राज्य स्तरीय ट्रेनर श्री हिरेन्द्र सिन्हा एवं श्री दीपक कुशवाहा द्वारा दिया जाएगा। उन्होंने अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी, अनुविभागीय जनगणना अधिकारी, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, तहसीलदार एवं चार्ज अधिकारी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं चार्ज नगरपालिका अधिकारी और सभी जनगणना प्रभारी लिपिकों को उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में निर्धारित समय में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

## अनियंत्रित पिकअप वाहन के पलटने से 3 लोगों की मौत, 25 घायल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नारायणपुर, 13 मार्च।** जिले के नारायणपुर-ओरछा मुख्य मार्ग पर ग्राम झारा घाटी के पास बीती रात में पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट जाने से हुए सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई वहीं इसमें सवार 25 लोग घायल हुए हैं। बताया जा रहा है कि पिकअप में 30 से ज्यादा लोग सवार थे। दुर्घटना में दो महिलाओं और एक पुरुष की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को गाड़ी से बाहर निकाला गया। घायलों को तत्काल 108 संजीवनी एंबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल नारायणपुर में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों की टीम द्वारा उनका इलाज किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार यह पिकअप वाहन नियमों के विपरीत सवारी ढोने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा था। पहले भी ऐसे वाहनों से कई हादसे हो चुके हैं, लेकिन वाहन संचालक इससे बाज नहीं आ रहे। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और सड़क सुरक्षा को लेकर चेतावनी जारी की है। कुछ प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नारायणपुरङ्कओरछा मुख्य मार्ग लंबे समय से जर्जर स्थिति में है। सड़क की खराब हालत तथा वहां चालकों की लापरवाही के कारण इस मार्ग पर आए दिन दुर्घटनाओं की खबरें सामने आती रहती हैं।

## संगठन ने जो जिम्मेदारी दी उस पर खरा उतरने का भरसक प्रयास करूंगा : रामू नेताम

■ भाजपा के नव नियुक्त प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट रामू नेताम ने राष्ट्रीय और प्रदेश संगठन के प्रति जताया आभार



**दंतेवाड़ा 13 मार्च।**भाजपा प्रदेश संगठन ने बुधवार को प्रदेश में सांगठनिक नियुक्तियां करते हुए ,प्रदेश प्रवक्ताओं और मीडिया पैनलिस्टों की घोषणा की है, जिसमें दंतेवाड़ा जिले से भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री रामू नेताम को भाजपा का प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट नियुक्त किया है।जिस पर रामू नेताम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर प्रदेश संगठन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

जारी विज्ञप्ति में रामू नेताम ने कहा कि दंतेवाड़ा जैसे जिले से एक सामान्य कार्यकर्ता को प्रदेश में भाजपा सरकार और संगठन के कार्यो के प्रस्तुतिकरण के लिए मीडिया पैनलिस्ट नियुक्त किया है ,इसके लिए वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन,प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, संगठन महामंत्री पवन साय , मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश संगठन प्रभारी अजय जामवाल सहित संगठन और बीजेपी सरकार के सभी लोगों के प्रति आभार प्रकट करते हैं ।उन्होंने कहा कि पार्टी ने उनके प्रति जो विश्वास जताया है,उस पर वह खरा उतरने का भरसक प्रयास करेंगे।रामू नेताम ने कहा कि एक सामान्य कार्यकर्ता को संगठन की ऐसी शक्ति प्रदान करना केवल भारतीय जनता पार्टी में ही सम्भव है । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के नेतृत्व में भाजपा देश के अंतिम व्यक्ति न केवल पहुंच रही है अपितु उन्हें नेतृत्व प्रदान करने का कार्य भी कर रही है।

# गैस एजेंसी संचालकों ने बैठक में बताया लोगों को निर्बाध गैस सिलेंडर दिया जा रहा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 13 मार्च।** जिले में घरेलू गैस की सुचारू आपूर्ति और वितरण व्यवस्था को पुख्ता करने के उद्देश्य से कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशानुसार बुधवार को एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। कलेक्ट्रेट स्थित आस्था हॉल में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता अपर कलेक्टर सीपी बघेल ने की, जिसमें खाद्य विभाग के अधिकारियों और जिले के गैस एजेंसी संचालकों ने हिस्सा लिया। बैठक के दौरान कलेक्टर के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करते हुए जिले की 14 गैस एजेंसियों के संचालकों और प्रतिनिधियों ने प्रशासन को अवगत कराया कि वर्तमान में गैस सिलेंडरों का स्टॉक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, और नियमित रूप से गैस का लोड प्राप्त हो रहा है। संचालकों ने यह भी स्पष्ट किया कि उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडरों की आपूर्ति बिना किसी बाधा के निरंतर जारी है। इस अवसर पर खाद्य नियंत्रक घनश्याम राठौर ने पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सभी एजेंसियों को निर्देश जारी किए कि वे प्रतिदिन के स्टॉक और आने वाले लोड की जानकारी अनिवार्य रूप से साझा करें। प्रशासन ने उपभोक्ताओं की सुविधा को सर्वोपरि रखते हुए विशेष रूप से निर्देशित किया कि होम डिलीवरी के माध्यम से गैस सिलेंडरों की आपूर्ति नियमित रूप से की जाए, ताकि आम जनता को अपने घरों तक ईंधन प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में खाद्य विभाग के समस्त अधिकारी और जिले की सभी प्रमुख गैस एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे, जिन्होंने कलेक्टर के निर्देशों के अनुरूप पारदर्शी वितरण प्रणाली सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

## छोटे देवडा धान संग्रहण केंद्र का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**जगदलपुर, 13 मार्च। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।**कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने छोटे देवडा धान संग्रहण केंद्र का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। गुरुवार को कलेक्टर बकावंड विकासखंड के निरीक्षण दौरे पर रहे इस दौरान उन्होंने केंद्र की भंडारण क्षमता के अनुसार मिलर्स के माध्यम से धान का उठाव धीरे-धीरे सुनिश्चित कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। साथ ही संग्रहण केंद्र से धान की शॉर्टेज होने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए ऐसी स्थिति पाए जाने पर आवश्यक कार्यवाही करने की चेतावनी भी दी। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने धान के स्टेक को निर्धारित स्टेक प्लानिंग के अनुसार व्यवस्थित तरीके से रखने के निर्देश दिए। उन्होंने स्टेक के आसपास समय-समय पर कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव करने तथा बदलते मौसम को ध्यान में रखते हुए धान को तिरपाल से ढंककर सुरक्षित रखने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने संग्रहण केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था का भी निरीक्षण किया और वहां लगे सीसीटीवी कैमरों की निगरानी व्यवस्था का जायजा लिया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री प्रतीक जैन, सहायक कलेक्टर श्री विपिन दुबे, तहसीलदार जागेश्वरी, डीएमओ नान श्री राजेन्द्र ध्रुव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## कर्मचारी चयन मंडल के गठन का निर्णय युवाओं के लिए ऐतिहासिक : भरत मटियारा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कांकेर, 13 मार्च।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में संपन्न राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल के गठन को स्वीकृति दिए जाने के निर्णय का छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष श्री भरत मटियारा ने स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है।

श्री मटियारा ने कहा कि राज्य सरकार का यह निर्णय प्रदेश के युवाओं के हित में एक महत्वपूर्ण और दूरदर्शी पहल है। कर्मचारी चयन मंडल के गठन से राज्य सिविल सेवा परीक्षा को छोड़कर अधिकांश शासकीय भर्तियां एक ही मंच के माध्यम से संपन्न होंगी, जिससे भर्ती प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, व्यवस्थित एवं समयबद्ध हो सकेगी। उन्होंने कहा कि नई व्यवस्था लागू होने के बाद वर्तमान छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) के स्थान पर कर्मचारी चयन मंडल कार्य करेगा, जो भर्ती तंत्र को और अधिक सुदृढ़ बनाने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि नए मंडल के माध्यम से विभिन्न विभागों की समान प्रकृति की परीक्षाओं को एक साथ आयोजित करने की व्यवस्था की जाएगी तथा परीक्षा कैलेंडर जारी कर तय समय-सीमा में परीक्षाएं एवं परिणाम घोषित किए जाएंगे। इससे युवाओं को लंबे समय तक परिणाम की प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ेगी और भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता एवं विश्वास बढ़ेगा। श्री भरत मटियारा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने, रोजगार के अवसर बढ़ाने तथा शासन व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने के लिए लगातार महत्वपूर्ण निर्णय ले रही है। कर्मचारी चयन मंडल का गठन निश्चित रूप से प्रदेश के लाखों युवाओं के लिए लाभकारी सिद्ध होगा, विशेषकर दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं में समान अवसर प्राप्त होंगे।

### कलेक्टर ने करपावंड स्थित पीएमश्री आत्मानंद स्कूल की

# अटल टिंकरिंग लैब और आंगनबाड़ी केंद्रों की व्यवस्था का लिया जायजा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**जगदलपुर, 13 मार्च।** कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने करपावंड स्थित पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण कर शैक्षणिक गतिविधियों और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों से गणित से संबंधित प्रश्न पूछे, जिनका विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास के साथ जवाब दिया। जवाब देने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें चॉकलेट वितरण किया। कलेक्टर ने स्कूल के प्राथमिक शाला के बच्चों से संवाद कर मध्याह्न भोजन की स्थिति की जानकारी ली तथा प्रैक्टिकल लैब के शिक्षकों से विद्यार्थियों को प्रयोग करवाने के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

कलेक्टर ने बकावंड विकासखंड के सरगीपाल स्कूल में संचालित अटल टिंकरिंग लैब का भी निरीक्षण किया। इस दौरान शिक्षकों ने बताया कि बायो-मटेरियल वेस्ट मैनेजमेंट पर आधारित एक मॉडल को राज्य स्तर पर प्रदर्शित किया गया है। कलेक्टर ने 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के लिए लैब में प्रैक्टिकल रोस्टर की जानकारी ली और भौतिकी, जीव विज्ञान तथा रसायन शास्त्र प्रयोगशालाओं में रखे उपकरणों व सामग्रियों की तिथियों का निरीक्षण किया। उन्होंने लंबे समय से रखे प्रायोगिक सामानों का निर्धारित समय सीमा में उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों को बेहतर अध्ययन वातावरण प्रदान कर अधिक अंक प्राप्त करने और बेहतर परीक्षा परिणाम लाने के लिए प्रयास करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने सरगीपाल हाईस्कूल में संचालित कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा का भी अवलोकन किया और परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

इसके बाद कलेक्टर ग्राम क्षमापुर के सुंडीपारा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचे, जहां उन्होंने बच्चों के बीच बैठकर उनसे संवाद किया और बच्चों को टॉफी वितरित की। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र में दी जा रही सुविधाओं और व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली।

कलेक्टर के निर्देश पर आमजनों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन की पहल

# जिले के अंतिम छोर पर स्थित मुकड़ेगा के जनसमस्या निवारण शिविर का लाभ सैकड़ों ग्रामीणों ने उठाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 13 मार्च।** जिला प्रशासन द्वारा आमजन की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले के विकासखंड लैलूंगा अंतर्गत सुदूर वनांचल क्षेत्र मुकड़ेगा में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर आयोजित इस शिविर में दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त किया। शिविर के दौरान कलेक्टर श्री चतुर्वेदी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया तथा प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविर में प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए और पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ समय पर मिले।



### समाधान शिविरों को औपचारिकता के रूप में न लें:कलेक्टर

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि समाधान शिविरों की जानकारी कम से कम तीन दिन पहले ग्राम पंचायतों में व्यापक रूप से दी जाए। केवल जनपद की मुनादी पर निर्भर न रहकर जमीनी अमले का भी सहयोग लिया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग शिविर में पहुंच सकें। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि जिन सेवाओं का निराकरण ऑनलाइन संभव है, उनके लिए इंटरनेट युक्त कंप्यूटर अथवा लैपटॉप की व्यवस्था की जाए। साथ ही शिविर स्थल पर छाया एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविरों को औपचारिकता के रूप में न लिया जाए, बल्कि आमजन की समस्याओं के वास्तविक समाधान का माध्यम बनाया जाए। बता दे कि 13 मार्च को तहसील मुख्यालय तमनार में अगला जिला स्तरीय शिविर का आयोजन किया जाएगा।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि सरकार स्वयं गांवों तक पहुंचकर लोगों की समस्याओं का समाधान कर रही है, जो सराहनीय कदम है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि शिविरों में पहुंचकर शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाएं और अपनी आय के स्रोत बढ़ाएं।

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों को सामग्री एवं स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लिबरा और सोनाजोरी को बाल विवाह मुक्त प्रमाण पत्र प्रदान किया गया, वहीं नन्हे बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया तथा गर्भवती माताओं को सुपोषण किट वितरित की गई। शिक्षा विभाग द्वारा 7 दिव्यांग बच्चों को शिक्षण सामग्री प्रदान की गई। मछली पालन विभाग ने 2 हितग्राहियों को मछली जाल तथा 2 हितग्राहियों को आइस बॉक्स वितरित किया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत 22 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास पूर्णता के बाद चाबी प्रदान की गई, जबकि 13 हितग्राहियों को आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र दिए गए। श्रम विभाग द्वारा 3 हितग्राहियों को योजनांतर्गत चेक प्रदान किए गए तथा खाद्य विभाग द्वारा 12 हितग्राहियों को प्राथमिकता राशन कार्ड वितरित किए गए। समाज कल्याण विभाग द्वारा एक हितग्राही को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल तथा 9 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत दो स्व-सहायता समूहों को बैंक क्रेडिट लिंकेज राशि प्रदान की गई, वहीं उद्यानिकी विभाग द्वारा फलदार पौधों का वितरण किया गया।

### हितग्राहियों ने योजनाओं का लाभ मिलने पर जताई खुशी

शिविर में लाभ प्राप्त करने वाले हितग्राहियों ने प्रसन्नता व्यक्त की। तोलमा के ईसाइया कुजूर ने बताया कि उन्हें शिविर में मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल मिलने से अब आवागमन में काफी सुविधा होगी और दैनिक कार्यों में आसानी होगी। बुध साय गोंड ने आवास योजना का लाभ मिलने पर सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। वहीं सुशील टोप्पो और सुरेश लकड़ा ने बताया कि मछली पालन के लिए सामग्री मिलने से अब इस कार्य को बेहतर ढंग से कर सकेंगे।

### स्वास्थ्य जांच, आधार निर्माण सहित विभिन्न सेवाएं उपलब्ध

शिविर में 200 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 100 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां वितरित की गई तथा 5 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। आयुष विभाग द्वारा 97 लोगों को औषधि वितरित की गई। श्रम विभाग द्वारा श्रमिक पंजीयन किया गया और चिप्स विभाग द्वारा 20 से अधिक लोगों के आधार कार्ड बनाए गए। शिविर में डाकघर, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, उद्यानिकी, मछली पालन, श्रम, जल संसाधन, सीएसपीडीसीएल, राजस्व, सीएससी, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, लोक निर्माण, आयुष, खाद्य, वन, पशुधन, महिला एवं बाल विकास, आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति, कृषि तथा रोजगार नियोजन एवं कौशल विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए अधिकारियों ने शासन की योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों को उनका लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। शिविर में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री दीपक सिदार, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शांता भगत, जनपद पंचायत लैलूंगा अध्यक्ष श्रीमती ज्योति भगत, उपाध्यक्ष श्री मनोज अग्रवाल, जनपद सदस्य श्रीमती कल्पना भोई, श्री रवि भगत, श्रीमती सुमन साय, श्री दिनेश यादव, श्रीमती पूर्णवती पैकरा, श्रीमती शांता साय एवं श्रीमती स्नेहलता सिदार सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रशासनिक अधिकारियों में जिला पंचायत सीईओ एवं मैदानी अमला उपस्थित रहे।

## एक नजर

### ई-रोजगार पोर्टल में पंजीकृत युवाओं के लिए 16 मार्च को प्लेसमेंट कैंप

**रायगढ़, 13 मार्च ।** जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 16 मार्च को जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र रायगढ़ में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह कैंप प्रातः 10.30 बजे से आयोजित होगा, जिसमें निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों द्वारा रिक्त पदों के लिए योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। कैंप में भाग लेने के लिए आवेदकों का ई-रोजगार पोर्टल में पंजीकृत होना अनिवार्य है। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर प्लेसमेंट कैंप में शामिल हो सकते हैं।जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस प्लेसमेंट कैंप के माध्यम से निजी क्षेत्र मे.स्वतंत्र माईक्रोफिन लिमिटेड नियम आफ डिग्री कालेज लोचन नगर रायगढ़ में फील्ड ऑफिसर एवं कलेक्शन आफिसर, मे.सनसाइन होटल ढिमरापुर रोड जगतपुर में रिसेप्सनिस्ट हाउस कीपिंग एफ एंड बी सर्विस, साउथ इंडियन सेफ, कोल्ड बेकरी सेफ एवं एफ एंड बी मैनेजर तथा मे.अपोलो फार्मेसीज लिमिटेड 6 वां फ्लोर विधानसभा रोड मोवा ओवरब्रिज के पास मोवा रायपुर में फार्मास्टि, असिस्टेन्ट फार्मेसी की रिक्तियों के लिए सीधे चयन की प्रक्रिया की जाएगी। कैंप से संबंधित विस्तृत जानकारी जिला रोजगार कार्यालय रायगढ़ से प्राप्त की जा सकती है।

### आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए 30 मार्च तक आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़, 13 मार्च ।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ ग्रामीण अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र महापल्ली क्रमांक 2 ग्राम पंचायत महापल्ली में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद की पूर्ति हेतु 16 से 30 मार्च तक आवेदन आमंत्रित किए गए है। इस संबंध में इच्छुक आवेदिका अपना आवेदन महिला एवं बाल विकास विभाग के ऑनलाईन पोर्टल aww.e-bharti.in के माध्यम से जमा कर सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (ग्रामीण) कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन कर सकते है।

### फसल परिवर्तन एवं उन्नत कृषि करने वाले कृषकों को कलेक्टर प्रजापति ने किया प्रोत्साहित

**मोहला 13 मार्च ।** कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने आज विकासखंड मोहला एवं मानपुर का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने उन्नत कृषि, उद्यानिकी फसलों, शैक्षणिक संस्थान तथा विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने फसल परिवर्तन एवं उन्नत कृषि पद्धतियों को अपनाने वाले कृषकों को प्रोत्साहित किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रीमती भारती चंद्राकर भी उपस्थित रहीं।कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने मोहला विकासखंड के ग्राम पंडरवानी के मरारपारा निवासी कृषक श्री गोपेश के कृषि कार्यों का अवलोकन किया। कृषक श्री गोपेश ने बताया कि उनके पास लगभग 28 एकड़ कृषि भूमि है, जिसमें उन्होंने लगभग ढाई एकड़ में सूर्यमुखी की खेती की है। इसके साथ ही उन्होंने गेहूं और चना जैसी फसलें भी ली हैं। उन्होंने बताया कि उनके पास सिंचाई के साधन उपलब्ध हैं तथा कृषि विभाग द्वारा भी आर्थिक सहयोग प्राप्त हुआ है। इसी प्रकार ग्राम देवरसुर निवासी श्री मोहन निषाद के कृषि कार्यों का भी कलेक्टर ने अवलोकन किया। कृषक ने बताया कि वे पूर्व से ही तरबूज की खेती करते आ रहे हैं। वर्तमान में उन्होंने लगभग 3 एकड़ में तरबूज की खेती की है।

# डीएमएफ मद से 50 किसान कर रहे लैलूंगा में रागी की ऑर्गेनिक खेती, कलेक्टर ने खेतों में पहुंचकर लिया जायजा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 13 मार्च।** जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में विकास कार्यों की स्थिति का जायजा लेने और ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी आज लैलूंगा विकासखंड के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने सलखिया स्थित गुरुकुल आश्रम में डीएमएफ मद से संचालित रागी की जैविक खेती का निरीक्षण किया और किसानों द्वारा अपनाई जा रही आधुनिक व जैविक तकनीकों की सराहना की। इसके साथ ही उन्होंने केलो नदी के उद्गम स्थल ग्राम पहाड़ लुड़ेग का भ्रमण कर उसके संरक्षण और विकास की संभावनाओं पर ग्रामीणों से चर्चा की। कलेक्टर ने खम्हार-पाकुट जलाशय योजना का निरीक्षण करते हुए जलाशय के तटीय क्षेत्र के सौंदर्यीकरण की योजना बनाने के निर्देश दिए, वहीं लैलूंगा के 50 बिस्तरीय मातृ एवं शिशु अस्पताल का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।



दौरे के दौरान कलेक्टर ने सलखिया स्थित गुरुकुल आश्रम में डीएमएफ की सहायता से की जा रही रागी की खेती की जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि लैलूंगा विकासखंड के लगभग 50 किसान इस बार रागी की खेती पूरी तरह जैविक पद्धति से कर रहे हैं। किसानों को आधुनिक तकनीक के साथ वैज्ञानिक तरीके से खेती करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कलेक्टर को बताया गया कि छत्तीसगढ़ के रागी विशेषज्ञ श्री जैकब द्वारा किसानों को रागी उत्पादन की तकनीकी जानकारी और प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। कलेक्टर ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि रागी एक पोषक और जलवायु के अनुकूल फसल है, जिसे बढ़ावा देने से किसानों की आय में वृद्धि हो सकती है। उन्होंने कहा कि आने वाले खरीफ सीजन में रागी की खेती को बड़े स्तर पर विस्तार देने की योजना बनाई जा रही है। टिकरा भूमि में जहां किसान धान की खेती करते हैं, वहां रागी जैसी वैकल्पिक और लाभकारी फसल को अपनाने के लिए किसानों को प्रेरित किया जाएगा।

कलेक्टर ने केलो नदी के उद्गम स्थल ग्राम पहाड़ लुड़ेग का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों से चर्चा कर नदी के उद्गम स्थल से जुड़ी जानकारी प्राप्त की। ग्रामीणों ने लैलूंगा से पहाड़ लुड़ेग तक सड़क निर्माण की मांग रखी, जिस पर कलेक्टर ने सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि केलो नदी का उद्गम स्थल जिले की महत्वपूर्ण प्राकृतिक धरोहर है और इसे सुरक्षित एवं संरक्षित रखना सभी की जिम्मेदारी है। कलेक्टर ने पहाड़ लुड़ेग ग्राम पंचायत को आदर्श ग्राम के रूप में विकसित करने के लिए भी प्रयास करने का आश्वासन दिया। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि यदि इस स्थल को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जाए तो क्षेत्र के लोगों को रोजगार और आय के नए अवसर मिल सकते हैं।

# जवाफूल की खेती से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ीं किसान शिला पैकरा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 13 मार्च।** लैलूंगा विकासखंड के ग्राम करवाजोर की श्रीमती शिला पैकरा पारंपरिक खेती से आगे बढ़कर नवाचार अपनाते हुए आत्मनिर्भरता की दिशा में मिसाल पेश कर रही हैं। उन्होंने अपने लगभग 3 एकड़ खेत में जवाफूल धान की खेती कर न केवल बेहतर उत्पादन प्राप्त किया, बल्कि अपनी आर्थिक स्थिति को भी मजबूत बनाया है।

शिला पैकरा ने बताया कि इस वर्ष उन्होंने करीब 3 एकड़ क्षेत्र में जवाफूल धान की खेती की थी, जिससे लगभग 30 क्विंटल उत्पादन प्राप्त हुआ। बाजार में जवाफूल चावल की अच्छी मांग होने के कारण उन्हें इसका बेहतर मूल्य भी मिल रहा है। वर्तमान में स्थानीय बाजार में जवाफूल चावल की कीमत करीब 150 रुपये प्रति किलो तक मिल रही है, जिससे उन्हें अच्छी आमदनी होने की उम्मीद है। जवाफूल धान अपनी विशेष सुगंध और स्वाद के लिए जाना जाता है, जिसके कारण इसकी बाजार में हमेशा अच्छी मांग रहती है। शिला पैकरा का कहना है कि यदि किसानों को उचित मार्गदर्शन और बाजार उपलब्ध हो, तो पारंपरिक धान की इस किस्म की खेती से अच्छी आय प्राप्त की जा सकती है।कृषि के साथ-साथ शिला पैकरा आजीविका के अन्य माध्यमों से भी जुड़ी हुई हैं। वे गांव के गायत्री स्व-सहायता समूह की सक्रिय सदस्य हैं और समूह के माध्यम से मशरूम उत्पादन का कार्य भी कर रही हैं। इससे उन्हें अतिरिक्त आय का स्रोत मिल रहा है और परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है। शिला पैकरा की सफलता से गांव की अन्य महिलाएं भी प्रेरित हो रही हैं। वे मानती हैं कि मेहनत, नवाचार और समूह की ताकत के सहारे ग्रामीण महिलाएं भी आत्मनिर्भर बन सकती हैं।

# बैठक में गैस एजेंसी संचालकों ने बताया जिले में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों का पर्याप्त स्टाक उपलब्ध

**महासमुंद 13 मार्च ।** संचालनालय खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, नवा रायपुर के आदेशानुसार जिले में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों की आपूर्ति, दैनिक आवश्यकता एवं उपलब्धता की समीक्षा के लिए कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री रवि साहू द्वारा खाद्य विभाग के अधिकारियों एवं जिले के सभी गैस एजेंसियों की बैठक लेकर जानकारी ली गई।

बैठक में गैस एजेंसी संचालकों ने जानकारी दी कि उनके पास घरेलू गैस सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और जिले में उपभोक्ताओं की बुकिंग के अनुसार गैस सिलेंडरों की डिलीवरी सुचारू रूप से की जा रही है। उन्होंने बताया कि सप्लाई प्लांट से भी गैस सिलेंडरों की उपलब्धता में किसी प्रकार की समस्या नहीं है।बैठक में खाद्य अधिकारी श्री अजय यादव द्वारा गैस एजेंसियों को निर्देशित किया गया कि वे हितग्राहियों को उनकी बुकिंग और पात्रता के अनुसार निर्धारित क्रम में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराएं। साथ ही एजेंसियों को अपने स्टॉक का रिकॉर्ड नियमित रूप से अद्यतन रखने तथा स्टॉक की जानकारी विभाग को उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए।इस संबंध में उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे गैस सिलेंडर की कमी से जुड़ी किसी भी प्रकार की अफवाहों या भ्रम पर ध्यान न दें। साथ ही अनावश्यक रूप से लाइन में लगने या घरों में अतिरिक्त सिलेंडर जमा करने की आवश्यकता नहीं है। आवश्यकता होने पर ही गैस की बुकिंग कराकर सिलेंडर प्राप्त करें। बैठक में सहायक खाद्य अधिकारी श्री मनीष यादव, खाद्य निरीक्षक श्री सुशील शर्मा सहित जिले के गैस वितरकों के संचालक एवं प्रोपाइटर उपस्थित रहे।

# कारखानों में सुरक्षा नियमों के उल्लंघन पर सख्ती

**रायगढ़, 13 मार्च ।** जिले में औद्योगिक इकाइयों में श्रमिकों की सुरक्षा एवं कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों के कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कार्यालय उप संचालक, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा रायगढ़ के उप संचालक श्री राहुल पटेल द्वारा जिले में स्थापित विभिन्न कारखानों में घटित दुर्घटनाओं के पश्चात निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाए गए उल्लंघनों के संबंध में संबंधित कारखानों के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण श्रम न्यायालय रायगढ़ में दायर किए गए थे, जिनका माह फरवरी 2026 में निराकरण किया गया है। जिसमें न्यायालय ने दोषी पाए गए संचालकों पर लाखों रुपए का अर्थदण्ड लगाया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम एवं पोस्ट सराईपाली, जिला रायगढ़ स्थित मेसर्स नवदुर्गा फ्यूल प्रा.लि. में निरीक्षण के दौरान कारखाना अधिनियम 1948 की धारा 7ए (2) (ए) एवं धारा 41 सहपठित नियम 73 (1) के उल्लंघन पाए गए थे। इस प्रकरण में अधिभोगी एवं कारखाना प्रबंधक श्री प्रकाश बेहरा के विरुद्ध दायर मामले में श्रम न्यायालय रायगढ़ ने उन्हें 2 लाख 30 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। इसी प्रकार ग्राम पाली (मेन रोड) जिला रायगढ़ स्थित मेसर्स अग्रोहा स्टील एण्ड पावर प्रा.लि. में निरीक्षण के दौरान कई सुरक्षा संबंधी प्रावधानों का उल्लंघन पाया गया था। कारखाना अधिनियम 1948 की धारा 7ए (2) (ए), धारा 7ए (2) (सी), धारा 41 सहपठित नियम 73 (1), धारा 6 (1) एवं 7 सहपठित नियम 3ए के उपनियम 3 तथा धारा 32 (1) (ग) के उल्लंघन के मामले में अधिभोगी श्री उत्तम कुमार अग्रवाल तथा कारखाना प्रबंधक श्री वीर विक्रम सिंह के विरुद्ध दायर प्रकरण में श्रम न्यायालय ने दोनों को अलग-अलग 4-4 लाख रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। इसके अलावा विकासखण्ड फरसाबहार, जिला जशपुर, ग्राम-उपरकछार स्थित मेसर्स विष्णु ब्रिक्स इंडस्ट्रीज में भी निरीक्षण के दौरान कारखाना अधिनियम 1948 के कई प्रावधानों का उल्लंघन पाया गया था। इस मामले में अधिभोगी एवं कारखाना प्रबंधक श्री विष्णु प्रसाद के विरुद्ध धारा 6 (1) एवं 7 सहपठित नियम 4 एवं 3ए के उपनियम 1 एवं 3, धारा 41 सहपठित नियम 73 (1) तथा धारा 7ए (2) (ए) के उल्लंघन के लिए श्रम न्यायालय रायगढ़ ने उन्हें 3 लाख 50 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। वहीं भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा शर्तों का विनियमन) अधिनियम 1996 तथा छत्तीसगढ़ भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार नियम 2008 के उल्लंघन के एक अन्य मामले में भी कार्रवाई की गई।ग्राम कोटमार, जिला रायगढ़ स्थित मेसर्स इंड सिनर्जी लिमिटेड के संचालक श्री नेत्रानंद थतोई तथा ए.जी. कंस्ट्रक्शन के संचालक श्री अदालत गिरी के विरुद्ध नियम 42 (7), नियम 42 (5), नियम 54 एवं नियम 178 के उल्लंघन पाए जाने पर श्रम न्यायालय रायगढ़ ने दोनों को क्रमशः 8-8 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

# जिले के अंतिम छोर पर बसे गांव मोहेरा पहुंचे कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**धमतरी 13 मार्च ।** जिला प्रशासन की सक्रियता अब जिले के दूरस्थ अंचलों में भी नजर आने लगी है। इसी क्रम में कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने बीते दिन जिले के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम मोहेरा का दौरा किया।

उन्होंने निराई माता मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। दर्शन के पश्चात उन्होंने ग्रामीणों के साथ बैठकर गांव की समस्याओं और वहां हो रहे विकास कार्यों के संबंध में विस्तृत चर्चा की। इस दौरान ग्रामीणों ने कलेक्टर को बताया कि निराई माता मंदिर की विशेष मान्यता है और यह साल में केवल एक बार ही खुलता है, जिसके कारण मेले के दौरान यहाँ हजारों श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। ग्रामीणों ने मंदिर तक पहुँचने के दुर्गम मार्ग और परिसर में मूलभूत सुविधाओं की कमी की ओर ध्यान आकर्षित कराते हुए व्यवस्थित मार्ग व सीमेंटीकरण की मांग रखी।



जनभावनाओं और श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को तत्काल मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए सभी जरूरी सुविधाएं मुहैया कराने और आवश्यक कार्य कराने, टाइल्स लगाने तथा प्रकाश व्यवस्था के लिए हाई मास्ट लाइट स्थापित करने के निर्देश दिए। साथ ही पानी व्यवस्था, पार्किंग आदि की भी व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। निराई माता सेवा समिति के अध्यक्ष दिलीप सिंग ध्रुव ने निराई माता और वहां होने वाली जात्रा आदि की जानकारी दी। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी ओंकार ध्रुव, नरोत्तम ध्रुव, पुलेश्वर ध्रुव, सचिव हेमंत ध्रुव, कोषाध्यक्ष अश्वनी ध्रुव, मोहेरा सरपंच भालेश्वरी कश्यप, जनपद सदस्य राजकुमारी कश्यप, रोहित ध्रुव, अमृतलाल उपस्थित थे। कलेक्टर ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि प्रशासन अंतिम छोर के गांवों तक मूलभूत सुविधाएं पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# कलेक्टर ने सिंगपुर,बूटीगढ़ क्षेत्र के विकास कार्यों का निरीक्षण किया

**धमतरी, 13 मार्च ।** कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने मगरलोड विकासखंड के प्रवास के दौरान ग्राम सिंगपुर और बूटीगढ़ का निरीक्षण किया तथा ग्रामीणों से चर्चा कर क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं और विकास कार्यों की जानकारी ली। सिंगपुर पहुंचकर कलेक्टर श्री मिश्रा ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए गांव में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में पूछा। ग्रामीणों ने सड़क, बैंक तथा बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए महाविद्यालय की आवश्यकता बताई। इस पर कलेक्टर ने कहा कि जिला प्रशासन सिंगपुर क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही किसानों और ग्रामीणों को बैंक संबंधी कार्यों के लिए दूर न जाना पड़े, इसके लिए गांव में सहकारी समिति स्थापित करने की दिशा में पहल की जाएगी।

कलेक्टर ने युवाओं के कौशल विकास को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र में आईटीआई खोलने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजे जाने की जानकारी भी दी। उन्होंने ग्रामीणों से स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में भी चर्चा की और चिकित्सकों की उपस्थिति तथा एंबुलेंस सेवा की जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि कमार डेरा जाने वाली सड़क खराब हो गई है, जिसे ठीक कराने की आवश्यकता है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि गांव में प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत मेडिकल वैन आती है, जो ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराती है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने सिंगपुर में सामुदायिक भवन निर्माण कराने तथा 200 मीट्रिक टन क्षमता के गोदाम के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान कलेक्टर ने मार्ग में बन रहे पुल निर्माण कार्य का भी अवलोकन किया।इसके बाद कलेक्टर ने बूटीगढ़ का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने मंदिर के पुजारियों और ग्रामीणों से चर्चा कर क्षेत्र को बेहतर बनाने और पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की संभावनाओं पर विचार किया। ग्रामीणों ने बताया कि यहां बिजली और पानी की अत्यंत आवश्यकता है। साथ ही नवरात्रि और शिवरात्रि के अवसर पर यहां मेला लगता है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। कलेक्टर ने बताया कि बूटीगढ़ तक पहुंचने के लिए मार्ग में पुल निर्माण तथा पेयजल सुविधा के लिए पानी टंकी का निर्माण कराया गया है।

# धान के बदले अन्य फसल लेने वाले कृषकों को करें विभागीय योजनाओं से लाभान्वित : कलेक्टर

**मोहला 13 मार्च ।** कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने गतदिवस कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में जिले के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने आगामी विभागीय कार्य योजनाओं की जानकारी भी ली। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती भारती चंद्राकर, अपर कलेक्टर श्री मिथलेश डोंडे सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने कृषि एवं उद्यानिकी विभाग की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि धान के स्थान पर अन्य फसल लेने वाले किसानों को प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे किसानों को माइक्रो इरिगेशन, ड्रिप सिंचाई सहित विभिन्न विभागीय योजनाओं से लाभान्वित करें। साथ ही आगामी फसल परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी दिए। पशुपालन विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने कृत्रिम गर्भाधान की संख्या बढ़ाने के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए, ताकि अपेक्षित प्रगति हासिल की जा सके। इसके लिए उन्होंने पशु सखी एवं एआई वर्कर को संयुक्त रूप से कार्य करने के निर्देश दिए।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सकों एवं अन्य मानव संसाधनों की कमी को दूर करने के लिए कार्य योजना बनाने को कहा। साथ ही लो बर्थ वेट शिशुओं के संबंध में स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग को संयुक्त रूप से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के समग्र विकास के लिए सभी विभागों को आगामी एक वर्षीय एवं पंचवर्षीय कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि कार्यों की प्राथमिकता तय कर उन्हें बेहतर ढंग से क्रियान्वित किया जा सके। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अंतर्गत जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने पेयजल विहीन आंगनबाड़ी, स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र तथा अन्य शासकीय भवनों में पेयजल उपलब्ध कराने तथा उनकी जांच संबंधित विभागीय अधिकारियों से कराने के निर्देश दिए। निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने हाउसिंग बोर्ड के अधिकारी को शो-कॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने जन-शिकायतों के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए सभी विभागीय अधिकारियों को समय-सीमा के भीतर आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने आत्मसमर्पित नक्सलियों एवं प्रभावित परिवारों को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित करने संबंधी निर्देशों के पालन का अवलोकन करते हुए प्रगति की भी समीक्षा की।

# मैं जीवन की रक्षा का संकल्प लेकर, सेवा का दीप जलाने आया हूं : जायसवाल

**रायपुर, 13 मार्च।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा तथा अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग के मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल के विभागों के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 6976 करोड़ 54 लाख रुपये से अधिक की अनुदान मांगें पारित हो गई है।

स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने अनुदान मांगों पर चर्चा का जवाब प्रस्तुत करते हुए प्रदेश के सभी शासकीय अधिकारियों- कर्मचारियों के लिए कैशलेस इलाज की योजना शुरू करने की बात कही। इसके लिए बजट में 100 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि इस प्रदेश का हर जन स्वस्थ रहे। प्रदेश में स्वास्थ्य अधोसंरचना के विस्तार के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों तक भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जा सकें। उन्होंने बताया कि गंभीर बीमारियों के उपचार को सुलभ बनाने के लिए प्रदेश में 25 नए डायलिसिस केंद्र स्थापित किए जाएंगे। साथ ही आम नागरिकों को सस्ती दवाईयां उपलब्ध कराने के लिए 50 जन औषधि केंद्रों का विस्तार किया जाएगा। मंत्री ने बताया कि पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रायपुर में प्रदेश का पहला होम्योपैथी कॉलेज स्थापित किया जाएगा। इसके अलावा बिलासपुर में स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट की स्थापना की जाएगी, जिससे कैंसर मरीजों को अत्याधुनिक उपचार सुविधा प्रदेश में ही उपलब्ध हो सकेगी।

मंत्री श्री जायसवाल ने बताया कि रायपुर में मध्य भारत का अत्याधुनिक कार्डियक इंस्टीट्यूट स्थापित करने की योजना है। यह संस्थान प्रदेश के नागरिकों को उच्च स्तरीय हृदय उपचार की सुविधा प्रदान करेगा। वहीं सत्य साईं संजीवनी अस्पताल में अधोसंरचना विकास के लिए 25 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इससे बाल हृदय उपचार सेवाओं को और अधिक मजबूत एवं व्यापक बनाया जा सकेगा।

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि अंबिकापुर और धमतरी में जिला अस्पतालों के नए भवन बनाए जाएंगे। इसके अलावा रायपुर के कालीबाड़ी क्षेत्र में 200 बिस्तरों वाला मातृ एवं शिशु चिकित्सालय तथा चिरमिरी में नया जिला अस्पताल बनाया जाएगा। स्वास्थ्य सेवाओं के लिए मानव संसाधन को मजबूत करने के उद्देश्य से दुर्ग, कोंडागांव, जशपुर और रायपुर में जीएनएम प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए जाएंगे।

मंत्री ने बताया कि रायपुर में मध्य भारत के सबसे आधुनिक इंटीग्रेटेड खाद्य एवं औषधि प्रयोगशाला के लिए 95 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इस प्रयोगशाला के शुरू होने से राज्य को दिल्ली जैसे महानगरों पर निर्भरता खत्म हो जाएगी एवं छत्तीसगढ़ के साथ अन्य सीमावर्ती राज्यों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण जांच सुविधाएं मिल सकेंगी। चर्चा के दौरान श्री जायसवाल ने कहा कि राज्य में शीघ्र ही एम्बुलेंस की कमी दूर होगी। राज्य के सभी जिलों के लिए 300 नए एम्बुलेंस के लिए टेण्डर प्रक्रियाधीन है। इसके अतिरिक्त वेंटीलेटर युक्त 70 अत्याधुनिक एम्बुलेंस तथा नवजात शिशुओं के लिए सर्वसुविधाजनक 10 अन्य एम्बुलेंस क्रय करने की प्रक्रिया भी शीघ्र ही पूर्ण कर ली जाएगी। चिकित्सा शिक्षा मंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026- 27 के लिए संचालनालय चिकित्सा शिक्षा हेतु 2 हजार करोड़ रुपये से अधिक का बजट प्रावधान किया गया है। नवीन पांच शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों (दंतेवाड़ा, मनेन्द्रगढ़, जशपुर, जांजगीर-चांपा और कबीरधाम) के लिए 1,240 पद तथा संबंधित चिकित्सालयों के लिए 500 पदों का प्रावधान किया गया है।

## एक नजर

### अफीम की अवैध खेती पर मुख्यमंत्री ने कलेक्टरों से कहा-व्यापक सर्वे कराएं

**रायपुर,13 मार्च।** प्रदेश में अवैध रूप से अफीम की खेती का मामले सामने आने के बाद मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कड़ा रुख अपनाते हुए सभी जिलों के कलेक्टरों को अपने-अपने जिलों में संभावित क्षेत्रों का व्यापक सर्वे कराने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा है कि यह सुनिश्चित किया जाए कि राज्य के किसी भी क्षेत्र में अवैध रूप से अफीम की खेती न हो रही हो। उन्होंने कलेक्टरों को निर्देशित किया है कि 15 दिवस के भीतर प्रमाण पत्र सहित विस्तृत जांच रिपोर्ट शासन को प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा है कि राज्य में अवैध मादक पदार्थों के उत्पादन और कारोबार के प्रति सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है और ऐसे मामलों में दोषियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री के निर्देश के पालन में आयुक्त भू-अभिलेख द्वारा राज्य के सभी जिला कलेक्टरों को सर्वे कर जांच रिपोर्ट और उनके जिले में अफीम की खेती नहीं किए जाने संबंधी प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के संबंध में पत्र जारी किया गया है।

### सीईओ जिला पंचायत ने वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा की

**राजनांदगांव 13 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने जिला पंचायत सभाकक्ष से वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा की। जिला पंचायत सीईओ ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं मनरेगा के कार्यों के लक्ष्यों को निर्धारित समय-सीमा पूरा करने के लिए पर्याप्त श्रमिक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद पंचायतों में प्रगति कम होने पर कार्यों में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने नोडल अधिकारियों को नियमित रूप से ग्रामों में संपर्क कर कार्यों में प्रगति लाने निर्देशित किया। आवास निर्माण पूर्ण होने वाले आवासों को तत्काल उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने कहा। जिला पंचायत सीईओ ने स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत प्रत्येक शनिवार को स्वच्छता त्यौहार मनाने तथा कचरा संग्रहण की निरंतरता बनाये रखने के निर्देश दिए। स्वच्छताग्राहियों का प्रोत्साहन राशि नियमित रूप से प्रदाय करने निर्देशित किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की समीक्षा की और सभी लंबित भुगतान को 20 मार्च तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। सभी व्यक्तिगत शौचालय को 30 मार्च तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करने तथा जियो टैग अनिवार्य रूप से कराने कहा। जिला पंचायत सीईओ ने सुश्री सुरूचि सिंह अटल मानिटरिंग पोर्टल की समीक्षा की। उन्होंने पशु उपचार हेतु नियमित रूप से शिविर लगाने एवं मोबाईल यूनिट के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने कहा। बैठक में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत लखपति ग्राम बनाने के लिए शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के संबंध में जानकारी दी गई। जिला पंचायत सीईओ ने मैदानी अधिकारियों को ग्रामों में भ्रमण कर लखपति दीदी ग्राम बनाने के लिए कार्य योजना बनाने कहा। बैठक में पंचायत सेक्टर के कार्यों सहित अन्य कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में जिला अधिकारी, जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत सहित अन्य विभाग के अधिकारी शामिल हुए।

### बस्तर और सरगुजा में औषधीय पौधों की योजनाओं का होगा विस्तार : विकास

**रायपुर, 13 मार्च।** छत्तीसगढ़ आदिवासी, स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड की समीक्षा बैठक का आयोजन 12 मार्च को बोर्ड कार्यालय के सभागार में किया गया। बैठक की अध्यक्षता बोर्ड के अध्यक्ष श्री विकास मरकाम ने की। बैठक में बोर्ड के अध्यक्ष श्री विकास मरकाम ने कहा कि वन मंत्री श्री केदार कश्यप के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ आदिवासी, स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड लगातार बेहतर कार्य कर रहा है। उन्होंने बैठक में निर्देश दिए कि बोर्ड और शासन की योजनाओं का लाभ दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंचाया जाए। विशेष रूप से बस्तर और सरगुजा संभाग में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एक ठोस रोडमैप तैयार किया जाए। उन्होंने स्थानीय वैद्यों के स्थायी पंजीकरण के लिए भी आवश्यक प्रयास करने को कहा। बोर्ड के नवनियुक्त उपाध्यक्ष श्री अंजय शुक्ला ने बैठक में कहा कि औषधीय पौधों का क्षेत्र अपार संभावनाओं से भरा है। उन्होंने कहा कि हमारा सपना है कि बस्तर औषधीय पौधों के माध्यम से दुनिया के समृद्ध क्षेत्रों में शामिल हो। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री जे.ए.सी.एस. राव ने बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं और गतिविधियों का विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया।

**सिलाई सेंटर और मिनी राइस मिल से प्रतिमाह 20 से 30 हजार रुपये की आय**

# बिहान परियोजना से मिला आत्मनिर्भरता का संबल

**रायपुर,13 मार्च।** मुंगेली जिले के पथरिया विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम गोइन्द्री की निवासी श्रीमती शांतामणी गेंदले आज ग्रामीण महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता और संघर्ष से सफलता की मिसाल बन गई हैं। कभी आर्थिक तंगी और कर्ज के बोझ से जूझने वाली शांतामणी ने अपनी मेहनत, आत्मविश्वास तथा स्व-सहायता समूह के सहयोग से न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ किया, बल्कि अन्य महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रेरित किया है।

छत्तीसगढ़ राज्य में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) को ÷बिहान परियोजना÷ के नाम से संचालित किया जा रहा है, जिसके माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को स्व-सहायता समूहों से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। इसी परियोजना से जुड़कर शांतामणी गेंदले ने भी अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन की नई शुरुआत की।

शांतामणी गेंदले संस्कार महिला स्व-सहायता समूह से जुड़ी हुई हैं और ग्राम संगठन तथा संकुल स्तरीय संगठन (सीएलएफ) में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। वर्तमान में वे एफएलसीआरपी (वित्तीय साक्षरता सामुदायिक संसाधन व्यक्ति) के रूप में भी कार्य करते हुए ग्रामीण महिलाओं को वित्तीय रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। उनके उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रायपुर में आयोजित लखपति संवाद कार्यक्रम में




मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया।

कुछ वर्ष पूर्व तक शांतामणी का जीवन अत्यंत संघर्षपूर्ण था। सीमित आय और आर्थिक संसाधनों की कमी के कारण उन्हें छोटी-छोटी आवश्यकताओं के लिए भी साहूकारों से ऋण लेना पड़ता था। ऊंची ब्याज दरों के कारण कर्ज का बोझ लगातार बढ़ता जा रहा था, जिससे परिवार का भरण-पोषण करना भी चुनौतीपूर्ण हो गया था। उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन तब आया जब वे बिहान परियोजना के अंतर्गत संचालित संस्कार महिला स्व-सहायता समूह से जुड़ीं। समूह से जुड़ने के बाद उन्होंने नियमित बचत की आदत विकसित की और वित्तीय प्रबंधन की बारीकियों को समझा। समूह के माध्यम से उन्हें रिवॉल्विंग फंड (आरएफ) और सामुदायिक निवेश कोष (सीआईएफ) की सहायता प्राप्त हुई। इसके साथ ही बैंक लिंकेज तथा संकुल स्तरीय संगठन के माध्यम से उन्हें ऋण सुविधा भी मिली, जिससे उन्होंने आजीविका के क्षेत्र में आगे बढ़ने का संकल्प लिया।

प्राप्त ऋण राशि का उपयोग उन्होंने आय बढ़ाने वाले कार्यों में निवेश के रूप में किया। उन्होंने अपने गांव में सिलाई सेंटर प्रारंभ किया, जहां वे सिलाई का कार्य करती हैं। इसके साथ ही उन्होंने मिनी राइस मिल की स्थापना कर गांव में ही धान कुटाई की सुविधा उपलब्ध कराई। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप आज वे प्रतिमाह लगभग 20 हजार से 30 हजार रुपये की आय अर्जित कर रही हैं, जिससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार आया है।

शांतामणी की उपलब्धियां केवल व्यक्तिगत सफलता तक सीमित नहीं हैं। एफएलसीआरपी के रूप में कार्य करते हुए उन्होंने 60 से अधिक स्व-सहायता समूहों को लगभग 1 करोड़ 38 लाख रुपये की ऋण राशि उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके अतिरिक्त उन्होंने 30 समूहों को रिवॉल्विंग फंड दिलाने में सहयोग किया तथा 80 से अधिक समूहों को वित्तीय साक्षरता प्रदान कर बैंकिंग और वित्तीय लेन-देन के प्रति जागरूक बनाया। आज शांतामणी गेंदले न केवल स्वयं आर्थिक रूप से सशक्त बनी हैं, बल्कि अपने अनुभव और मार्गदर्शन से अन्य महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित कर रही हैं। उनका यह सफर इस बात का उदाहरण है कि बिहान परियोजना जैसे प्रयास ग्रामीण महिलाओं के जीवन में आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

### मजदूरी छोड़ राजकुमारी बनीं लखपति दीदी

रायपुर, 13 मार्च। राजकुमारी ने अपनी मेहनत और दृढ़ संकल्प से गरीबी की बेड़ियों को तोड़कर स्वावलंबन का एक नया इतिहास रचा है। बस्तर के विकासखंड दरभा अंतर्गत ग्राम लेंड्रा की निवासी राजकुमारी कश्यप की जीवन यात्रा संघर्ष और आत्मविश्वास का एक जीवंत उदाहरण है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्व-सहायता समूह से जुड़ने से पहले राजकुमारी का जीवन अनिश्चितताओं से भरा था।

## प्रशिक्षु न्यायाधीश लोकतंत्र के तीसरे स्तंभ के रूप में निभाएंगे महत्वपूर्ण भूमिका : मुख्यमंत्री



**रायपुर १३ मार्च।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से आज विधानसभा स्थित उनके कार्यालय में छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी, बिलासपुर के प्रशिक्षु न्यायाधीशों ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी प्रशिक्षु न्यायाधीशों को न्यायिक सेवा में चयन के लिए बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि न्यायपालिका लोकतंत्र का महत्वपूर्ण और सशक्त स्तंभ है। आने वाले समय में आप सभी के कंधों पर समाज और न्याय व्यवस्था से जुड़ी बड़ी जिम्मेदारियां होंगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आप सभी निष्पक्षता, संवेदनशीलता और संविधान के मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहते हुए इन जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन करेंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि न्यायपालिका आमजन के अधिकारों की रक्षा और न्याय व्यवस्था में जनता के विश्वास को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाती है। इस अवसर पर विधि विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती सुषमा सांवत, छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी की संचालक श्रीमती निधि शर्मा तिवारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रिसाली (छ.ग.)

### ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

क्रमांक/लो.क.वि./2026/2526 — रिसाली दिनांक 11/03/26

नगर पालिक निगम रिसाली की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नानुसार हैः-

| क्र. | कार्य का विवरण | सिस्टम टेंडर क्र. | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्रांतर्गत ट्रेक्टर टैंकर से जल प्रदाय कार्य वित्तीय वर्ष (2026-27) | 186948 | 2168040.00 | 01.04.2026 |

(नोटः- ई टेण्डर में ऑफलाईन धरोहर राशि एवं शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदाकार की अमान्य किया जावेगा तथा दर को नहीं खोला जावेगा।)

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर पालिक निगम,**
**रिसाली**

# महतारी वंदन योजना: मातृशक्ति के सम्मान और सशक्तिकरण की पहचान

**रायपुर, 13 मार्च।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से संचालित महतारी वंदन योजना प्रदेश की लाखों माताओं-बहनों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन का माध्यम बन रही है। योजना के अंतर्गत पात्र महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपये की राशि सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित की जा रही है, जिससे उन्हें आर्थिक संबल मिलने के साथ-साथ आत्मनिर्भरता और आत्मसम्मान के साथ आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है। यह योजना महिलाओं की छोटी-छोटी आवश्यकताओं को पूरा करने में सहायक सिद्ध हो रही है और परिवार पर उनकी आर्थिक निर्भरता को भी कम कर रही है। योजना से मिलने वाली यह सहायता राशि महिलाओं में आत्मविश्वास और सुरक्षा की भावना को मजबूत कर रही है। इसी कड़ी में कोरबा जिले के शहरी क्षेत्र बुधवारी निवासी श्रीमती हेमलता साहू की कहानी भी प्रेरणादायक उदाहरण बनकर सामने आई है। श्रीमती साहू बताती हैं कि उनके परिवार की आर्थिक स्थिति सामान्य है और कई बार आवश्यक जरूरतों के लिए अतिरिक्त राशि की आवश्यकता पड़ जाती थी। ऐसे समय में महतारी वंदन योजना से मिलने वाली सहायता राशि ने उन्हें काफी सहारा दिया है। अब उन्हें अपनी व्यक्तिगत जरूरतों या बच्चों की छोटी-छोटी आवश्यकताओं के लिए



किसी पर निर्भर नहीं रहना पड़ता। उन्होंने बताया कि वे वर्तमान में अपनी पढ़ाई भी जारी रखे हुए हैं। पढ़ाई के लिए मोबाइल फोन और इंटरनेट की आवश्यकता होती है, जिसके लिए वे योजना से प्राप्त राशि से अपने मोबाइल का रिचार्ज कर अध्ययन जारी रख रही हैं। इससे उनके आत्मविश्वास में वृद्धि हुई है और वे अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। श्रीमती हेमलता साहू ने योजना के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महतारी वंदन योजना महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे उनके जैसी महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव आ रहा है।

# कुपोषण और एनीमिया से जूझने वाली लीला निषाद बनी स्वास्थ्य जागरूकता की मिसाल

**रायपुर, 13 मार्च।** बेमेतरा जिले के बेरला परियोजना अंतर्गत ग्राम देवरी की निवासी श्रीमती लीला निषाद आज अपने गांव की महिलाओं के लिए स्वास्थ्य जागरूकता की प्रेरक मिसाल बन गई हैं। कभी कुपोषण और एनीमिया जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से जूझने वाली लीला का जीवन राष्ट्रीय पोषण माह अभियान से जुड़ने के बाद सकारात्मक रूप से बदल गया। लीला निषाद का विवाह ग्राम देवरी निवासी श्री भागीरथी निषाद से हुआ। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण पोषण और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी के अभाव में वर्ष 2017 में उन्होंने एक कुपोषित बच्चे को जन्म दिया, जिसकी जन्म के कुछ दिनों बाद मृत्यु हो गई। इस घटना के बाद उनका स्वास्थ्य भी लगातार गिरता गया और जांच में वे एनीमिया से ग्रस्त पाई गईं। इसी



दौरान गांव की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती अमरौतिन साहू ने उन्हें आंगनबाड़ी केंद्र में आयोजित राष्ट्रीय पोषण माह के पोषण मेले में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। मेले में लीला को संतुलित आहार, हरी सब्जियों, दालों, फलों के महत्व तथा आयरन, कैल्शियम और फोलिक एसिड के नियमित सेवन की जानकारी दी गई। इसके बाद लीला ने अपनी जीवनशैली में बदलाव करते हुए संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण और स्वच्छता को अपनाया। गर्भवती होने पर उन्होंने स्वास्थ्य संबंधी सभी सावधानियों का पालन किया, जिसके परिणामस्वरूप उन्होंने एक स्वस्थ बालिका को जन्म दिया। आज लीला निषाद स्वयं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के साथ-साथ अपने गांव की अन्य महिलाओं को भी पोषण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर रही हैं। उनकी कहानी इस बात का प्रमाण है कि सही जानकारी और जनभागीदारी से सरकारी अभियान लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं।

### राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रों में दी जा रही पशु चिकित्सा सेवाएं

**राजनांदगांव १३ मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत टोल फ्री मोबाईल पशु चिकित्सा इकाई (एमवीयू) हेल्पलाइन 1962 के माध्यम से ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रों में पशु चिकित्सा सेवाएं सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक प्रदान की जा रही है। शासन द्वारा पशु स्वास्थ्य में सुधार करने, किसानों को सहायता प्रदान करने एवं मृत्यु दर को कम करने के लिए लिए एमवीयू वाहन सेवा शुरू की गई है। इसके तहत जिले के प्रत्येक विकासखंड में मोबाईल वेटनरी वेन संचालित की जा रही है। प्रत्येक एमवीयू वाहन द्वारा प्रतिदिन 3 ग्रामों के गौठानों का भ्रमण कर पशु उपचार, कृत्रिम गर्भाधान, बधियाकरण, टिकाकरण एवं औषधी वितरण की सेवाएं दी जा रही है। ग्रामों के भ्रमण के लिए तीन माह का रोस्टर तैयार कर सभी पशु चिकित्सा संस्था एवं जिला पंचायत को सूचित किया जाता है। इसके साथ ही एमवीयू वाहन में उपलब्ध आडियो व वीडियो के माध्यम से शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का प्रचार-प्रसार भी किया जाता है।

## कार्यालय, नगर पालिका परिषद भाटापारा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

### नामांतरण प्रकाशन सूचना, सूची माह- मार्च 2026

क्र. 1419/रा.वि./मु.न.अ./2026 — भाटापारा, दिनांक-12/03/2026

छ.ग. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत नामांतरण किये जाने हेतु निम्नलिखित 15 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिनका नामांतरण सूचना दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन किया जा रहा है। यदि उपरोक्त नामों के प्रकाशन में किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो प्रकाशन दिनांक से 30 दिवस के भीतर लिखित में दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। तिथि उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

| क्र. | विक्रेता | क्रेता | वार्ड | खसरा नं. | आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | श्री विवेक अग्रवाल पिता श्री लकेश्वर प्रसाद अग्रवाल निवासी गांधी मंदिर वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | श्रीमती शकुंतलता अग्रवाल पति श्री गणेश प्रसाद अग्रवाल निवासी नेहरू वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | के.के. वार्ड | मौजा अवरेठी प.ह.न. 10 खसरा नं. 259/30 रकबा 0.0120 हे. 1259 वर्गफुट आवासीय खुला भूखण्ड | विक्रय विलेख |
| 2. | श्री ओमप्रकाश साहू पिता परदेशी राम साहू निवासी परशुराम वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | श्रीमती परमेश्वरी वैष्णव पति ईश्वरी शरण वैष्णव निवासी सुभाष वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | सुभाष वार्ड | मौजा हथनी प.ह.न. 40 खसरा नं. 849/92 रकबा 0.0102 हे. 1100 वर्गफुट खुला भूखण्ड | विक्रय विलेख |
| 3. | श्री देवांश सचदेव पिता श्री देवेन्द्र कुमार सचदेव निवासी बलभद्र वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | श्रीमती सीमा यदु पति श्री सुरेन्द्र कुमार यदु निवासी मर्राकोना, सिमर्गा, तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | परशुराम वार्ड | मौजा हथनी प.ह.न. 40 खसरा नं. 94/32 रकबा 0.0120 हे. 1293 वर्गफुट आवासीय खुला भूखण्ड | विक्रय विलेख |
| 4. | 1. जयकिशन शर्मा पिता स्व. रामदयाल शर्मा 2. अश्वनी शर्मा पिता जयकिशन शर्मा 3. संदीप गोयल पिता गोपाल गोयल निवासी सुभाष वार्ड, नेहरू वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | दिपांशु पाण्डेय पिता देवेश पाण्डेय निवासी नयापारा वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | भगतसिंह वार्ड | नजूल शीट क्रमांक 11 सी प्लाट नंबर 151/1, 151/2, 151/3 शामिल रकबा 798 वर्गमीटर और शीट क्रमांक 11 सी प्लाट नंबर 170 रकबा 162 वर्गमीटर | विक्रय विलेख |
| 5. | श्रीमती फटकन पति सुंदरलाल निवासी ग्राम बोड़तरा तहसील-भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | सुरेश कुमार देवांगन पिता सुंदरलाल देवांगन निवासी ग्राम बोड़तरा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | परशुराम वार्ड | मौजा हथनी प.ह.न. 40 खसरा नं. 322/30 का टु. रकबा 0.0100 हे. में से 500 वर्गफुट आवासीय पक्का मकान | दान पत्र |
| 6. | श्री प्रणेश पिता श्री केदारनाथ गुप्ता निवासी के.के. वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | श्रीमती सृष्टि तिवारी पति श्री आलोक तिवारी निवासी इंदिरा कालोनी, बलौदाबाजार तसहील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | के.के. वार्ड | मौजा अवरेठी प.ह.न. 10 खसरा नं. 259/77 का टु. रकबा 0.0730 हे. में से 1075 वर्गफुट अर्द्ध निर्मित पक्का मकान | विक्रय विलेख |
| 7. | श्री प्रेमनारायण वर्मा पिता श्री मनीराम वर्मा निवासी-ग्राम देवरी, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | श्रीमती नरेशिया बाई देवांगन पति श्री बनवारी लाल देवांगन निवासी परशुराम वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | परशुराम वार्ड | मौजा हथनी प.ह.न. 40 खसरा नं. 312/77 का टु. रकबा, 0.0130 हे. में से 800 वर्गफुट आवासीय खुला भूखण्ड | विक्रय विलेख |
| 8. | श्री प्रशांत कुमार गुप्ता पिता श्री महेश प्रसाद गुप्ता निवासी शंकर वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | मनमीत सिंग सलूजा पिता भागसिंग सलूजा निवासी बलभद्र वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | के.के. वार्ड | मौजा हथनी प.ह.न. 40 खसरा नं. 261/105 का टु. रकबा 0.036 हे. 3920 वर्गफुट आवासीय खुला भूखण्ड | विक्रय विलेख |
| 9. | श्री दरवेश हबलानी पिता श्री मुरलीधर हबलानी निवासी स्टेशन वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | श्रीमती आयुषी तिवारी पिता अशोक तिवारी निवासी शंकर वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | श्यामा प्रसाद मुखर्जी | मौजा हथनी प.ह.न. 40 खसरा नं. 427/35 रकबा 0.0831 हे. में से 1000 वर्गफुट आवासीय खुला भूखण्ड | विक्रय विलेख |
| 10. | विपिन बिहारी शुक्ला पिता स्व. शिवराम प्रसाद शुक्ला निवासी शंकर वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | नवीन शुक्ला पिता विपिन बिहारी शुक्ला निवासी शंकर वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | गुरूनानक वार्ड | नजूल शीट क्रमांक 2 प्लाट नंबर 8/8 रकबा 3000 वर्गमीटर | वसीयतनामा |
| 11. | 1. श्रीमती विमला शर्मा पति श्री जयकिशन शर्मा 2. श्रीमती नेहा शर्मा पति श्री अश्वनी शर्मा 3. श्रीमती सीमा शर्मा पति श्री शिवरतन शर्मा निवासी सुभाष वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | श्री सृजन शुक्ला पिता श्री नवीन शुक्ला निवासी गांधी मंदिर वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | के.के. वार्ड | मौजा हथनी प.ह.न. 40 खसरा नं. 261/88 का टु. रकबा 0.0730 हे. में से 1200 वर्गफुट खुला भूखण्ड | विक्रय विलेख |
| 12. | श्री मनीष चौबे पिता श्री कमलनारायण चौबे निवासी लाल बहादुर शास्त्री वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | श्री दीपक लाल मिरी पिता श्री बाबुराम मिरी निवासी ग्राम अकलतरा, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | लाल बहादुर शास्त्री वार्ड | मौजा पटपर प.ह.न. 39 खसरा नं. 450/101 रकबा 0.0110 हे. 1200 वर्गफुट खुला भूखण्ड | विक्रय विलेख |
| 13. | रोचक कुमार पिता लेखराम निवासी रामसागर पारा, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | श्रीमती सीमा वर्मा पति गिरीश वर्मा निवासी विध्यवासिनी मंदिर के पास, अभनपुर तहसील अभनपुर जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | संतमाता कर्मा वार्ड | मौजा अवरेठी प.ह.न. 10 खसरा नं. 190/10 रकबा 0.1114 हे. में से 1337 वर्गफुट आवासीय खुला भूखण्ड | विक्रय विलेख |
| 14. | जतिराम पिता अमोली निवासी पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | आनंद कुमार पिता जतीराम निवासी मेहता नगर भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड | मौजा भाटापारा प.ह.न. 11 खसरा न. 146/22 का टु. रकबा 0.0160 हे. में से 871 वर्गफुट पक्का मकान | विक्रय विलेख |
| 15. | श्री दिवाकर पिता श्री नलनीकांत मिश्रा निवासी सदर वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | श्रीमती दुकलहीन डाहिरे पति श्री सुरेश डाहिरे निवासी ग्राम बुंदेला, पुटपुरा, नांदघाट तहसील नांदघाट जिला बेमेतरा (छ.ग.) | गुरूनानक वार्ड | मौजा अवरेठी प.ह.न. 10 खसरा नं. 78/5 रकबा 0.0940 हे. में से 3200 वर्गफुट आवासीय खुला भूखण्ड | विक्रय विलेख |

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद भाटापारा**

# मृतप्राय सेवादल को 'सेवा' की जरूरत

## प्रशिक्षण बंद, नहीं आ रहे नए कार्यकर्ता

**रायपुर, 13 फरवरी।** देश की सबसे उम्रदराज पार्टी कांग्रेस की रीढ़ माने जाने वाला सेवादल लुप्तप्राय होने लगा है। पार्टी के कार्यक्रमों में अब सेवादल नजर नहीं आता है। एक समय था जब सेवादल की पूछ परख होती थी। कांग्रेस के हर कार्यकर्ता चाहे वो मंत्री हो या पदाधिकारी उनके लिए सेवादल का प्रशिक्षण लेना अनिवार्य होता था। इसके लिए समय-समय पर ब्लाक से लेकर राज्य स्तर पर प्रशिक्षण शिविर व कार्यशालाएं आयोजित की जाती थी।

शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त कांग्रेसियों को प्रदान किए जाने वाले प्रमाण पत्र का खास महत्व होता था। पिछले कई वर्षों से प्रशिक्षण कार्यक्रम बंद है। स्वयं सेवादल की स्थिति मृतप्राय जैसी हो गई है। कांग्रेस के इस महत्वपूर्ण प्रकोष्ठ को ही सेवा की जरूरत है। वर्तमान में अखिल भारतीय सेवादल के अध्यक्ष लालजी देसाई तथा प्रदेश अध्यक्ष अरुण ताम्रकार है। सिमगा निवासी ताम्रकार को भूपेश बघेल ने अपने मुख्यमंत्रित्व काल में प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी थी। वर्तमान में पुरानी बस्ती में रहने वाले ताम्रकार गत सात वर्षों से प्रदेश सेवादल के अध्यक्ष की कुर्सी पर काबिज हैं। ताम्रकार पर निष्क्रियता का ठप्पा लगाने वाले कांग्रेसी कहते हैं कि अब सेवादल कांग्रेस के लिए कोई काम का नहीं रहा। इसकी उपयोगिता नहीं रही है। इसे या तो खत्म कर देना चाहिए या फिर जोशीले नेतृत्व के साथ पुनर्जीवित करना चाहिए। वे वक्त हवा गए जब 25 हजार वर्दीधारी कार्यकर्ता हुआ करते थे। कांग्रेस का हर कार्यक्रम इन्हीं कार्यकर्ताओं के राष्ट्रगीत से प्रारंभ होकर राष्ट्रगान में समाप्त होता था। कांग्रेस दफ्तर आने वाले मंत्रियों को सलामी दी जाती थी। इन्हें अनुशासन का पर्याय माना जाता था। अब तो सेवादल में सारे सिस्टम समाप्त हो गए हैं। कांग्रेस संगठन ने ही सेवादल को हाशिए पर रख दिया है। पार्टी को मजबूत करने में भूमिका शून्य हो गई है। सिर्फ गणतंत्र व स्वतंत्रता दिवस पर ही तिरंगा को सलामी देने गिनती के ही सेवादल कार्यकर्ता जुटते हैं. कांग्रेसी ही बताते हैं कि वर्तमान में सेवादल में पांच सौ से ज्यादा कार्यकर्ता नहीं होंगे। चुनावों में भी सेवादल कार्यकर्ताओं की उपेक्षा की जाती है।

स्थानीय निकायों के चुनाव में भी इन्हें टिकिट से वंचित कर दिया जाता है। फंड की कभी ने इस संगठन को और कमजोर कर दिया है। मूल कांग्रेस संगठन ने कभी भी सेवादल की सेहत की ओर ध्यान नहीं दिया है। आज स्थिति यह है कि नए युवा कांग्रेसी सेवादल को जानते तक नहीं। बहरहाल सेवादल को सक्रिय करने की जरूरत है। सेवादल के अनुभवी महामंत्रियों के हाथों बागडोर सौंपी जा सकती है। इनमें बिलासपुर के अशोक शुक्ला, बालोद के संतोष पांडेय, अंबिकापुर के विनित जायसवाल व रायपुर के मनोज वर्मा के नाम शामिल है।

# 17 को कांग्रेस करेगी विधानसभा का घेराव : बैज

**रायपुर, 13 मार्च।** कांग्रेस 17 मार्च को विधानसभा का घेराव करेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि मनरेगा बचाओ संग्राम तथा प्रदेश के स्थानीय मुद्दो बिजली के दाम में बढ़ोत्तरी, किसानो से धोखा, धान खरीदी पर वादा खिलाफी, गैस सिलेंडर के दामो की बढोत्तरी जैसे मुद्दो को लेकर कांग्रेस विधानसभा का घेराव करेगी। इस कार्यक्रम में प्रदेश के प्रभारी महासचिव सचिन पायलट सहित राज्य के वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता, पदाधिकारी सहित आम आदमी बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि विधानसभा घेराव के लिए जिलोंवार तथा विधानसभा प्रभारियों की नियुक्तियां की जा चुकी है। प्रदेश के कोने-कोने से कांग्रेसजन विधानसभा घेराव में शामिल होकर डबल इंजन की सरकार के खिलाफहल्ला बोलेंगे। घेराव की तैयारी के लिये प्रदेश मुख्यालय में दो बैठकें हो चुकी है तथा जिलेवार बैठको का भी सिलसिला चल रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा कानन से महात्मा गांधी का नाम हटाकर तथा मनरेगा को कानून से बदल कर योजना बनाकर केंद्र सरकार ने मनरेगा को समाप्त करने की साजिश रचा है। छत्तीसगढ़ में तो भाजपा की सरकार बनने के बाद मनरेगा में काम तो लगभग बंद किया जा चुका है। मनरेगा बंद होने के कारण प्रदेश के मजदूर पलयान कर दूसरे प्रदेश चले गये है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि मनरेगा के नये स्वरूप वीबी राम में मोदी सरकार ने केंद्रांश को घटाकर केंद्रांश और राज्यांश का औसत 60-40 कर दिया है। पहले यह योजना 100 प्रतिशत केंद्र पोषित योजना थी। जब केंद्र सरकार 100 प्रतिशत राशि देती थी तब तो राज्य सरकारें इस योजना को लागू करने में कोताही बरतती थी, अब जब राज्य को 40 प्रतिशत राशि वहन करना होगा तब तो राज्य सरकारें इसको लागू करने में और कोताही बरतेंगी।

## भू-जल व बिजली का दुरुपयोग

# पहले से लबालब तालाब में छोड़ा जा रहा है ट्यूबवेल से पानी



**रायपुर, 13 मार्च।** एक ओर तो राजधानी के कई इलाके गर्मी के मौसम के शुरूआती दिनों में ही पेयजल संकट के दौरे से गुजर रहे हैं वहीं दूसरी ओर पीने के पानी के लिए लगाए गए ट्यूबवेल (नलकूप) के साफ पानी से तालाब को भरा जा रहा है। दरअसल नलकूप के पानी का दुरुपयोग किया जा रहा है। तालाब तो पहले से ही लबालब है। यह मामला डंगनिया तालाब का है। तालाब के लिए बनाया गया पंप हाउस लगभग 24 घंटे चलते रहता है। यानी ट्यूबवेल हमेशा चालू रहता है। इसका पानी तालाब में गिरता है। इससे भू-जल स्त्रोत तो खाली हो ही रहा है। बिजली की भी अनावश्यक खपत हो रही है। भू-जल स्त्रोत का अपव्यय और बिजली के दुरुपयोग की ओर न जाने क्यों जिला व नगर निगम प्रशासन की नजर नहीं पड़ी है। वार्ड पार्षद भी नींद में है। बताया जाता है कि डीडी नगर, डंगनिया क्षेत्र में ग्राउंड वॉटर लेबल 200 फीट से नीचे चला गया है। शहर के ट्यूबवेल सूख रहे है। वैसे भी सीमेंटीकरण के कारण माँ धरती की प्यास नहीं बुझ रही है। जमीन के नीचे अनमोल जल का भंडारण घट रहा है। रेन वॉटर सिस्टम का पालन नहीं किया जा रहा है। नियम यह होना चाहिए कि मकान का सिर्फ 45 प्रतिशत हिस्सा सीमेंट फर्निंड होना चाहिए। 55 प्रतिशत हिस्सा को कच्चा छोड़ देना चाहिए। इससे बरसात का पानी नीचे चला जाएगा। अब तो गांवों में भी कांक्रीट के जंगल नजर आने लगे हैं। ट्यूबवेल बेहिसाब खोदे जा रहे हैं। गांवों के तालाबों के किनारे भी ट्यूबवेल पंप लगाए गए हैं। पानी के दुरुपयोग को रोकना चाहिए। आने वाले दिनों में लोग बूंद-बूंद पानी के लिए बरसेंगे।

## एक नजर

### स्काउट व गाइड्स जिला संघ ने किया सांसद लक्ष्मी वर्मा का स्वागत



**रायपुर, 13 मार्च।** भारत स्काउट एवं गाइड्स जिला संघ रायपुर के अध्यक्ष एवं नेशनल हेडक्वार्टर कमिश्नर स्वामी के आदेशानुसार जिला सचिव मृत्युंजय शुक्ला के नेतृत्व में 13 मार्च को जिला संघ द्वारा नव निर्वाचित राज्य सभा सांसद भारत सरकार लक्ष्मी वर्मा का उनके निवास स्थान खमतराई में स्वागत सम्मान किया गया स्वामी द्वारा मैडम को विशेष रूप से स्वागत सम्मान व आशीर्वाद प्रदान किया गया। साथ ही स्काउट गाइड द्वारा आयोजित आगामी कार्यक्रम की जानकारी भी दी गई जिसमें जिला संघ के पूर्व राज्य प्रशिक्षण आयुक्त टी के एस परिहार, जिला संगठन आयुक्त स्काउट हेमंत शुक्ला, जिला संगठन आयुक्त गाइड डॉ लक्ष्मी नायक, सीनियर स्काउटर रामपाल तिवारी, मीना भारद्वाज, अपर्णा तिवारी, निशा सिंह, रोवर नमन साहू एवं आदि उपस्थित रहे।

### आध्यात्मिक कार्यक्रम 14 व 15 को

**रायपुर, 13 मार्च।** सनातन ऋषि फाउंडेशन 14 एवं 15 मार्च को रायपुर के विमतारा, शांति नगर में सनातन विश्व निर्माण के उद्देश्य से एक विशेष आध्यात्मिक एवं वैचारिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस पावन अवसर पर सनातन का शंखनाद किया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आधुनिकता से सत्य की ओर अर्थात वर्तमान भौतिकवादी प्रवृत्तियों से ऊपर उठकर सनातन ज्ञान, संस्कृति और शाश्वत मूल्यों की ओर समाज को पुनः जागृत करना है। यह आयोजन सनातन चेतना के पुनर्जागरण का एक संकल्प है। इसमें उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को सनातन दर्शन, जीवन मूल्यों और सांस्कृतिक जागरण से जुड़े महत्वपूर्ण विचारों से अवगत कराया जाएगा।

### रेलवे स्टेशन के पास 13 किलो गांजा के साथ प्रेमी-प्रेमिका गिरफ्तार

**रायपुर, 13 मार्च।** राजधानी रायपुर में नशे के खिलाफचल रही कार्रवाई के तहत पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। रेलवे स्टेशन के पास से गांजा तस्करी के आरोप में एक युवक और युवती को गिरफ्तार किया गया है। दोनों के पास से करीब 13 किलो 156 ग्राम गांजा बरामद किया गया है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 6.77 लाख रुपये बताई जा रही है। यह कार्रवाई गुढ़ियारी थाना पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की संयुक्त टीम ने की। पुलिस को सूचना मिली थी कि रायपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 7 के बाहर पार्किंग क्षेत्र में एक युवक और युवती बैग में गांजा लेकर खड़े हैं और कहीं जाने की तैयारी में हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और बताए गए हुलिये के आधार पर दोनों संदिग्धों को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपने नाम राजेंद्र प्रसाद और हेमलता कैवर्त्य बताए। पुलिस द्वारा बैग की तलाशी लेने पर उसमें बड़ी मात्रा में गांजा बरामद हुआ। प्रारंभिक पूछताछ में दोनों ने बताया कि वे प्रेमी-प्रेमिका हैं और खरियार रोड से गांजा लाकर प्रयागराज ले जाने की योजना बना रहे थे।

# देवांगन के विभागों की अनुदान मांगें पारित



**रायपुर, 13 मार्च।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज वाणिज्य एवं उद्योग विभाग तथा श्रम विभाग के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 01 हजार 823 करोड़ 87 लाख 69 हजार रूपए की अनुदान मांगे पारित की गई। इसमें वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के लिए 01 हजार 567 करोड़ 86 लाख 79 हजार रूपए, श्रम विभाग के लिए 256 करोड़ 90 हजार रूपए शामिल हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में नई औद्यागिक नीति लागू की गई है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। उद्योग मंत्री देवांगन ने कहा कि इस बजट में सरकार द्वारा राज्य के औद्योगिक विकास हेतु वाणिज्य एवं उद्योग विभाग को बजट में रुपए 1750 करोड़ आबंटित किया गया है। इसमें रूपए 652 करोड़ उद्योगों को अनुदान हेतु तथा औद्योगिक प्रयोजन हेतु भू-अर्जन, भूमि विकास तथा औद्योगिक अधोसंरचना विकास के लिए लगभग रूपए 700 करोड़ का प्रावधान किया गया है। उन्होंने सदन को जानकारी देते हुए कहा कि औद्योगिक भूमि आबंटन को अधिक पारदर्शी और प्रतिस्पर्धी बनाने हेतु औद्योगिक क्षेत्रों में भूमि का आबंटन अब ई-निविदा के माध्यम से किया जा रहा है। इससे न सिर्फ पारदर्शिता बढ़ी है बल्कि राजस्व में भी 20 प्रतिशत से अधिक वृद्धि हुई है। मंत्री देवांगन सदन में कहा कि मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में श्रम विभाग छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल के अंतर्गत अधिसूचित 56 प्रवर्ग के असंगठित श्रमिकों के सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याण के लिये वर्ष 2026-27 के बजट में कुल रुपये 128 करोड़ का बजट प्रावधान किया गया है। मंत्री देवांगन ने कहा कि विभागीय दक्षता बढ़ाने हमने इस वित्तीय वर्ष में 10 जिला अधिकारी, 85 आबकारी उपनिरीक्षक की भर्ती की है तथा 200 आबकारी आरक्षक की भर्ती प्रक्रिया अंतिम चरण पर है।




# 'संकल्प' पर आधारित होंगी राज्य की स्वास्थ्य सेवाएं

**रायपुर, 13 मार्च।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा तथा अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग के मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के विभागों के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 6976 करोड़ 54 लाख रुपये से अधिक की अनुदान मांगें पारित हो गई है।

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने अनुदान मांगों पर चर्चा का जवाब प्रस्तुत करते हुए प्रदेश के सभी शासकीय अधिकारियों- कर्मचारियों के लिए कैशलेस इलाज की योजना शुरू करने की बात कही। इसके लिए बजट में 100 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है।

मंत्री जायसवाल ने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि इस प्रदेश का हर जन स्वस्थ रहे। प्रदेश में स्वास्थ्य अधोसंरचना के विस्तार के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों तक भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जा सकें। उन्होंने बताया कि गंभीर बीमारियों के उपचार को सुलभ बनाने के लिए प्रदेश में 25 नए डायलिसिस केंद्र स्थापित किए जाएंगे। साथ ही आम नागरिकों को सस्ती दवाईयां उपलब्ध कराने के लिए 50 जन औषधि केंद्रों का विस्तार किया जाएगा।



मंत्री ने बताया कि पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रायपुर में प्रदेश का पहला होम्योपैथी कॉलेज स्थापित किया जाएगा। इसके अलावा बिलासपुर में स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट की स्थापना की जाएगी, जिससे कैंसर मरीजों को अत्याधुनिक उपचार सुविधा प्रदेश में ही उपलब्ध हो सकेगी।

मंत्री जायसवाल ने बताया कि रायपुर में मध्य भारत का अत्याधुनिक कार्डियक इंस्टीट्यूट स्थापित करने की योजना है। यह संस्थान प्रदेश के नागरिकों को उच्च स्तरीय हृदय उपचार की सुविधा प्रदान करेगा।

## 5 घंटे में 105 लोगों ने किया रक्तदान

**रायपुर, 13 मार्च।** मिशन ए अहलेबैत चरोदा धरसीवां की जानिब से एवं छत्तीसगढ़ ब्लड डोनर फाउंडेशन के संयुक्त में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन रमज़ान शहादत दिवस हजरत इमाम अली के मौके पर किया गया। इस शिविर में 5 घंटे में 105 लोगों ने (महिला/पुरुष सहित) रक्तदान किया द्य इस शिविर में रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार प्रदान किया गया, रक्तदान शिविर में एकत्रित रक्त को जयदीप ब्लड बैंक मोवा ने संग्रहित किया, जो कि थैलासीमिया बच्चों सहित अन्य जरूरतमंदों को समय-समय पर रक्त उपलब्ध कराता रहता है द्य इस शिविर में सभी समाजों के लोगों ने अपना योगदान दिया। अनवर अली ने अपना AB- रक्त समूह का 75 वां रक्तदान पूरा किया और सभी ग्रुप मेंबर्स ने अपना रक्तदान किया।मिशन के ग्रुप सदस्यों ने सामूहिक तौर पे इस बात को कहा कि ये कार्यक्रम सभी रक्तदाताओं के सहयोग से संपन्न हुआ और आगे भी इसी तरह मानवता का संदेश दिया जाता रहेगा। शिविर में मुख्यतौर पर अतिथि स्वरूप चरोदा मंदिर के अध्यक्ष, पुजारी, मस्जिद के इमाम, ग्राम चरोदा धरसीवां के वरिष्ठ नागरिक मौजूद रहे सभी लोगों ने सद्भावना का संदेश दिया और आने वाले समय में भी मानवता का संदेश देते रहने की बात कही।

## PICTURE-स्टोरी



रायपुर, 13 मार्च। जोन 5 लाखे नगर में पानी की समस्या को लेकर नागरिकों ने खाली मटकों के साथ धरना दिया व प्रदर्शन किया।

## 40 वर्ष के बाद नियमित नेत्र जांच बेहद जरूरी : मेहरा

**रायपुर, 13 मार्च।** विश्व स्तर पर मनाए जाने वाले वर्ल्ड ग्लूकोमा वीक 2026 के अवसर पर विशेषज्ञों ने लोगों को ग्लूकोमा के प्रति जागरूक रहने और समय-समय पर आंखों की जांच कराने की अपील की है। ग्लूकोमा, जिसे आम भाषा में काला मोतिया भी कहा जाता है, आंखों की एक गंभीर लेकिन अक्सर बिना लक्षणों वाली बीमारी है। यह धीरे-धीरे आंख की ऑप्टिक नर्व को नुकसान पहुंचाती है और समय पर उपचार न मिलने पर स्थायी अंधेपन का कारण बन सकती है। भारत में ग्लूकोमा के लगभग 90 प्रतिशत मामले अभी भी बिना पहचान के रह जाते हैं, जबकि देशभर में करीब 1.2 करोड़ लोग इससे प्रभावित हैं। इसलिए समय पर जांच और जागरूकता ही इससे बचाव का सबसे प्रभावी तरीका है। अप्रैल 2024 से मार्च 2025 के बीच छग में 263 नेत्रदान दर्ज किए गए, जबकि अगले तीन महीनों में 88 और नेत्रदान हुए। यह आंकड़े राज्य में आंखों के स्वास्थ्य और नेत्रदान के प्रति बढ़ती जागरूकता को दर्शाते हैं।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पदाधिकारियों के साथ सामंजस्य बनाने के निर्देश




**रायपुर, 13 मार्च।** संगठन सृजन अभियान के तहत रायपुर जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन की अध्यक्षता में एवं दुर्ग जिले के पूर्व विधायक अरुण वोरा के आतिथ्य में रायपुर के पूर्व महापौर प्रमोद दुबे युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा रायपुर जिला ग्रामीण के पूर्व अध्यक्ष पंकज शर्मा रायपुर नगर निगम के पूर्व महापौर एजाज ढेबर नगर निगम रायपुर के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी के गरिमामय उपस्थिति में जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर शहर के 12 ब्लाक अध्यक्ष 42 मंडल अध्यक्ष 100 पार्षद छाया पार्षद पूर्व पार्षद एवं कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की दो दिवसीय रणनीतिक बैठक सम्पन्न हुई, जिसें संबोधित करते हुए रायपुर जिला कांग्रेस कमेटी शहर के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के जन विरोधी निर्णय और प्रदेश के अधिकारी कर्मचारी के तानाशाही कार्यो के बीच पीसते आम आदमी की सुरक्षा और उसके अधिकारों को सुरक्षित करने की आवश्यकता को देखते हुए एवं कांग्रेस पार्टी संगठन सृजन अभियान का लक्ष्य को पुरा करने के लिए जमीनी स्तर पर सक्रिय एवं पाटी के प्रति समर्पित युवाओं के नेतृत्व में समाज के सभी वर्गों को समायोजित करके बुथ कमेटी, पन्ना प्रभारी बी एल ओ एवं वार्ड कमेटी का गठन कांग्रेस के मंडल अध्यक्ष ब्लाक अध्यक्ष जिला कांग्रेस से नियुक्त पर्यवेक्षक की उपस्थिति में अपने अपने क्षेत्र के कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों से परामर्श करके एक ऐसी कमेटी का गठन करें जो आम आदमी के विश्वास पर खरा उतरने के साथ ही आधी रात को उनके अधिकारों के लिए लड़ने को तैयार रहें।

## औषधि पादप बोर्ड की योजनाओं का लाभ दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंचाया जाए

**रायपुर, 13 मार्च।** छत्तीसगढ़ आदिवासी, स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड की समीक्षा बैठक का आयोजन बोर्ड कार्यालय के सभागार में किया गया। बैठक की अध्यक्षता बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम ने की। बैठक में बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम ने कहा कि वन मंत्री केदार कश्यप के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ आदिवासी, स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड लगातार बेहतर कार्य कर रहा है। उन्होंने बैठक में निर्देश दिए कि बोर्ड और शासन की योजनाओं का लाभ दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंचाया जाए। विशेष रूप से बस्तर और सरगुजा संभाग में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एक ठोस रोडमैप तैयार किया जाए। उन्होंने स्थानीय वैद्यों के स्थायी पंजीकरण के लिए भी आवश्यक प्रयास करने को कहा। बोर्ड के नवनियुक्त उपाध्यक्ष अंजय शुक्ला ने बैठक में कहा कि औषधीय पौधों का क्षेत्र अपार संभावनाओं से भरा है। उन्होंने कहा कि हमारा सपना है कि बस्तर औषधीय पौधों के माध्यम से दुनिया के समृद्ध क्षेत्रों में शामिल हो।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया

**रायपुर, 13 मार्च।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) महिला विंग के प्रदेश अध्यक्ष मधु अरोरा, महिला प्रदेश महामंत्री पिंकी अग्रवाल एवं महिला प्रदेश कोषाध्यक्ष प्रेरणा भट्ट प्रदेश उपाध्यक्ष पल्लवी मनोदेव गौडा ने बताया कि आज कैट महिला विंग द्वारा कैट प्रदेश कार्यालय मे अर्न्तराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कैट महिला विंग द्वारा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया।

कैट महिला विंग द्वारा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। कैट महिला विंग द्वारा अनुराधा साहू, काजल सचदेव, अनुसूया कमालिया, भारती किरण शर्मा, सुषमा तिवारी और



शीतल व्यास को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। श्रीमती अरोरा ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ आरिन अरोरा ने प्यानो बजाकर कर किया। महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कैट महिला विंग ने कुछ महिला सदस्यों को अपने उत्पाद प्रदर्शित करने और बिक्री के लिए स्टॉल लगाने का मंच भी प्रदान किया गया। इस पहल में अनमोल पारवानी, नलिनी खंडेलवाल, सृष्टि यदु और विनीता शुक्ला ने अपने उत्पादों के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया था।

## रायपुर में मांस-मटन की बिक्री पर प्रतिबंध, खुला पाया गया तो होगा सामान जब्त

**रायपुर, 13 मार्च।** नगर पालिक निगम रायपुर क्षेत्र में आगामी धार्मिक पर्वों के मद्देनजर मांस-मटन की बिक्री पर अस्थायी प्रतिबंध लगाया गया है। महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर निगम प्रशासन ने 20 मार्च को चेट्रीचंड, 27 मार्च को श्रीरामनवमी और 31 मार्च 2026 को महावीर जयंती के दिन मांस-मटन के विक्रय पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है। यह आदेश छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देशों के परिपालन में जारी किया गया है। नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ती परगनिहा ने आदेश जारी करते हुए कहा है कि इन तीनों तिथियों पर नगर निगम क्षेत्र में स्थित सभी पशुवध गृह और मांस-मटन की दुकानों को बंद रखा जाएगा।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26